CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :28°C न्यूनतम: 11°C
सेंसेक्स: 75,301.26 निफ्टी: 22,84.30
सोना: 90,870 चांदी: 1,04,000

मुरादाबाद, बुधवार 19 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## 18वां रोज़ा



कुरआने-पाक में जाहिर कर दिया गया है-जो लोग ईमान लाए, नेक अमल किए व अपने परवरदिगार के आगे आजिजी की, यही साहिबे- जन्नत हैं। हमेशा इसमें रहेंगे। मजकूर आयत की रोशनी में अठारहवां रोज़ा बेहतरीन तरीके से समझा जा सकता है। 'नेक अमल' से मुराद है ऐसे काम जो पाकीज़गी, परहेजगारी, इंसानियत और शरई उसूल के मुताबिक सब्र और सदाकत की मिसाल हों। नेक अमल। परवरदिगार से मुराद अल्लाह से है।




## भड़काऊ भाषण केस में मंत्री कपिल मिश्रा की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा मिश्रा को दोषी करार दिए जाने के आदेश पर स्टे लगाने से इन्कार करते हुए मामले को 19 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। हाल ही में राउज एवेन्यू कोर्ट ने वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो समुदायों के बीच विद्वेष बढ़ाने के आरोप में कपिल मिश्रा को दोषी करार दिया था। इस आदेश के खिलाफ कपिल मिश्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा की अदालत कर रही है।

## श्रीलंका नौसेना ने तीन भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**रामेश्वरम।** श्रीलंका की नौसेना ने मंगलवार को तीन भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनके मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने यहां बताया कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने एक विशेष अभियान के दौरान गिरफ्तार किया, जब वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के करीब समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंका की नौसेना ने दावा किया कि वह द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाली विदेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मछली पकड़ने की प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त और अभियान चलाती रहती है।

## हंगामे के कारण लोस की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयागराज महाकुंभ पर दिए वक्तव्य पर विपक्ष को बोलने का मौका नहीं देना नियमों का उल्लंघन बताते हुए मंगलवार को हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

# सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद सबसे लंबा अवैध कब्जा कश्मीर पर: जयशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ रायसीना डायलाग के दूसरे दिन बोले विदेश मंत्री, पश्चिमी देशों के दोहरे रवैये पर भी उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2025 के दूसरे दिन विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने वैश्विक व्यवस्था में निष्पक्षता की जरूरत पर जोर दिया और पश्चिमी देशों के दोहरे मानकों पर सवाल उठाए।

थ्रोन्स एंड थॉर्न्स: डिफेंडिंग द इंटेग्रिटी ऑफ नेशंस सत्र में बोलते हुए, जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को वैश्विक नियमों की नींव बताया। उन्होंने कश्मीर मुद्दे का जिक्र करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अब तक का सबसे लंबा अवैध कब्जा करार दिया। जयशंकर ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र गए। एक आक्रमण को विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रख दिया गया। इसके लिए जिम्मेदार पक्ष कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका? इसलिए मेरे इस पूरे विषय पर कुछ सवाल हैं। जयशंकर ने कहा कि यह दिखाता है कि कैसे पश्चिमी ताकतों ने कश्मीर की वास्तविकता को तोड़-मरोड़कर पेश किया। उन्होंने राजनीतिक हस्तक्षेप पर पश्चिमी देशों के नजरिये पर भी सवाल उठाए। जयशंकर के अलावा पैनल में लिचेंस्टीन की विदेश मंत्री डोमिनिक हसलर, स्लोवाक रिपब्लिक के विदेश मंत्री जुराज ब्लानर, स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट भी शामिल हुए। इस बार के रायसीना डायलॉग की थीम: कालचक्र-पीपुल, प्लेस एंड प्लेनेट है। इसमें करीब 125 देशों के 3500 से ज्यादा लोग शामिल होंगे। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन में शामिल हुए। इस दौरान न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने बतौर चीफ गेस्ट समिट को संबोधित किया। 3 दिन का यह सम्मेलन 19 मार्च तक चलेगा।

# नागपुर में हिंसा के बाद 11 इलाकों में कर्फ्यू, 50 गिरफ्तार

नागपुर, वार्ता



**नागपुर में औरंगजेब** का पुतला जलाने पर हुई हिंसा के बाद मंगलवार को 11 इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सोमवार शाम हुई हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, इनमें 3 डीसीपी हैं। 5 आम लोग भी घायल हैं, इनमें से एक आईसीयू में भर्ती है।

दंगाइयों ने 12 बाइक, कई कारें, 1 जेसीबी जला दी। पुलिस ने दंगे के आरोप में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कब्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हर आने-जाने वालों की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद

### 33 पुलिसकर्मी घायल, घायलों में तीन डीसीपी शामिल

संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और

### संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग की

आधार कार्ड की जांच की जा रही है। नागपुर में हिंसा के बाद संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र के पास बैरिकेडिंग कर दी गई -शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायल का गाजा पर कहर, 413 मरे

## दो महीने पुराना सीजफायर टूटा, गाजा को नरक बना देंगे: काट्ज

तेल अवीव, वार्ता



**इजरायल ने** मंगलवार सुबह गाजा में फिर से एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। करीब 12 घंटे से जारी इजरायली हमलों में अब तक 413 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि सैकड़ों घायल हैं। इस हमले के साथ ही 19 जनवरी को गाजा और इजरायल के बीच हुआ दो महीने पुराना सीजफायर टूट गया है। इजरायल का दावा है कि वह हमले की प्लानिंग कर रहे आतंकियों को निशाना बना रहा है।

### सैकड़ों नागरिक घायल, हमास की चेतावनी: अब 24 इजरायली बंधकों का जिंदा बचना मुश्किल

हमास का कहना है कि नेतन्याहू का फिर से युद्ध शुरू करने का फैसला इजरायली बंधकों के लिए मौत की सजा की तरह है। इस हमले के बाद हमास की कैद में मौजूद लगभग 2 दर्जन इजरायली बंधकों की रिहाई को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। दूसरी तरफ इजरायली फोर्सेज ने लोगों को पूर्वी गाजा खाली करने का आदेश दिया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने यह हमले इसलिए कराए, क्योंकि सीजफायर पर हो रही बातचीत आगे नहीं बढ़ रही थी। नेतन्याहू कई बार फिर से जंग शुरू करने की धमकी दे चुके हैं। वहीं, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने चेतावनी दी है कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया, तो गाजा में नरक के दरवाजे खोल देंगे। हमास ने इजरायली हवाई हमलों को सीजफायर का उल्लंघन बताया है। हमास ने धमकी दी है कि इस कदम से उसकी कैद में मौजूद इजरायली बंधकों की जान खतरे में आ गई है। हमास ने कहा कि इजरायल ने बिना किसी उकसावे के हमले किए हैं। इजरायल ने पिछले दो हफ्तों से -शेष पृष्ठ दो पर

### लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए

**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा के साथ ही लेबनान और सीरिया में भी हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 10 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट्स हैं। सीरिया में दारा इलाके में रिहायशी क्षेत्र में हवाई हमले किए गए। लेबनान में भी इजरायल ने दो हिजबुल्ला आतंकियों को मारने का दावा किया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि गाजा में किए गए हमलों को लेकर इजरायल ने ट्रंप प्रशासन और व्हाइट हाउस से सलाह ली थी। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है, हमास, हूती, ईरान को अमेरिका और इजरायल को आतंकित करने की कीमत चुकानी पड़ेगी। सबकुछ तहस-नहस कर दिया जाएगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो गाजा में और बुरी हालत होगी। उन्होंने कहा कि हम तब तक लड़ाई नहीं रोकेंगे, जब तक हमारे सभी बंधक घर नहीं पहुंच जाते। मिस्र और कतर के साथ मध्यस्थता प्रयासों का नेतृत्व कर रहे अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने पहले ही आगाह किया था कि हमास को जीवित बंधकों को तुरंत रिहा करना चाहिए या फिर भारी कीमत चुकानी होगी।

# बहुचर्चित दिहुली हत्याकांड में तीन को फांसी सुनाई



■ 44 साल बाद आया फैसला, 24 दलितों की हुई थी सामूहिक हत्या

**मैनपुरी।** उप्र में फिरोजाबाद के जसराना के गांव दिहुली में 18 नवम्बर 1981 को हुई 24 दलितों की सामूहिक हत्या के मामले में मंगलवार को कोर्ट ने तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई। इसके साथ ही दो दोषियों पर दो-दो लाख और एक दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। कोर्ट से आदेश होने के बाद पुलिस तीनों को जिला कारागार मैनपुरी ले गई।

वहां उन्हें दाखिल किया गया। एडीजे विशेष डकैती इंदिरा सिंह की अदालत में सुबह 11.30 बजे दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को मैनपुरी जिला कारागार से भारी सुरक्षा के बीच लाकर पेश किया गया। इनकी पेशी के बाद 12.30 बजे करीब फिर से इनको दीवानी की अदालत में भेज दिया गया। लंच बाद कोर्ट से फिर इनकी पुकार हुई। दोपहर 3 बजे तीनों दोषियों को फिर से पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में अभियोजन की ओर से रोहित शुक्ला ने तमाम दलीलें पेश करते हुए नरसंहार के साक्ष्यों और गवाही का हवाला देते हुए फांसी की मांग की। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाही के आधार पर उस भयावह नरसंहार के दोषी कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल को फांसी की सजा सुनाई। कप्तान सिंह, रामसेवक को दो-दो लाख और रामपाल को एक लाख रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया गया। सजा सुनते ही तीनों के चेहरों पर मायूसी छा गई। यह रोने लगे। कोर्ट के बाहर इनके परिजन भी मौजूद थे, वह भी रोने लगे। इसके बाद पुलिस ने इन्हें जेल ले जाकर दाखिल कर दिया। फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं।

# लोकपाल मसला: रंजीत कुमार न्यायमित्र नियुक्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल की ओर से मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच करने के अधिकार क्षेत्र से संबंधित विवाद मामले में मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार को न्यायमित्र नियुक्त किया।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने स्पष्ट किया कि वह लोकपाल के 27 जनवरी, 2025 के आदेश की वैधता से संबंधित मामले में अधिकार क्षेत्र के मुद्दे की जांच करेगी, न कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की योग्यता की। लोकपाल के उस आदेश में कहा गया था कि भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था मौजूदा उच्च



न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ शिकायत की जांच कर सकती है। शीर्ष अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और कहा कि उन्होंने लिखित दलीलें दाखिल की हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकपाल ने अपना हलफनामा दाखिल किया है, जिसमें आदेश में उनके द्वारा अपनाए गए रुख को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि लोकपाल के पास ऐसी शिकायतों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।

# सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवार से अलग यूपीएससी परीक्षा नहीं ले सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है। पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की।

# ताशकंद के व्यापारियों को उत्तराखंड में निवेश का आमंत्रण

एम. फहीम 'तन्हा'

■ मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने भारतीय दूतावास ताशकंद में कार्यक्रम को किया संबोधित



**देहरादून।** उत्तराखंड में विदेशी निवेश को लेकर लगातार कोशिशें जारी हैं। उन प्रवासी उत्तराखंडियों पर विशेष फोकस है जो विदेशों में कारोबार कर रहे हैं।

उत्तराखंड के परिपेक्ष में भारतीय दूतावास ताशकंद में आयोजित व्यापार निवेश तथा पर्यटन संवर्द्धन से संबंधित कार्यक्रम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने ताशकंद में भारतीय दूतावास द्वारा उत्तराखंड में व्यापार, निवेश और पर्यटन के अवसरों को उजागर करने के लिए उत्तराखंड दिवस के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि पहली बार उत्तराखंड की उज्बेकिस्तान में इस प्रकार का अभिनव मंच मिल रहा है। एक ऐसा देश जिसके साथ भारत 2011 से आपसी संबंध साझा करता आ रहा है। प्रवासी उत्तराखंड वासियों से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड के प्रवासी बंधुओं की सुविधा के लिए राज्य में प्रभावी व्यवस्था बनाई गई है। उत्तराखंड में हाल ही में देश व विदेश में रह रहे उत्तराखंड वासियों का सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रवासी बंधुओं के द्वारा प्रतिभाग कर राज्य के विकास में सहयोगी बनने का आश्वासन दिया गया। कहा कि देवभूमि उत्तराखंड, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत, आध्यात्मिक स्थलों, वेलनेस टूरिज्म, आयुर्वेद और एडवेंचर टूरिज्म के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। भारत के प्रमुख शहरों के साथ अच्छी हवाई कनेक्टिविटी, विश्व स्तरीय सड़कों का नेटवर्क, अच्छी कानून व्यवस्था और स्थिर राजनीतिक नेतृत्व, -शेष पृष्ठ दो पर

# देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थिति पहले से हुई है खराब: विपक्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: कुछ मानकों में भारत बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों ने देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की बदहाल स्थिति की तस्वीर पेश करते हुए कहा कि कुछ मानकों में देश बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे है, जबकि सत्ता पक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्वास्थ्य क्षेत्र में कई गुना सुधार हुआ है।

विपक्षी सदस्यों ने यह भी दावा किया कि कई राज्यों में स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर है। द्रविड मुनेत्र कषगम के तिरूचि शिवा ने मंगलवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि देश में स्वास्थ्य क्षेत्र की हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुल बजट में इसके लिए मात्र 1.4 प्रतिशत का आवंटन किया गया है जो जीडीपी का केवल 0.02 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में यह आंकड़ा कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट का आवंटन करते समय स्थायी समिति की सिफारिशों को नजरंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका और थाइलैंड जैसे देश भी स्वास्थ्य पर भारत से अधिक खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस स्थिति की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। श्री शिवा ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने राज्य के कुल बजट का 4.9 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में सबसे अधिक 79 मेडिकल कॉलेज हैं और राज्य में डाक्टर तथा रोगी का अनुपात देश भर में सबसे बेहतर है। उन्होंने कहा कि सरकार गैर संचारी रोगों पर काबू पाने में पूरी तरह विफल रही है। मानसिक रोगियों और मानसिक स्वास्थ्य को भी देश में नजरंदाज किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट परीक्षा को राज्यों पर थोपने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह परीक्षा राज्यों से विचार-विमर्श के आधार पर तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दक्षिण के राज्य केन्द्र की तुलना में कहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ढांचा उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में 50 प्रतिशत अस्पताल सरकारी हैं और 48 प्रतिशत निजी अस्पताल हैं, जबकि अन्य राज्यों में सरकारी अस्पतालों की संख्या कम है। उन्होंने स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया और इसे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मदुरै एम्स अभी भी कागजों में ही अटका हुआ है और इसका काम जल्द शुरू किया जाना चाहिए। द्रमुक सदस्य ने कहा कि तमिलनाडु को परिवार नियोजन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए परिसीमन के नाम पर दंडित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया आबादी के आधार पर नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर के राज्यों में भी परिवार नियोजन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के भागवत कराड़ ने इसका प्रतिवाद करते हुए मोदी सरकार के कार्यकाल में अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेज, मेडिकल सीटों, टीकाकरण और स्वास्थ्य ढांचे में कई गुना सुधार होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट निरंतर बढ़ा रही है और इस बार भी इसे 1.9 प्रतिशत से बढ़कर 1.97 प्रतिशत किया गया है।

# फायरिंग मामले में कुंवर प्रणव चैंपियन को मिली जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 26 जनवरी को निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर चली थी गोलियां

**देहरादून।** खानपुर सीट से निर्दलीय विधायक के कार्यालय पर गोली कांड में आरोपी और 27 जनवरी को गिरफ्तार हुए पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को डिस्ट्रिक्ट कोर्ट हरिद्वार से मंगलवार को जमानत मिल गई है।

डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को राहत देते हुए उनके वकील द्वारा लगाई गई जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद जमानत दे दी है। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता ने बहस की थी। जबकि विधायक उमेश कुमार के अधिवक्ता उत्तम सिंह चौहान ने दलील दी कि चैंपियन को जमानत नहीं मिलनी चाहिए। कुंवर प्रणव चैंपियन की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल चतुर्वेदी ने जमानत के लिए दलील पेश की। 15 फरवरी को जेल में तबीयत बिगड़ने पर चैंपियन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गौरतलब है कि खानपुर विधायक उमेश कुमार व चैंपियन के बीच सोशल मीडिया में जंग हो गई थी। उमेश कुमार के लंढौरा के रंगमहल के बाहर गाली गलौज करने के बाद चैंपियन व समर्थकों ने 26 जनवरी को विधायक के कार्यालय पर गोली चला दी थी। इधर, जमानत मिलने के बाद चैंपियन ने समर्थकों का आभार जताया।

# स्योहारा में पुलिस की एकतरफा कार्रवाई

## कार चालक के साथ मारपीट व तोड़फोड़ के आरोपियों को राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** दुल्हैंडी के दिन बीच सड़क पर हुडदंग मचाते हुए रंग खेल रहे युवक को गाड़ी से टक्कर लगने के बाद भीड़ द्वारा चालक के साथ खींच कर बेरहमी से मारपीट एवं तोड़फोड़ के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उल्टा एक तरफा कार्यवाही करते हुए कार चालक के विरूद्ध ही रिपोर्ट दर्ज की गई है। जबकि इस घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था और उपद्रवियों ने माहौल खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पुलिस ने कार चालक को अपना इलाज कराने के लिए घर भेज दिया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी पंकज पुत्र धर्मवीर सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने 14 मार्च की दोपहर अपने घर जाने के लिए उसके पिता रोड पार कर रहे थे। तभी धामपुर की ओर से आ रही सेंट्रो कार के चालक इजाज पुत्र हिमायत उल्ला खाँ निवासी ग्राम झुरक झुन्डी, पोस्ट टांडा, थाना टांडा, जिला रामपुर ने गाड़ी को तेज और लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी, जिससे उनके शरीर में काफी चोटें आई हैं। जिससे आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और वह हाथापाई करने पर उतारू हो गया। पुलिस ने उसकी तहरीर पर कार चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

वही सेंट्रो कार चालक इजाज पुत्र हिमायत उल्ला खां के साथ हुई यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। कैमरे में देखा जा रहा है कि एक सेंट्रो कार आकर हाजी इलियास के पेट्रोल पंप के सामने रुकी। जिसके पीछे रंग खेल रहे लोग भागते आ रहे थे। कार चालक को रंग खेल रहे 15-20 लोगों ने मारा और उसकी गाड़ी के भी शीशे तोड़ दिए। बाद में रंग खेल रहे युवक चालक को खींचते हुए अपने साथ ले गए। इसकी सूचना कुछ लोगों द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई थी। कुछ देर में ही मौके पर पुलिस आ गई। पुलिस ने कार चालक इजाज को उन लोगों से छुड़ाया और थाने ले गई। कार चालक इजाज के भी काफी चोटें आई हुई थी। कार चालक को पुलिस ने यह कह दिया कि तुम घर जाकर इलाज कराओ और इसकी छानबीन की जाएगी कि कहीं कोई एक्सीडेंट तो नहीं हुआ है। घायल कार चालक अपना इलाज कराने के लिए घर चला गया, लेकिन अगले दिन ही पुलिस ने चालक के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इसके बाद सोशल मीडिया पर तमाम तरह-तरह की बातें सामने आने लगी। जिसमें चाऊमीन तक का बहिष्कार करने की बात सामने आने लगी। इसके बाद कुछ संगठन के लोग थाना परिसर में आकर सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कहने लगे। जिस पर पुलिस ने कहा कि इसकी छानबीन की जाएगी। नगर में यह मुद्दा चर्चा का विषय बना हुआ है कि अगर उस चालक से एक्सीडेंट हुआ था, तो उसकी कार को तोड़ना और उसके साथ मारपीट करना भी तो अपराध है। जबकि वह घायल अवस्था में थाने गया था। लेकिन उसकी ओर से कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि कार चालक का रामपुर के एक अस्पताल में उसी दिन से उपचार कराया जा रहा है। अब इस विवाद को साम्प्रदायिक नजर से देखा जा रहा है। सभ्रांत व शांतिप्रिय नागरिक इससे चिंतित हैं।

# एनपीएस व यूपीएस में सरकार कर रही है गुमराह: चंद्रहास सिंह




### एक अप्रैल को काली पट्टी बांध कर करेंगे कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश एवं एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में सभी विद्यालयों एवं सरकारी कार्यालयों में 15 मार्च से 31 मार्च तक पुरानी पेंशन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इसी के क्रम में आज राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा 1 अप्रैल से केंद्रीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर शेयर बाजार पर आधारित पेंशन स्कीम लागू हो जाएगी जो एनपीएस के जैसी घातक सिद्ध होगी। सरकार यदि एनपीएस के स्थान पर यूपीएस का विकल्प दे सकते हैं तो ओपीएस के विकल्प लेने से सरकार को परहेज नहीं होना चाहिए था। यह केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गुमराह करने की पेंशन स्कीम में। 1 अप्रैल को कार्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे, उसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के संबोधन में मांग पत्र दिया जाएगा और 1 मई को दिल्ली जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि एनपीएस एवं यूपीएस में केवल शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गुमराह करने का रास्ता है, पुरानी पेंशन व्यवस्था है। पुरानी पेंशन के लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत हमारा संगठन के हर संघर्ष में साथ है।

इस अवसर पर सत्यप्रकाश गंगवार, तेजपाल सिंह, डॉ. सुनील, रामकुमार, मोहम्मद नवेद, आशकर आलम, छवि गर्ग, अलका रानी, पुष्पेन्द्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### पेड़ चोरी से काटने का आरोप

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला निवासी मौ. रफी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कि वह पेशे से किसान है और इसी से अपने परिवार की आजीविका चलाता है। ग्राम आसफाबाद चमन निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्मिया पुत्र नामालूम ने उसकी आराजी कास्त मौजा आसफाबाद चमन खसरा नं. 459क है। जो उसकी पत्नी नसीमा खातून के नाम दर्ज है। उसने उक्त आराजी को ग्राम भटपुरा के रमेश सिंह को बटाई पर फसल बोने के लिए दे रखी है। उसका कहना है कि खेत उसके गाँव से काफी दूर है। इसका फायदा उठाकर परमजीत सिंह उर्फ पम्मिया ने उसके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के 9 पेड़ व एक पेड़ शीशम का चोरी से कटवा दिये। जब वह अपने खेत पर गया तो पेड़ कटे हुए थे। बटाईदार रमेश सिंह ने बताया कि ग्राम आसफाबाद चमन के सरदार परमजीत ने ये पेड़ कटवाये है। उसने आरा. पी से पेड़ चोरी से कटवाने की बाबत पूछा तो इस बात उक्त आरोपी आग बबूला हो गया था तथा उसे गोली मारने की धमकी देने लगा। उसने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर पुलिस का कहना है कि अभी तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति के तत्वावधान एवं बाबा श्री नीब करौरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन उच्चारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विभिन्न भजनों एवं पारंपरिक जयकारों से कार्यक्रम स्थल को बजरंग मय बना दिया। मंदिर कालिया वाला के सामने न्यू हिंदू कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण से किया गया।

### विदुर उत्पादों के ब्रांडों के स्टाल लगाए



**कासमपुर गढ़ी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये गये विदुर उत्पादों के ब्रांडों के प्रचार प्रसार एवं विपणन हेतु तहसील कार्यालय धामपुर में स्टाल लगाए गये। लोगों एवं अधिवक्ताओं ने लगे स्टालों से उत्पादों की खरीदारी की। उपजिलाधिकारी रितू रानी ने स्टालों का निरीक्षण किया तथा समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के ब्रांडों को देखा तथा स्वयं सहायता समूहों की प्रशंसा की। इस अवसर पर तहसीलदार पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु तहसील दिवस पर तहसील धामपुर मे स्टाल लगाए गये। रेशु रानी ने दोने पत्तल, गिलास, पवन कुमारी ने सैनेट्री पेड, रुक्मणी ने जननी एसएचजी, ममता देवी-गुड़ शक्कर, गीता दिवाकर ने सिरका आवला जूस, पूजा ने हवन कप, सोस, विनेगर, सविता ने सोया सोस के स्टाल लगाए थे। इस अवसर पर मंजू देवी, आस्था, रिहान अली, अंकित चौहान, रश्मि, विमला देवी, इकवाल अहमद, मुकुल वशिष्ठ, अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत



**नगीना।** भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी अपने काफिले के साथ वाल्मीकि बस्ती स्थित भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि के नवनिर्मित आवास पर पहुंचे, जहां अनूप वाल्मीकि ने पटका और फूलमाला पहनकर स्वागत किया। उनके बाद वाल्मीकि समाज की ओर से पूर्व प्रधान महेश उर्फ दारा, समाज के कोषाध्यक्ष मनोज वाल्मीकि, वार्ड सभासद कपिल पवार, संदीप वाल्मीकि आदि ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी को पगड़ी बांध कर और फूल मालाएं पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर शशिकांत बालयान, डॉ. जितेंद्र, मेघराज सिंह, डॉ. भूपेश, यशपाल सैनी, प्रहलाद कुशवाहा, सोहन सैनी, आदि राठौर, नीरज विश्नोई, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, दिनेश त्यागी, कृपाल चौधरी, दयानंद सैनी, प्रभान सिंह, सुभाष शर्मा, विजेंद्र चौधरी, शुभम गुप्ता, अनूप वाल्मीकि, मनोज टंडन, रोहित वाल्मीकि, कपिल पवार, मनोज वाल्मीकि, अंकित चौधरी, मोनू चौधरी, महिपाल सिंह, अवनीश कुमार, सुरेश भगत, प्रमोद सूर्या सैनी, तिलक राज सैनी, रंजीत चौधरी, अली हैदर, बृजेश कुमार आदि ने भी फूल मालाओं से स्वागत किया।

# ट्राली से गिरकर छात्रा की मौत



### परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव हरगनपुर नवादा में गन्ने की ट्रॉली पर बैठी एक 12वीं की छात्रा झटका लगने के दौरान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव हरगनपुर नवादा निवासी राकेश कुमार ट्रॉली में गन्ना भरकर ट्रैक्टर ट्रॉली घर ला रहे थे। बताया जाता है कि उनकी 16 वर्षीय भतीजी नीलम पुत्री दयाचंद गन्ने की ट्रॉली पर बैठी हुई थी। मंगलवार को करीब 1:00 बजे गांव के पास ही झटका लगने के दौरान चलते ट्रैक्टर ट्राली से नीलम सड़क पर गिर गई। उसके सिर में गंभीर चोट आई। जिसे परिजन सीएचसी लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नीलम 12वीं की छात्रा थी। नीलम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव को गांव ले गए। दयाचंद के नीलम के अलावा दो पुत्र और एक पुत्री है। नीलम गांव समसपुर के एक इंटर कॉलेज में 12वीं में पढ़ती थी। कोतवाल धीरज सिंह का कहना है कि मामले की कोई जानकारी नहीं है।

# गुरुद्वारा सिंह सभा ने कराई रोजा इफ्तार पार्टी

## एक-दूसरे के त्योहारों का सम्मान करें : डा. एचएस कालरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से पंजाबी धर्मशाला में रोजा इफ्तार की पार्टी का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को पंजाबी धर्मशाला में गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा के सभी लोगों के द्वारा समाज में आपसी भाईचारा व प्रेम को बढ़ावा दिया जाता है। इसी परंपरा को हर वर्ष वह रमजान के पवित्र महीने का सम्मान करते हुए एवं रोजेदारों को अपने यहां रोजा इफ्तार करते आ रहे हैं। इस रोजा इफ्तार से आपसी भाईचारे को बल मिलता है, जिसमें बड़ी तादाद में हिंदू मुस्लिम सिख सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और इस प्रेम की नगरी को गंगा जमुना तहजीब की पहचान दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वही नगर के वरिष्ठ चिकित्सक गुरुद्वारा सिंह सभा के संरक्षक डा. एच.एस. कालरा ने गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी की ओर से आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पवित्र महीना चल रहा है। मुस्लिम समाज इसमें रोजे रखता है और हम सबको इस तरह से एक दूसरे के त्यौहारों का सम्मान करते हुए उनको सम्मान देना चाहिए। इसी परंपरा को निभाते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से इस रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी डा. मनोज कुमार वर्मा, पूर्व सीओ इकबालुजम्मा, गौहर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी फहीमुर्रहमान, हेल्प लाइन सोसाइटी अध्यक्ष सुहैल जफर, मा.खुर्शीद अहमद, डा. रिसालत उल्ला, आरिफ जैदी, असजद चौधरी, तनवीर अहमद, उमेर जावेद, रजत, शैकी रस्तौगी, आयन, जावेद, तनवीर चौधरी, दानिश चौधरी, राजपाल प्रजापति, स.अवतार सिंह, गुरुनानक ग्रुप ऑफ कॉलेजेस ग्रुप चेयरमैन स.गुरुदीप सिंह, एमडी स. जगप्रीत सिंह, गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रबंधक गुरविंदर सिंह, डा.एचएस कालरा, सुरेंद्र सिंह, अरविंदर सिंह, गुरमेंद्र सिंह, काका सिंह, रविंद्र सिंह, प्रीतपाल सिंह रॉक्सी, बलवीर सिंह, कमलजीत सिंह, सरदार गोल्डी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गरीब की बेटी की शादी में दी वाशिंग मशीन

### श्रीजी सेवा संस्थान की हो रही प्रशंसा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सामाजिक संस्था श्रीजी सेवा संस्थान बाबरपुर द्वारा जरूरतमंद परिवार की पुत्री की शादी मे एक वाशिंग मशीन दान स्वरूप भेंट की गई।

चांदपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बाबरपुर निवासी छत्रपाल सिंह (एससी) की पुत्री की शादी होनी है जो कि गरीब परिवार से है। ग्राम बाबरपुर क्षेत्र की समाज सेवी संस्था श्रीजी सेवा संस्थान संगठन द्वारा छत्रपाल सिंह की पुत्री की शादी हेतु श्रीजी सेवा संस्थान संगठन द्वारा एक वॉशिंग मशीन भेंट की गई है, जिस कार्य की सभी ग्राम वासियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्रीजी सेवा संस्थान संगठन के पदाधिकारी ओमपाल सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह, अरविंद कुमार फौजी, धर्म सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। संस्था द्वारा आगे भी इसी तरह गरीब परिवारों की मदद करते रहने की बात कही हैं।

# लोहे के खटके में फंसा गुलदार

### वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पिंजरे में किया कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवालाकलां।** इन दिनों गुलदार की चहलकदमी लगातार बढ़ रही है। शिकारियों की ओर से लगाए गए लोहे के खटके में गुलदार फंस गया था। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को रेस्क्यू कर लोहे के खटके से बचाया। इसके बाद उसे पशु चिकित्सा केंद्र चांदपुर ले गए, जहां उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

मंगलवार सुबह करीब आठ बजे शिवाला कलां थाना क्षेत्र में रतनगढ-खैरपुर नहर किनारे किसानों को गुलदार बैठा दिखाई दिया। किसानों ने गुलदार को देखकर वहां से दौड़ लगा दी। इसके गुलदार को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। गुलदार की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

गुलदार के पैर में लोहे का फटका फंसे होने की सूचना पर पहुंची वन विभाव की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान चांदपुर बन रेंजर दुष्यंत कुमार अपनी टीम के साथ पहुंच गए। टीम ने बड़े से जाल को लेकर गुलदार के पीछे भागे और काफी मशक्कत के बाद गुलदार को पकड़ लिया। इसके बाद उसके पैर से लोहे के खटके निकाले। वहीं इस मामले में वन विभाग चांदपुर बन रेंजर दुष्यंत कुमार का कहना है कि गुलदार के खटके में फंसे होने की सूचना मिली थी।

टीम मौके पर पहुंची गुलदार को रेस्क्यू कर रिसीव कर लिया है। गुलदार घायल अवस्था में सुरक्षित है। रेस्क्यू गुलदार का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर द्वारा नामित पशु चिकित्सा अधिकारी से इलाज कराया जा रहा है। तदनुसार नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी द्वारा निर्धारित मानक संचालन भीम के अनुसार गुलदार को रिलीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...**

गाजा में भोजन, दवाइयों, ईंधन और अन्य सप्लाई को रोक दिया है और मांग की है कि हमास सीजफायर समझौते में बदलाव स्वीकार करे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण: 19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण: इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे। सीजफायर का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया है। पहले चरण में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजरायल ने दो हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इजरायल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे चरण पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है। इस फेज में लगभग 60 बंधकों को रिहा किया जाना था। साथ ही जंग को पूरी तरह से खत्म करने पर बात होनी थी। हमास के पास अभी 24 जिंदा बंधक और 35 के शव हैं। इजरायल और फलस्तीन के बीच सीजफायर डील तीन चरण में पूरी होनी थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदला पर समझौता हुआ था। पहला चरण पूरा हो चुका है। दूसरे चरण पर बात नहीं बन पाई। पहला चरण-19 जनवरी से एक मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहा। हमास ने 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजरायली महिला सैनिक के बदले 50 फलस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी। दूसरा चरण: कहा गया था कि पहले फेज के 16वें दिन, यानी 3 फरवरी तक सब कुछ ठीक रहा, तो दूसरे चरण की योजना पर बातचीत शुरू होगी। इस दौरान हमला नहीं किया जाएगा। जिंदा बचे हुए बाकी बंधकों को रिहा किया जाएगा। हालांकि बातचीत अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। इजरायल एक हजार फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, इनमें लगभग 190 कैदी 15 साल से ज्यादा समय से सजा काट रहे हैं। तीसरा चरण- इस डील के आखिरी चरण में गाजा को दोबारा बसाया जाएगा। इसमें 3 से 5 साल का समय लगेगा। हमास के कब्जे में मारे गए बंधकों के शव भी इजरायल को सौंपे जाएंगे।

**नागपुर में...** है। औरंगजेब की कब्र देखने आने वाले पर्यटकों के नाम, मोबाइल नंबर और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। जिस जगह बवाल हुआ, वहां वाहनों की पार्किंग थी। बाइक-कार मिलाकर 50 से ज्यादा वाहनों में आग लगाई गई। औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र जलाने से बवाल हुआ सोमवार को नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान गोबर के कंडों से भरा एक हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। वीएचपी के मुताबिक, ये औरंगजेब की प्रतीकात्मक कब्र थी। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर शाम 7:30 बजे नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क गई। पथराव और तोड़फोड़ शुरू हो गई। उपद्रवियों ने घरों पर पथराव किया और सड़क पर खड़े दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़-आगजनी की। सीएम ने घायल डीसीपी से वीडियो कॉल पर बात की मंगलवार को सीएम देवेंद्र फडनवीस ने विधानसभा में बताया कि नागपुर हिंसा को लेकर 5 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, 31 पुलिसकर्मी और 7 नागरिक घायल हुए हैं। फडनवीस ने कुल्हाड़ी के हमले से घायल डीसीपी निकेतन कदम से वीडियो कॉल पर बात भी की। हिंसा के बाद शहर के गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर में कर्फ्यू लगाया गया है। इसके अलावा मुंबई में भी पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**ताशकंद के...** उत्तराखंड को देश विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श राज्य बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्बेकिस्तान की हस्तशिल्प कलाएं और उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरें हस्तशिल्प, बांस कला और ऊन बुनाई जैसे पारंपरिक शिल्पकारों के बीच आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करती है। यह कार्यक्रम दोनों पक्षों के बीच व्यापार पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने उज्बेकिस्तान के सभी नागरिकों को उत्तराखंड आने और यहां की प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध संस्कृति को अनुभव करने के लिए भी आमंत्रित किया।

### मणिपुर में शांति बहाली को सरकार प्रतिबद्ध:सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और मणिपुर का मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है तथा इसमें सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए। सीतारमण ने सदन में विनियोग विधेयक 2025, विनियोग (संख्या दो) विधेयक 2025, मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 पर सोमवार को हुई चर्चा का मंगलवार को जवाब दिया और संघर्षग्रस्त मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को उचित ठहराते हुए कहा कि बजट का उद्देश्य जातीय संघर्षों से प्रभावित अर्थव्यवस्था की चिंताओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि मणिपुर एक संवेदनशील मुद्दा है और सभी दलों को राज्य में स्थाई शांति लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



18वां रोजा वक्त इफ्तार 19 मार्च शाम 6:31

19वां रोजा वक्त सहरी 20 मार्च सुबह 4:57

## रमजान माह की बधाई
**मूलचन्द चौहान**
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौहम्मद गाजी**
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र



## मुकद्दस रमजान की बधाई
**डॉ. मनोज वर्मा**
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**रागिब हुसैन शहजादा**
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**वहाब कुरैशी**
उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर



## रमजान माह की शुभकामनाएं
**रामअवतार सैनी**
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



समाजवादी पार्टी जिंदाबाद



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

**मनोज पारस**
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

**काजी सुहैल इकबाल**
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. खुर्शीद मंसूरी**
चेयरमैन
**अनूप कुमार रावत**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी अब्दुल कादिर**
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



## मुकद्दस रमजान की बधाई
**विवेक सेन**
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम



संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. आसिफ शान**
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. इमरान समी कुरैशी**
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**जावेद अली**
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र



## रमजान माह की शुभकामनाएं
**चौधरी रवि कुमार सिंह**
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



## रमजान माह की बधाई
**राजेन्द्र कुमार**
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी**
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं
फर्नीचर, कोतवाली देहात



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**हाजी मौ. इलियास**
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**एम.आर पाशा**
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अब्दुल मन्नान**
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**इमरान कुरैशी**
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर





## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौहम्मद जैद रशीद**
युवा समाजसेवी, नहटौर
**अनस इकरार**
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**नजीबुल हसन**
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अब्दुल गफ्फार**
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात



## रमजान माह की बधाई
**शेख जाकिर हुसैन**
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**राशिद हुसैन**
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**मौ. साईम राजा**
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**शमीम अख्तर**
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक
वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात



## रमजान की हार्दिक बधाई
**अरूण कुमार वर्मा**
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**जावेद रहमान शम्सी**
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**अजमल उमर एड.**
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर



## मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
**शेख शाहनवाज खलील**
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय
निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर



# परवेज पाशी ने सौंपा ज्ञापन

## नगीना से चांदपुर के लिए बस चलवाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी ने सहायक क्षेत्र प्रबन्धक रोडवेज, बिजनौर को नगीना से चांदपुर के लिये नई बस चलवाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज सेवक व आजाद समाज पार्टी से जिला संयोजक परवेज पाशी ने सहायक क्षेत्र प्रबन्धक रोडवेज बिजनौर को एक ज्ञापन देते हुए नगीना से चांदपुर के लिये नई बस चलवाने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा है कि नगीना लोक सभा व विधान सभा क्षेत्र का मुख्यालय है। नगीना व आस पास के सैकड़ो की सख्या में लोगों को प्रति दिन कोतवाली देहात, नहटौर, नूरपुर व चांदपुर जाना पड़ता है। नगीना से चांदपुर के लिये कोई भी बस की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अपने ज्ञापन के अंत में उन्होंने नगीना क्षेत्र वासियों के हित में नगीना से चांदपुर के लिये बस चलवाने की मांग की।

# डॉक्टर बंगाली का हृदय गति रूकने से निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. बंगाली का आज प्रात: हृदय गति रुक जाने के कारण कोलकाता में निधन हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनके दोनों पुत्र अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कोलकाता रवाना हो गए।

नगर व क्षेत्र के जाने-माने चिकित्सक डॉ. चितरंजन दास पोद्दार (70 वर्ष) डॉ. बंगाली का मंगलवार की प्रात: कोलकाता (पश्चिमी बंगाल) में देहांत हो गया। उनके बड़े पुत्र समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार पोद्दार ने बताया कि चार दिन पूर्व ही उनके माता-पिता अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता गए थे। बीती रात अचानक उनको हार्ट अटैक आया। उन्हें तुरंत ही कोलकाता स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्होंने प्रात: तीन बजे अंतिम सांस ली। गत वर्ष उनको ब्रेन हेमरेज हुआ था। तभी से वह लगातार बीमार चल रहे थे। मौहल्ला किला निवासी डॉ. चितरंजन दास पोद्दार लगभग 45 वर्ष पूर्व नगर में आकर स्थाई रूप से रहने लगे थे तथा यहीं पर पोद्दार क्लिनिक नाम से अपना चिकित्सालय खोल लिया था। वह बड़ा बंगाली डॉक्टर व मोटा डॉक्टर के नाम से प्रसिद्ध थे। आज सुबह उनकी मौत की खबर मिलते ही उसके दोनों पुत्र डॉक्टर मनोज कुमार व पंकज कुमार कोलकाता के लिए अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रवाना हो गए। वह अपनी पत्नी सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। नगर में उनके निधन की खबर मिलते ही उनके शुभचिंता को व मरीजों में शोक की लहर दौड़ गई। दैनिक शाह टाइम्स परिवार दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक संवेदना व्यक्त करता है।

## एक नजर

### हल्दौर में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने एक किशोर को हथियार व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### नगीना का इम्तियाज गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना मण्डावर में दो फरवरी को वादिनी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में इम्तियाज अंसारी उर्फ सोनू पुत्र सरताज निवासी ग्राम टांडा, थाना नगीना का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने अपहृता को बरामद कर इम्तियाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मण्डावर में शाहिद अंसारी अरेस्ट

**बिजनौर।** मण्डावर पुलिस ने ग्राम राजारामपुर निवासी शाहिद उर्फ शाहद अंसारी पुत्र मौहम्मद रफीक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अशोभनीय वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। जिसमें उन्हें माफी मांगते हुए दिखाया गया था। पुलिस ने धारा 353 बीएनएस एवं 67 आईटीएक्ट ने मुकदमा पंजीकृत किया था। आरोपी के पास से मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है।

### कन्हैया लाल सैनी पान वालो का निधन



**राजा का ताजपुर।** सैनी समाज के अध्यक्ष मदन सिंह सैनी के तहेरे भाई कन्हैया लाल सैनी पान वालो का बीती रात हार्ट अटैक आ जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर परिवार वालों में हड़कंप मच गया। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। उनके निवास पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। कन्हैया सैनी एक नेक दिल मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी अचानक मौत पर सपा विधायक राम अवतार सैनी ने गहरा दुख जाहिर किया है। उनकी अंतिम यात्रा में सपा विधायक राम अवतार सैनी, भाजपा जिला मंत्री सुरेश कुमार सैनी, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, सब इंस्पेक्टर बलराम सिंह, सरदार कमलजीत सिंह नूर, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, संजीव त्यागी, मुजाहिद फारूकी, डॉ. शौकत अली, होरी सिंह त्यागी, अखिल भारतीय प्रधान संघ उपाध्यक्ष हाजी शमशाद अहमद फरीदी, वरिष्ठ सपा नेता अबरार मलिक, मकसूद ठेकेदार, धर्म अवतार वर्मा, मनोज अग्रवाल, उस्मान अंसारी, सरदार सतेन्द्र सिंह गुजराल, नईम अहमद एड., विरेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. अरुण अग्रवाल, अनिल त्यागी, अनिल चंद्रा आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### निवासरत लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश

**कालागढ़।** सीएमडी भूमि स्थानांतरण मामले में हाई कोर्ट नैनीताल में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को लेकर लंबित मामले की आज हाईकोर्ट नैनीताल में सुनवाई हुई। जिसमें निवासरत परिवारों के पुनर्वास हेतु कालागढ़ कल्याण एवं उत्थान समिति की सूची न्यायालय हाईकोर्ट ने सुनकर स्वीकार कर लिया है। वहीं न्यायालय ने कॉलोनी में निवासरत लोगों की सूची को स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन दो दिन के भीतर निवासरत लोगों के सर्वे कर सूची न्यायालय में प्रस्तुत करे। जिला प्रशासन द्वारा सर्वे की सूची को न्यायालय हाईकोर्ट निवासरत लोगों को कोई राहत देकर स्थानीय लोगों को पुनर्वास के लिए सरकार को निर्देशित कर सकते हैं। वहीं कालागढ़ कल्याण एवं उत्थान समिति के राजेश्वर अग्रवाल, परशुराम नेता, पिंकू उर्फ मेराज खान आदि लोग मौजूद रहे थे।

### समझौते के बाद धरना समाप्त

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा महिन्द्रा गाड़ियों के शोरूम तिरूपति व्हीकल्स प्रा.लि. पर दिया गया धरना कल रात समझौता-वार्ता के बाद समाप्त हो गया। भाकियू कार्यकर्ताओं ने शोरूम को पूरी तरह बंद करा दिया था। जिससे शोरूम कर्मचारियों के साथ-साथ नई गाड़ी खरीदने और पुरानी गाड़ियों को सर्विस कराने आये लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। यह हंगामा भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी की एक स्कार्पियों गाड़ी को लेकर था, जिसमें अचानक आग लग गई थी। भाकियू कार्यकर्ताओं की मांग थी जली गाड़ी के बदले नयी गाड़ी दी जाये। देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। भाकियू द्वारा धरना प्रदर्शन व तालाबंदी के कारण जहां शोरूम का स्टाफ दिन भर लाचार-परेशान रहा, दूसरी ओर शोरूम द्वारा नई गाड़ियों की डिलीवरी नहीं दी जा सकी तथा सर्विस के लिए आई गाड़ियां वर्कशाप में खड़ी रहीं।

### छेड़छाड़ का आरोपी दबोचा

**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक आरोपी को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। उससे पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार हल्दौर चौराहे पर एक महिला खड़ी हुई थी। बताया जाता है कि एक बाईक सवार युवक आया और महिला को एक कागज पर अपना मोबाईल लिखकर देने लगा।आरोप है कि उसने महिला से छेड़छाड़ भी की। इसी दौरान महिला के विरोध कर शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर हल्दौर चौराहे पर स्थित पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले गई। महिला ने पुलिस से शिकायत करने से इन्कार कर दिया और अपने घर चली गई। आरोपी हल्दौर क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है।

# 27 असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती प्रकरण की जांच शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान डिग्री कॉलेज में 27 असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सोमवार को तीन सदस्य जांच टीम कॉलेज परिसर पहुंची। जांच टीम ने संबंधित से असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती को लेकर सवाल किए। बाद में टीम अपने साथ भर्ती से संबंधित कागजात भी ले गई। उधर, जांच टीम के अचानक कॉलेज पहुंचने से दिनभर हलचल मची रही।

बिजनौर के किरतपुर रोड स्थित वर्धमान डिग्री कॉलेज में 27 असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती में अनियमितताओं किए जाने की शिकायत कुछ माह पहले हुई थी। शिकायत में आरोप लगाए गए थे कि नियमों को दरकिनार व भ्रष्टाचार कर असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती की गई है। इस प्रकरण में सोमवार को तीन सदस्य टीम में शामिल शिक्षक निदेशक डॉ. अमित भारद्वाज उच्च शिक्षा, पवन कुमार वित्त नियंत्रक उच्च शिक्षा और प्रोफेसर बीएल शर्मा सहायक निदेशक उच्च शिक्षा जांच के लिए वर्धमान डिग्री कॉलेज पहुंचे। जांच समिति ने 11 बजे से लेकर साढ़े चार बजे तक जांच की। साथ ही शिकायत से संबंधित कई बिंदुओं पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सीएम जैन ने सवाल किए। प्राचार्य ने जांच समिति को सवालों का उत्तर दिया। करीब साढ़े पांच घंटे चली जांच के दौरान जांच समिति ने असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती से संबंधित आवश्यक कागजात भी मांगे। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर सीएम जैन ने उन्हें भर्ती से संबंधित आवश्यक कागजात उपलब्ध कराए और जांच समिति कागजात अपने साथ भी ले गई।

उधर जांच के दौरान कुल सचिव नहीं पहुंचे। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सीएम जैन के अनुसार तीन सदस्यी जांच समिति जांच करने के लिए कॉलेज पहुंची थी। इसके साथ ही असिस्टेंट फ्रोफेसर की भर्ती से संबंधित कुछ दस्तावेज जांच समिति अपने साथ ले गई है। जांच के दौरान डॉ. संजीव कुमार कुल सचिव बरेली विश्वविद्यालय बाहर होने के कारण वर्धमान डिग्री कॉलेज नहीं पहुंच पाए।

### यह था मामला

वर्धमान डिग्री कॉलेज में 27 असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती हुई है। असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती में अनियमितताओं की शिकायत हुई थी कि भ्रष्टाचार और नियमों को दरकिनार कर नियुक्ति की गई है। मामले की जांच एडीएम प्रशासन विनय कुमार सिंह ने भी की थी। इन असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती हुए काफी महीने हो गए हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, किसान की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम चुड़ियां खेड़ा के निकट स्थित भाई- बहन मंदिर के पास गन्ने से लदा एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट जाने से किसान की मौत हो गई।

ग्राम धर्मपुरा निवासी चुन्नी सिंह का करीब 51 वर्षीय पुत्र रामगोपाल सिंह अपने चक से ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना लादकर बिलाई चीनी मिल जा रहा था। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे नहटौर, बिजनौर हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम चुड़ियां खेड़ा के भाई-बहन मंदिर के पास ट्रैक्टर ट्राली बेकाबू होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व राहगीरों ने किसी तरह घायल को बाहर निकाला और उपचार के लिए बिजनौर अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राम गोपाल के पुत्र की 24 मई को शादी होनी निश्चित है। उसकी मौत पर शादी की खुशियां मातम में बदल गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

# ग्राम भनोटी के युवक ने शुक्रताल में पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

### परिजन शुक्रताल के लिए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम निवासी युवक के शुक्रताल में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने की सूचना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जाता है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन शुक्रताल को चले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भनोटी निवासी सत्यवान सैनी का 19 वर्षीय पुत्र जनपद मुजफ्फरनगर के शुक्रताल में अभी तीन दिन पहले ही अपने जीजा धर्मपाल के साथ मजदूरी करने गया था। बताया जाता है कि उसके जीजा सिविल इंजीनियर है तथा सोमवार को वह उसे साइट पर काम बता कर अपने गांव लल्लावाला थाना नहटौर लौट आए थे। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह शौच के लिए गया लेकिन काफी देर तक भी वापस नहीं आया। उधर जब कुछ महिलाएं जंगल से लकड़ी लेने गई तो उन्हें गंगा किनारे एक पेड़ पर एक युवक का शव लटके देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर शव की शिनाख्त कराने के लिए मृतक के शव के फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया तो मृतक के जीजा के छोटे भाई संजीव पुलिस चौकी पहुँचे और शव की पहचान राजू के रूप में की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा।

सूचना मिलते ही परिजन सोमवार की शाम घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। युवक की आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। मृतक दो भाइयों व दो बहनों में सबसे छोटा था। जबकि दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**कासमपुर गढ़ी।** दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

ग्राम मानियावाला निवासी मेहंदी हसन पुत्र सिकंदर अली उम्र 50 वर्ष कपड़े की फेरी करके जसपुर की ओर से अपने घर वापस आ रहा था कि रास्ते मे ग्राम देहलावाली के पास दूसरी ओर से आ रहे बाइक सवार ने जैसे ही हाईवे क्रास किया दोनों बाइको की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर काशीपुर रैफर कर दिया है।

# वन्य जीवों की प्यास बुझाने को बनाए चार पक्के वाटर होल

**रेहड़।** वन्य जीवों की प्यास बुझाने के लिए अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा चार पक्के वाटर होल का निर्माण कराया गया है। इनमें सोलर पंपिंग सेट से पानी भरता रहेगा। अब अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के कच्चे-पक्के वाटर होल की संख्या 28 हो गई है। गर्मी के मौसम में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में कच्चे तालाबों एवं पक्के होल में पानी कम होने लगता है। समय से बरसात न होने पर तालाब व वाटर होल सूखने के कगार पर पहुंच जाते हैं। इससे वन्य जीव पानी की तलाश में वन क्षेत्र से बाहर आ जाते हैं। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की प्यास बुझाने के लिए कच्चे व पक्के 23 वाटर होल पहले से ही मौजूद हैं। जबकि 15 दिन पूर्व कक्ष संख्या 18 में देवानंदपुरगढ़ी गेट के पास एक कच्चे तालाब का जीर्णोद्धार टीम टाइगर सेवन समिति द्वारा कराया गया है। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि वन विभाग द्वारा अमानगढ़ गेस्ट हाउस के निकट कक्ष संख्या 17, कक्ष संख्या सात, कक्ष संख्या पांच-अ और कक्ष संख्या दो-अ में चार पक्के वाटर होल का निर्माण और कराया गया है। सूखी डाबर में स्थित पुराने पक्के वाटर होल पर सोलर पंपिंग सेट के लिए बोरिंग भी कराया गया है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर वन विभाग द्वारा टैंकर से भी वाटर होल में पानी भरा जाता है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वन्य जीवों की प्यास बुझाने के लिए अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थित सभी वाटर होल को पानी से लबालब रखा जाएगा।

# होलिका दहन में धक्का देकर जलाया

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर नैनू निवासी मंजू देवी पत्नी वेदप्रकाश ने एसपी बिजनौर को दिए शिकायती पत्र में कहा कि विगत दिनों पूर्व होली के दिन रात्रि में जब वह होली दहन में अपने पति वेदप्रकाश के पीछे होली दहन की रस्म में (गेहूं की बाली) में गई थी तभी पुरानी रंजिश के चलते ग्राम के कई लोगों ने उसके पति वेदप्रकाश की जान से मारने की नीयत से जलती होलिका में धक्का दे दिया। चिख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने आकर उसके पति को जलती होलिका से निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हालत गंभीर बनी हुई है। आरोप है कि तहरीर दिए जाने के बाद भी थाना पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़ित महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है।

### पायल सिद्धू ने दो गोल्ड मेडल जीते

**बिजनौर।** बिजनौर की बेटी पायल सिद्धू ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कयाकिंग-केनोइंग और ड्रैगन बोट की दो अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। पायल ने चंडीगढ़ में खेलते हुए **500** मीटर स्प्रिंट और **200** मीटर स्प्रिंट दोनों में गोल्ड मेडल हासिल किए। पायल ने गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता **11** मार्च से **17** मार्च **2025** तक आयोजित की गई। पायल बाल ज्ञान निकेतन इंटर कॉलेज बास्टा की छात्रा हैं और जलीलपुर ब्लॉक के ग्राम मंडय्यो तहसील चांदपुर की रहने वाली हैं। कोच शुभम तोमर, मनित ढाका और मोहित चौधरी ने इस उपलब्धि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पायल सिद्धू ने दो गोल्ड मेडल जीते हैं। पायल ने **500** मीटर और **200** मीटर स्प्रिंट में जीत हासिल की है।

# समाधान दिवस में आई आठ शिकायतें

### शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में अयोजिय संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में आठ शिकायतें दर्ज की गई। सभी शिकायतें संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप शीघ्र ही निस्तारण के निर्देश दिए गए।

सोमवार को तहसील सभागार में एडीएम न्यायिक श्रीमती वान्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 08 शिकायतें दर्ज हुई। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक वान्या सिंह ने मौजूद अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर विरेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम आशुतोष रामप्यारे जायसवाल, सीओ भरत सोनकर, तहसीलदार प्रभा सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह व राजकुमार सिंह, नगर पालिका ईओ संदीप सैक्सेना, एसडीओ विद्युत रामकेश सिंह, एडीओ पंचायत सुरेंद्र सिंह, एबीएसए इंद्रजीत सिंह व अन्य तहसील स्तर के अधिकारी तथा सर्किल थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद सं.-242/2024

प्रदीप कुमार सैनी

बनाम संजीव कुमार आदि

प्रदीप कुमार सैनी पुत्र स्व. श्री शिशुपाल सिंह निवासी मकान सं. -82 मौहल्ला-अफगानान, कस्बा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर - प्रार्थी

**बनाम**

1. संजीव कुमार पुत्र स्व. श्री शिशुपाल सिंह, निवासी मौहल्ला अफगानान, कस्बा, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।
2. श्रीमती पारूल सैनी पत्नी ललित सांगवान पुत्री स्व. श्री शिशुपाल सिंह, निवासी ग्राम अरनावली, मेरठ, जिला मेरठ -विपक्षीगण

दरखवास्त मुसम्मा प्रदीप कुमार सैनी वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा प्रदीप कुमार सैनी मुसवफा स्व. शिशुपाल सिंह अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त वादी हरगाह मुसम्मा प्रदीप कुमार सैनी ने दरखवास्त हुसुल सार्टीफिकेट गुजरानी हुसून है तारिख 20.03.2025 वास्ते समाअत दरखवास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त के उज्र हो या असालत या अकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज मुकाम जु.डि. नगीना में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 20.03.2025

**प्रबंधक**

**सिविल जज (जू.डि.)**

**नगीना (बिजनौर)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत धीवरपुरा, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा **2024 -2025**

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत धीवरपुरा में नौशाद के घर से अफसर के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष **2024-2025** में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक **24/03/2025** को समय पूर्वाह्न **1** बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं **3** बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक **22/03/2025** तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत समसपुर सद्दो, विकास खंड कोतवाली**

पत्रांक:- मीमो/पंचायत/मनरेगा 2024-25 दिनांक:- 18.03.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समसपुर सद्दो के ग्राम हसन अलीपुर मान में पंचायत घर से ओमपाल के घर तक सीसी रोड निर्माण का कार्य मनरेगा/ राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग की धनराशि से कराया जाना प्रस्तावित है। जिसकी लम्बाईXचौड़ाई 130X5 है। साथ ही अनुमानित लागत 7,50,000 रुपए है। सीसी रोड निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष **2024-2025** में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक **20/03/2025** को समय पूर्वाह्न **1** बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं **3** बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक **21/03/2025** तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

**ग्राम पंचायत समसपुर सद्दो, विकास खंड कोतवाली, जनपद बिजनौर**

# भाजपा नेता की नहीं मिली लापता जमीन

## प्रशासन ने कॉलोनी में निर्माण व प्लाटिंग को घोषित किया अवैध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा नेता की लापता जमीन को ढूंढने में नाकाम रहे तहसील प्रशासन ने कॉलोनी के बाहर अब कॉलोनी को ही अवैध घोषित करते हुए बोर्ड लगा दिया है। साथ ही कॉलोनी में प्लाटिंग एवं निर्माण कार्य को पूरी तरह अवैध घोषित कर दिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनी में प्लॉट खरीद कर मकान बनाने वाले दर्जनों लोगों में हड़कंप मचा है।

धामपुर क्षेत्र के गांव सरकड़ा निवासी भाजपा नेता दयाशंकर राणा ने 19 नवंबर 2012 में ग्राम दितनपुर में 2550 वर्ग मीटर भूमि का बैनामा अपनी पत्नी रेनू चौहान के नाम कराया था। समाजवादी पार्टी की अखिलेश सरकार में भाजपा नेता के द्वारा खरीदी गई जमीन का दाखिल खारिज ना होने का आरोप भाजपा नेता दयाशंकर लगातार लगा रहे हैं। इस मामले में करीब 6 महीने पहले धामपुर तहसील प्रशासन ने दो दर्जन से अधिक मकान स्वामियों को नोटिस जारी किए थे। बताते हैं कि नोटिस जारी होने के बाद भी भाजपा नेता की जमीन नहीं मिली, तो उन्होंने मुख्यमंत्री दरबार तक गुहार लगा दी। मामला सीएम कार्यालय पहुंचा, तो तहसील प्रशासन हरकत में आ गया। करीब दो सप्ताह पहले पूर्व एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह, तहसीलदार पवन कुमार, हल्का लेखपाल राकेश कुमार आदि मौके पर पहुंचे थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने कॉलोनी में निरीक्षण कर राजस्व विभाग का नक्शा खंगाला था। बताते हैं कि भाजपा नेता की जमीन नहीं मिली, तो अब तहसील प्रशासन ने कॉलोनी के बाहर इसके वैध होने का नोटिस बोर्ड लगा दिया है। नोटिस बोर्ड पर ग्राम दितनपुर के गाटा संख्या 58 में प्लाटिंग एवं निर्माण कार्य को पूरी तरह अवैध करार दिया है। हल्का लेखपाल राकेश कुमार ने बताया कि एसडीएम धामपुर के आदेश पर कॉलोनी में होने वाले निर्माण तथा प्लाटिंग को अवैध घोषित करते हुए निर्माण एवं प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है। फिलहाल प्रशासन की इस कार्रवाई से कॉलोनी में मकान बनाकर रहने वाले दर्जनों मकान स्वामियों में हड़कंप मचा है।

# भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं के हल की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाकियू टिकैत की मासिक बैठक गन्ना समिति प्रांगण नगीना में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता तहतील अध्यक्ष डा. धर्मवीर सिंह व संचालन अनिल चौहान ने किया। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में किसानों को सहकारी समिति द्वारा डीएपी व एनपीके खाद खरीदने पर अन्य तरल खाद व दवाई किसानों को जबरदस्ती ना दिए जाने का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा गन्ना मिल द्वारा किसान को गन्ना बीज मिल रेट (सरकारी रेट) पर दिया जाने की भी मांग की गई। बैठक में तहसील में चल रहे व्याप्त भ्रष्टाचार पर शीघ्र रोक लगने पर भी बात की गई। स्मार्ट मीटर जबरदस्ती ना लगाये जाने का मुद्दा गर्माया। प्राइवेट पेस्टीसाइड दवाईयों की दुकानों पर जांच करा कर नकली दवाईयों पर रोक लगाने जाने की भी मांग की गई। इस मौके पर शाहिद मंसूरी, मौ. मुर्तजा, अब्दुल समी, राजवीर सिंह, महेंद्र सिंह प्रधान, धीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मूलचंद, बलजीत सिंह, रामभजन सिंह, विरेन्द्र सिंह अर्जुन आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वार्षिक परीक्षाफल वितरण उत्सव



**स्योहारा।** मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्योहारा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण उत्सव मधुरम 2.0 का सफल आयोजन किया गया। स्कूल के मैनेजर आलोक अग्रवाल एवं डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गोला (अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड) को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। गोला जी ने अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में विज्ञान की प्रगति पर विशेष जोर दिया। स्कूल के मैनेजर आलोक अग्रवाल ने अपने संबोधन में शिक्षा में स्मार्ट क्लास एवं अनुशासन पर जोर दिया। स्कूल के डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने अपने संबोधन में स्कूल की 22 वर्ष की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया एवं केंद्र सरकार के द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत चयनित कक्षा 7 के छात्र गर्व राजपूत को नगद रूपए 10,000/- की धनराशि, सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्राफी एवं रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मन मोहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अख्तर जलील, भाजपा नेता नरेश कुमार, अखिल भारतीय प्रजापति महासभा के अध्यक्ष गजेंद्र प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य डॉ. आशाराम प्रजापति, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, वरिष्ठ समाजसेवक डॉ. मनोज वर्मा एवं पत्रकार एवं शिक्षक कांता प्रसाद पुष्पक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधीक्षक दीपक कुमार के साथ स्कूल के सभी स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

### तरावीह मुकम्मल होने पर दुआ कराई



**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला चौधरियान निवासी मोहम्मद अफजल चौधरी के निवास पर तरावीह 16 दिनों की हो रही थी, जिसमें आजाद समाज पार्टी के नेता मोहम्मद आदिल चौधरी के पुत्र हाफिज मौ. अकबर अली ने कलाम पाक को पढ़ा और मौलाना वसीम ने सुना। तरावही मुकम्मल होने के बाद मुफ्ती अकील उर रहमान ने दुआ करते हुए कहा कि कुरान ए पाक अल्लाह पाक की वह मुकम्मल किताब है, जिसे सुनना देखना पढ़ने से भी सवाब मिलता है। हम सभी को कुराने पाक को पढ़ने वाला और सुनने वाला बनना चाहिए। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अफजल चौधरी ने कुराने पाक सुनने और सुनने वाले एवं आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अल्लाह पाक ने हमारी जिंदगी में यह मुकद्दस महीना लिखा और हमें इसमें रोज नमाज तरावीह की हिदायत दी, जिसे हम शुक्र अदा करते हैं। इस मौके पर कारी शरीफ अहमद नूरपुर वाले, कारी हनीफ अहमद, मौलवी फुरकान अहमद, सूफी शाहिद, कारी शाहिद, डॉ. खलीउल्लाह, मोहम्मद अहमद अंसारी, मोहम्मद हाजी इलियास, आमिर चौधरी, आदिल चौधरी, गौहर चौधरी, रिफाकत चौधरी, आरिफ गांधी, अरशद चौधरी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, पथराव



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम रहटोली निवासी अनुसूचित समाज के धर्मपाल सिंह और सैनी समाज के जसपाल सैनी के बीच 15 मार्च को झगड़ा हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और उसमें जमकर मारपीट में पथराव हुआ। बताया जा रहा है कि धर्मपाल सिंह, राजपाल सिंह व एक महिला घायल हो गई तो वहीं दूसरे पक्ष से भी जसपाल सैनी के बेटे शिवम और जसवीर घायल हुए, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाद पर काबू पाते हुए दोनों पक्षों को थाने ले आए हैं जिस पर दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि गांव में दोबारा से किसी तरह का कोई विवाद ना हो उसको लेकर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

### पालिका ने मन्दिर के पास से गंदगी हटवाई



**चांदपुर।** नगर के मौहल्ला गोकुलनगर निवासी समाजसेवी वीरेन्द्र राजपूत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहा है कि चांदपुर के मौहल्ला कोटला की जमीन में रखे नेहरू चौक के समीप कुछ खोको के पीछे गंदगी के अंबार लगे है, जहां खुले मे लोग पेशाब करते है। वहीं एक सरकारी हैण्डपम्प लगा है और आस-पास खाने पीने के ठेले छोले भटूरे, चाट पकौड़ी के लगे रहते है। शिकायत में कहा गया है कि गंदगी से दस कदम दूरी पर हनुमान मन्दिर है, जिसमें महिलाओ और पुरुषों के पूजा करने जाते समय दुर्गंध से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बाबत उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ के सफाई अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत के आधार पर आज नगर पालिका द्वारा उक्त स्थान पर साफ सफाई कराने एवं गंदगी हटाने, कली चूना पोतने का कार्य कराने से वीरेन्द्र राजपूत ने नगर पालिका का धन्यवाद किया है।

### मारपीट व फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**नांगल सोती।** दो माह पूर्व इंस्टाग्राम पर अपशब्दों को लेकर पूंडरीकला के जंगल में युवकों के दो गुटों के बीच मारपीट व फायरिंग की घटना हुई थी। जिसमें एक पक्ष के अश्वनी की ओर से दूसरे गुट के दो युवकों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मंगलवार को नामजद गांव महमसापुर निवासी नीरज उर्फ कल्लू को हरचंदपुर-तिसोतरा मार्ग पर बृजपाल सिंह के नलकूप के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

## एक नजर

### नहर में डूबे व्यक्ति का शव मिला



**शेरकोट।** बढ़ापुर के गांव कठेर निवासी (40) वर्षीय बबलू पुत्र हरीश. चंद्र शुक्रवार को होली का त्योहार मनाने शेरकोट के गांव वाजिदपुर अपनी रिश्तेदारी मे आया हुआ था। बबलू होली खेलने के बाद अपने (फूफेरे) ससुर राजकुमार पुत्र इन्द्र सिंह के साथ शहजादपुर के निकट पोषक नहर मे जाकर नहाने लगा। इस दौरान बबलू नहर मे डूब गया था। तभी से पुलिस गौताखोर की मदद से बबलू की तलाश कर रही थी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी सफलता न मिलने पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। जो लगातार नहर मे सर्च ऑपरेशन चला रही थी। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे एनडीआरएफ की टीम ने बबलू के शव को शेरकोट मंधौरा रोड स्थित ईदगाह के पास पोषक नहर से बरामद कर लिया। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एसपी पूर्वी धर्म सिंह सम्मानित



**धामपुर।** होली के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महापर्व को पुलिस प्रशासन द्वारा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपादित कराने के लिए हिंदू रक्षा सेना के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने एसपी पूर्वी धर्म सिंह को सम्मानित किया है। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी अपनी सहयोगी महिलाओं के साथ एसपी पूर्वी कार्यालय पहुंची और उन्हें भगवान कृष्ण एवं राधा रानी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट करते हुए सम्मानित किया। ऐश्वर्या चौधरी ने एसपी पूर्वी और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन के कुशल और बेहतर प्रबंधन तथा कड़ी निगरानी के कारण ही धर्म नगरी धामपुर और क्षेत्र में होली का पर्व शांति और भाईचारे के साथ संपादित हो पाना संभव हुआ है। इस बार होली पर्व पर भी पुलिस प्रशासन ने जिस जिम्मेदारी का निर्वाह किया है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम ही होगी। इस अवसर पर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देने वाली समाजसेवी महिला मीनू सिसोदिया एवं अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम सबलगढ़ निवासी रमेश उर्फ बबलू (40 वर्ष) पुत्र सोराज के अचानक फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री की शादी को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिस कारण उसके पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों के द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात बताई गई है। परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से मना किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनता कर रही बसपा सरकार को याद

## पार्टी को मजबूत करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी के निवास पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बसपा के जिला प्रभारी काके सिंह रवि ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने की अपील की है।

उन्होंने पार्टी की नीतियों के बारे में गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार कर राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती के हाथों को मजबूत करने का काम करें। अब प्रदेश की जनता बसपा के कार्यकाल को याद कर रही है। बहन मायावती सर्वसमाज के लोगों को सम्मान देने का काम करती है। जब प्रदेश में बसपा की सरकार थी, उस वक्त सभी वर्गों के लोग खुशहाल थे। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है प्रदेश की जनता दुखी नजर आ रही है। भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं, पुलिस बेलगाम हो गई है, अपराधी को पुलिस का कोई डर नहीं है। भाजपा सरकार में हिन्दू मुसलमान के बीच नफरत पैदा की जा रही है। भाजपा सरकार में हर कोई डर की जिंदगी जीने पर मजबूर है। किसान, नौजवान आत्महत्या करने पर मजबूर है। सरकार में बैठे सरकारी कर्मचारियों ने खूब लूट-खसोट कर रखी है। प्रदेश की जनता को भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बसपा को मजबूत करना होगा। क्योंकि अब आने वाला वक्त बहुजन समाज पार्टी का है।

इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष समर सिंह एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता डा. शमशाद अहमद, परम सिंह प्रधान, मौलाना असरारुल हक, मास्टर चरन सिंह, धर्मेंद्र कुमार, यादराम सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन मुजाहिद फारूकी ने किया।

# संसद में गूंजा धामपुर का नाम, सांसद चंद्रशेखर की ओवर ब्रिज की मांग

## सहसपुर, मेवानवादा में एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग उठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने रेल बजट के दौरान नगीना क्षेत्र में कई ट्रेनों के स्टॉपेज, ओवर ब्रिज, अंडर पास निर्माण की मांग उठाई है। सांसद चंद्रशेखर ने धामपुर के शुगर मिल तथा जैतरा रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग की है। सांसद चंद्रशेखर ने रेल मंत्री से चुटकी लेते हुए कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी हुई तो वह मानेंगे रेल मंत्री कोई भेदभाव नहीं करते यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो भेदभाव का आरोप तो लगना तय है।

संसद सत्र के पहले दिन बोलते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने संबोधन में धामपुर शुगर मिल क्रॉसिंग पर रेल फाटक बंद होने के कारण कई कई घंटे खड़ा होने की बाबत जानकारी संसद में उठाई। सांसद चंद्रशेखर ने कहा आज का युग डिजिटल युग हो गया है, मगर कई कई घंटे खड़ा होना पड़ता है। इसी तरह जलालाबाद क्रॉसिंग पर उन्होंने ओवरब्रिज के नीचे अंडरपास की मांग भी रखी। सांसद ने कहा कि नजीबाबाद माल गोदाम पर ओवर ब्रिज का निर्माण के साथ-साथ उसका प्लेटफार्म भी बढ़ाया जाना चाहिए। दूसरी तरफ ट्रेन रूकती है तो वहां महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इसी प्रकार सांसद ने नगीना बाईपास बिजनौर मार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण, धामपुर जैतरा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण, स्योहारा से नूरपुर क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण करने की मांग रखी। सांसद चंद्रशेखर ने संसद में बताया कि नगीना लोकसभा में क्रॉसिंग पुराने बने है। जिस कारण ना तो अंडरपास ही बन पा रहे हैं ना ही ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही संसद में सहसपुर के मेवानवादा रेलवे स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस तथा सहसपुर रेलवे स्टेशन पर सफदरजंग एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग भी रखी। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि बिजनौर जनपद से बड़ी संख्या में लोग मुंबई की यात्रा करते हैं। वह पहले भी नजीबाबाद से मुंबई के लिए ट्रेन चलाने की मांग रख चुके हैं, मगर अभी तक किसी ट्रेन का संचालन शुरू नहीं हो सका। सांसद ने कहा कि उनके क्षेत्र में सभी रेलवे स्टेशनों की हालत खराब है। एक दो पर काम भी चल रहा है। उन्होंने सभी रेलवे स्टेशनों की कायाकल्प कराए जाने की भी मांग रखी।

## पुस्तक बैंक का स्थापना दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** अनिल सरोज बुक बैंक का आठवां स्थापना दिवस समारोह स्व. अनिल कुमार गुप्ता की 25वीं पुण्यतिथि पर मनाया गया। बुक बैंक के संस्थापक अभिनव गुप्ता ने बताया कि इस बुक बैंक की स्थापना 17 मार्च 2017 को अनिल कुमार गुप्ता जी की 17वीं पुण्यतिथि पर की गई थी। इस बुक बैंक का उद्देश्य उनके आदर्शों पर चलते हुए जरूरमंद छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक पाठन के लिए उपलब्ध कराना है। मात्र 87 पुस्तकों से शुरू हुए इस बुक बैंक में अब लगभग 2500 पुस्तक हैं तथा बुक बैंक कक्षा नौ से 12 स्नातक, परास्नातक, इंजीनियरिंग एंट्रेंस तथा विभिन्न कंपटीशन की पुस्तक नि:शुल्क उपलब्ध कराता है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से बुक बैंक एनईईटी की पुस्तकें व मॉड्यूल भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बताया कि बुक बैंक किसी भी दानदाता से धन दान में नहीं लेता है। डॉ. विधु माहेश्वरी ने कहा कि बुक बैंक से अनेक विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है। शिक्षक शुभम ने कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए बुक बैंक आशा की किरण है। इस अवसर पर अनिल टांक, नमन, सत्यम, अंकित, चिराग, दिशा, नवदीप, अश्वनी, वरूण आदि मौजूद रहे।

# आरबीडी में एड ऑन कोर्स का शुभारंभ

## डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय एवं कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'ई कॉमर्स एंड डिजिटल मार्केटिंग' विषयक पांच दिवसीय एड ऑन कोर्स का शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम मुख्य वक्ता कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीतम कुमार सैनी, मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, अतिथि डॉ. शताक्षी, समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल एवं सह समन्वयक श्रीमती चारु सारस्वत के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

तत्पश्चात प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड ऑन कोर्स का विषय वर्तमान समय की मांग के अनुसार निर्धारित किया गया है। विषय के द्वारा छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम को समझने में सहायता मिलेगी। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए समन्वयक एवं उनकी टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके बाद एड ऑन कोर्स की समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल ने एड ऑन कोर्स के विषय की महत्ता को संक्षेप में बताया। फिर इसी क्रम में मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में पीपीटी के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग के प्रकार, एसईओ, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग आदि बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके अतरिक्त उन्होंने छात्राओं को मोबाइल के माध्यम से विभिन्न ई मार्केटिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया से संबंधित तकनीकों के प्रयोग का अभ्यास भी करवाया।

मुख्य अतिथि प्रो. महेंद्र सिंह कौरव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा न केवल छात्राओं को लाभ मिलता है बल्कि शिक्षक भी लाभान्वित होते हैं। साथ ही विषय संबंधी ज्ञान को समृद्ध करने में मदद मिलती है। ई मार्केटिंग के विषय में उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल के माध्यम से दुनिया मुट्ठी में है। आप अपने मोबा. इल पर केवल एक स्पर्श से कोई भी सामान सामान तुरंत मंगवा सकते हैं।

अंत में कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती ज्योति कर्णवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डॉ. अपर्णा, कु. साक्षी, कु. सीमाब आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य विभागों के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# रमजान में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं: शादाबुल इस्लाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मस्जिद सुफ्फा मंडावली के पेश इमाम शादाबुल इस्लाम ने कहा कि रमजानुल मुबारक का महीना अपनी खुसूसिय्यात फजइली बरकात की वजह से इम्तियाजी शान रखता है।

रसूल अकरम सल्लाहु अलैहि वासल्लम ने फरमाया की जब रमजान आता है, तो जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते है और दोजख के दरवाजे बंद कर दिए जाते है। सरकश शयातीन को कैदो बंद में डाल दिया जाता है।

इस माहे मुबारक का इबतदाई हिस्सा रहमत दरमियानी हिस्सा मगफिरत व आखिरी हिस्सा दोजख से आजादी का वक्त है। रमजान में बेहिसाब बरकतों व रहमतों वाली एक रात (शबेकदर) आती है जो कुरआने करीम के इरशाद के मुताबिक महीने में एहेले ईमान के रिजक में इजाफा किया जाता है।

इसी मुबारक महीने में कुरआने पाक नाजिल किया गया। जिसकी हिदायत की बदौलत इंसानी जिंदगी में इमामों यकीनबकी रोशनी आई अमनो अमान की फिजा पैदा हुई। दिन के रोजो में रात की तरावीह की बरकात मिल जाने से इस महीने की नूरानीयत व तासीर में नुमाया इजाफा हो जाता है। जिसको अपने इरादों, शउर व अहसास के मुताबिक हर बन्दा महसूस करता है कि जो बातों से कुछ भी ताल्लुक व मुनासब्त रखता है। जिसके दिल में ईमान व यकीन की हल्की सी भी रोशनी मौजूद होती है।

**धार्मिक नगर नेजा कमेटी के अध्यक्ष का आवास बना छावनी व ढाल स्थल पर तैनात रहा भारी पुलिस बल**

# नहीं गाड़ी जा सकी नेज़ा मेले की ढाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शताब्दियों से हजरत सैयद सालार मसूद की याद में लगने वाला नेजा मेले का आयोजन नहीं हो सकेगा। कड़े पहरे और नेजा मेला आयोजन पर पुलिस की रोक लगने से परम्परागत नेजा मेले की ढाल को नहीं गाड़ा जा सका। जुलूस निकाले जाने के ऐलान पर अर्लट मोड पर रही पुलिस नेजा कमेटी के अध्यक्ष समेत ढाल गाढ़े जाने वाले स्थान पर पुलिस फोर्स के घेरे में रहा।

बताते चलें कि शताब्दियों से नेज़ा मेले का आयोजन किया जाता रहा है। इस बार पुलिस भी धार्मिक नगर नेजा कमेटी की और से नेजा मेला लगाए जाने का ऐलान किया था। जबकि मेले के शुभारम्भ से पूर्व ढाल गाढ़ने और मेले की तिथियों का ऐलान कर दिया गया था। जिसके तहत 18 मार्च को चमन सराय से ढाल जुलूस निकालकर कोतवाली के सामने मंगलवार (आज) ढाल गाढ़ी जानी थी,लेकिन सोमवार को धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारियों को कोतवाली बुलाकर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद ने साफ कह दिया था कि सोमनाथ का मंदिर तोड़ने वाला महमूद गजनवी के सय्यद सालार मसूद गाजी भांजे हैं और किसी लुटेरे की याद में सम्भल में मेला लगाना देशद्रोह की श्रेणी में आता है। नेजा कमेटी के पदाधिकारियों ने जब अपना पक्ष रखते हुए यह बताया कि नेजा मेला एक धार्मिक आयोजन है और गत वर्ष आपकी सहमति के बाद ही इसका आयोजन किया गया था लेकिन एएसपी ने यहां पर सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर मेला लगाने की इजाजत नहीं देने का फरमान सुना दिया था। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा था याद रखिए, अगर ढाल गाढी गई तो आप राष्ट्रद्रोही कहलाएंगे। मंगलवार को मौहल्ला चमन सराय से ढाल का जुलूस शुरू हो पाता लेकिन इससे पूर्व आर आर एफ के जवान सुबह से ही कमेटी के अध्यक्ष चौ. शाहिद हुसैन मसूदी के आवास के बाहर पहरा बैठा दिया गया। सुबह से लेकर सांय पांच बजे तक आर आर एफ के जवान धार्मिक नगर नेजा कमेटी के अध्यक्ष के आवास के बाहर पहरा देते रहे। पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट रहा साथ ही कोतवाली के निकट ढाल गाढ़े जाने वाले स्थान को भी सुबह से ही छावनी बना दिया गया। पुलिस की मौजूदगी में ढाल गाढ़ने वाले स्थान (गडढे) को भी बंद कर दिया गया। ढाल नहीं गाढ़े जाने से नेजा मेले का आयोजन नहीं हो सकेगा।



सम्भल- धार्मिक नगर नेजा कमेटी के अध्यक्ष के निवास के निकट खड़ी पुलिस फोर्स



सम्भल। ढाल गाड़ने के स्थान के निकट निगरानी करती कोतवाली पुलिस।



## पुलिस ने ढाल गाड़ने का स्थान कराया बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो


**सम्भल।** शताब्दियों पुराना नेजा मेले की ढाल गाढ़ने वाला स्थान गडढा भी अब दिखायी नहीं देगा। नेजा मेले के आयोजन पर रोक लगाकर पुलिस ने भारी पुलिस के साथ नेजा मेले के शुभारम्भ के लिए गाढ़ी जाने वाली ढाल के गडढे को भी सीमेंट से बंद करा दिया।

# धार्मिक नेजा कमेटी सहित अधिवक्ता को थमाए नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** परम्परागत त्यौहार नेजा मेले के आयोजन और ढाल गाढ़ने पर रोक लगाने के फरमान के बाद से ही पुलिस ने धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारियों पर नजर रखनी शुरू कर दी, जबकि पुलिस कर्मियों को भेजकर भारतीय न्याय नागरिक संहिता की धारा के तहत नोटिस रिसीव कराए गए।

सोमवार को कोतवाली में धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारियों से सय्यद सालार मसूद गाजी की याद में नेजा मेले का आयोजन नहीं होने देने का फरमान सुना दिया गया। मेला कमेटी के पदाधिकारियों को नेजा मेला की ढाल गाढ़ने पर राष्ट्रद्रोह के तहत



कार्रवाई की चेतावनी मिलते ही कमेटी के पदाधिकारी अपने-अपने आवास को लौट आए थे। इसके बाद से ही पुलिस ने कमेटी के पदाधिकारी कहीं नेजा मेला की ढाल नहीं गाढ़ने का कार्य कर सके इसके लिए पुलिस की और से कमेटी के पदाधिकारियों को नोटिस थमाना शुरू कर दिया। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की और से अधिवक्ता शकील अहमद को दिए गए नोटिस में हालांकि नेजा मेले का कोई जिक्र नहीं किया गया,लेकिन आगामी पर्वों को भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने के उददेश्य से क्षेत्र में भ्रमण के दौरान यह जानकारी हुई कि आपके द्वारार आगामी पर्वों/कार्यक्रमों में आमजनमानस का सौहार्द खराब करके शांति भंग की जाती है अथवा उनके द्वारा कोई भी कृत्य किया जाता है तो उनके विरूद्व वैद्यानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

# नगर पालिका परिषद पर पड़ी राजस्व की दोहरी मार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नेजा मेला के आयोजन पर पुलिस की रोक से नगर पालिका परिषद को राजस्व की दोहरी मार झेलनी पड़ गयी है। टैंडर प्रकाशित कराने की रकम समाचार पत्रों को भुगतान करने के साथ ठेके से मिलने वाली धनराशि का नुक्सान होगा।

**नगर पालिका प्रकाशित करा चुकी है तहबाज़ार की निविदा**

शताब्दियों से होने वाले नेजा मेले के आयोजन से पूर्व मेले में आने वाले दुकानदारों से तहबाज़ारी वसूली को नगर पालिका परिषद से निविदा प्रकाशित करायी जाती है। जिससे पालिका को लाखों रूपये की धनराशि प्राप्त होती है। इस बार भी पालिका ने मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से तहबाज़ारी वसूली को निविदा प्रकाशित करायी गयी थी, लेकिन पुलिस ने नेजा मेला का आयोजन पर रोक लगा दी। इससे पालिका को दोहरा धन का नुक्सान झेलना पड़ेगा।

# उपभोक्ताओं के लिए अभिशाप बनी ई वेइंग मशीन

**घंटों खड़े रहकर इंतेजार करने के बाद भी नहीं मिल पाती सस्ते गल्ले की दुकान से खाद्य सामग्री**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उपभोक्ताओं को पूरा राशन मिलने के उददेश्य से राशन सामग्री का वितरण इ वेइंग मशीन से करना उपभोक्ताओं के लिए कहर बन गयी है। सर्वर डाउन रहने से कइ-कई घंटे इंतेजार करने के बाद भी सरकारी सस्ते गल्ले से राशन सामग्री मिल पा रही है।

राशन दुकानों पर कम खाद्यय सामग्री का वितरण किए जाने की शिकायत पर सरकार ने ई वेइंग मशीन से ही उपभोक्ता ओ राशन सामग्री वितरण करने की योजना शुरू की थी। इस योजना को परवान चढ़ाने के लिए सरकार की ओर से इ वेइिंग मशीनों को दे दिया गया था।जिससे उपभोक्ताओं को दुकानदार कम खाद्यय सामग्री नहीं दे सके। तब से इ वेइिंग मशीन से ही ,खाद्यय सामग्री का वितरण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं के हितार्थ शुरू की गयी यह योजना उनके लिए ही अभिशाप बन गयी है। राशन दुकानों से खाद्यय सामग्री लेने जा रही महिला उपभोक्ताओं का काफी- देर बाद नम्बर आता है, जब उसको खाद्यय सामग्री का वितरण करने के लिए अँगूठा लगाया जाता है तो इ वेइंग मशीन अपना काम करना ही छोड़ देती है। काफी देर तक इ वेइिंग मशीन पर अँगूठा लगाने के बाद भी उसका अँगूठा मशीन नहीं ले पाती। जिसके चलते महिला उपभोक्ता घंटो बाद बिन राशन सामग्री के ही घर लौटने को मजबूर हो जाती है। बहरहाल उपभोक्ताओं के हित में शुरू हुइ इ वेइंग मशीन उनके लिए वरदान नहीं,बल्कि अभिशाप बन गयी है। इसे उपभोक्ताओं में रोष है।

## मानव वन्य जीव संघर्ष गोष्ठी का किया आयोजन

**बबराला।** हरिबाबा बांध, गवां पर गुन्नौर रेंज के अंतर्गत मानव वन्य जीव संघर्ष विषयक गोष्ठी का आयोजन बृज मोहन क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्वेश दिवाकर, नगर पंचायत गवां रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सिंह पूर्व प्रधान मोलनपुर डांडा, द्वारा की गई। बृज मोहन, क्षेत्रीय वनाधिकारी गुन्नौर रेंज द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# मार्च माह में ही गर्मी निकालने लगी पसीना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। गर्मी के कारण काफी परेशानी बढ़ने लगी है। लोग सर्दी के बाद अब गर्मी से भी जूझते दिखायी देने लगे है। दुकानों, मकानों व अन्य प्रतिष्ठानों में एसी ओर पंखे की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। गर्मी की तपिश बढ़ती जा रही है। धूप से बचने के लिए अब बाजार में लोग छाता लेकर जाने लगे है। मार्च में जिस तरह से गर्मी पसीना निकालने लगी है उससे मौसम अबकि बार काफी तीखा रहने के आसार है। अधिक गर्मी पड़ने से पसीने से तरबतर होने के साथ काफी दुश्वारियों का सामना करने की भी उम्मीद है।

**दुकानों, प्रतिष्ठानों व घरों में चलने लगे पंखे**



बबराला। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप व संस्कार भारती के कार्यक्रम में बालिका को पुरस्कार देते।

# दो सदस्यीय समिति करेगी सांसद के आवास निर्माण की जांच

**उपजिलाधिकारी ने जेई विनियमित क्षेत्र और एक्सईएन पीडब्ल्यूडी की बनाई समिति**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सपा सांसद के बिना नक्शा स्वीकृत मकान निर्माण पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिल सकी है। सांसद के मकान का निर्माण कितना पुराना है इसकी दो सदस्यीय समिति जांच कर दो दिन में रिपोर्ट पेश करेगी।

24 नवम्बर 24 को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद चले बिजली चैकिंग अभियान में सपा सांसद जियाउरहमान बर्क के दीपा सराय स्थित मकान पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने बिना नक्शा स्वीकृत कराये जा रहे मकान निर्माण पर विनियिमत क्षेत्र की और से नोटिस जारी किया गया था। तब से लेकर यह मामला उपजिलाधिकारी/विनियमित क्षेत्र प्राधिकरण में चल रहा है। सपा सांसद की और से मकान उनका नहीं बल्कि उनके दादा दिवंगत सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क अब उनके पुत्र मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क का होना बताया था। तारीख पै तारीख के बाद मंगलवार को भी इसकी सुनवायी की तिथि नियत थी। उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा ने बताया कि सांसद की और से न तो कोई तर्क प्रस्तुत किया गया है मकान निर्माण के लिए नक्शा आदि से सम्बंधित कोई अभिलेख ही प्रस्तुत किए गए है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सांसद के मकान निर्माण की सत्यता पता लगाने के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें जेई विनियमित क्षेत्र और एक्सइएन पीडब्ल्यूडी को शामिल किया गया है। गठित की गई समिति सपा सांसद के मकान निर्माण की जांच करेगी वह कितना पुराना निर्माण है। समिति अपनी रिपोर्ट तीन दिन में पेश करेगी। उसके बाद अगली कार्यवाही की जायेगी।

## 1416000 में छूटा पैंठ बाज़ार का ठेका

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत सिरसी के साप्ताहिक बाज़ार पैंठ बाज़ार की नीलामी खुली बोली में करायी गयी। जिसमें 141600 में ठेका छूटा गया। मंगलवार को नगर पंचायत सिरसी में साप्ताहिक पैंठ बाज़ार की नीलामी को खुली बोली लगवायी। बोली में ठेका मैसर्स एस एम कन्ट्रक्शन निवासी मौ. शर्कीकस्बा सिरसी जनपद सम्भल के नाम छोड़ा गया।इस दौरान अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष नगर पंचायत सिरसी, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# महिलाओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम एवं महिला सम्मान को भानु आई केयर सेंटर पर आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डा. केलाश, डा. राहुल यादव, डिंपल वार्ष्णेय, कार्यक्रम के अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण व राधा जी के चरणों में फूल, गुलाल के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उन कलाकारों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन किया। जिसमें संजना यादव को कला क्षेत्र में,गुंजन यादव को योगा, तनीषा राजपूत को फोक नृत्य में, माही गुप्ता को नृत्य नाटिका में, सोनम निषाद को ब्यूटीशियन में,उषा यादव को झलकारी बाई के रोल प्ले करने के लिए सम्मानित किया गया जबकि महिला सम्मान में सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र एवं पटका बनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. कैलाश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, योगेन्द्र राजपूत, ममता राजपूत, मिस्टी राजपूत, नीतू प्रभा सोनम निषाद, डिंपल वार्ष्णेय, गुंजन, प्रियंका, उषा यादव, संजय वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन ममता राजपूत ने किया।



सम्भल। खाद्य सुरक्षा पर किए गए सवालों पर छात्रा को पुरस्कृत करते जिलाधिकारी।

# ओडीएफसी कनेक्शन पर पुलिस अधीक्षक हुए नाराज़

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को निर्देशित किया और ओडीएफसी कनैक्श्न पर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी जतायी।

**उद्योग व व्यापार बंधुओं की बैठक में की गई समीक्षा**

कलैक्ट्रेट परिसर में आयोजित बैठक में उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह ने विभिन्न एजेण्डा बिंदुओं की जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के के विशनोई को जानकारी दी। बैठक में एमएसएमई नीति, तकनीक उन्नयन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को निर्देशित किया।इसके अलावा ओडीओपी सीएफसी का विद्युत कनेक्शन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त की और प्रकरण का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। निवेश मित्र के लंबित पांच प्रकरण पर भी चर्चा करते हुए एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री उद्यमी स्वरोजगार योजना के लोन वितरण की कम प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उद्योग बंधु के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में ई-रिक्शा को लेकर उद्योग बंधुओं की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने अभियान चलाकर ई-रिक्शा की करवाई बढ़ाने के निर्देश दिए। व्यापार बंधु की बैठक में उपायुक्त राज्य कर द्वारा किस बिन्दु पर क्या कार्यवाही हुयी इसकी जानकारी ली गई। रेलवे क्रासिंग बहजोई के 50 मीटर दोनों ओर नो पार्किंग जोन घोषित करने पर चर्चा की गई।चंदौसी में हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत दुकानों के आवंटन, आधार कार्ड के अंदर सशोधन पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह, कमल कौशल वार्ष्णेय, अरविंद कुमार गुप्ता, ताहिर सलामी तथा उद्योग बंधु व्यापार बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यालय में सांप निकलने से मची अफरा-तफरी

**बबराला।** उपनिबंधक कार्यालय गुन्नौर में सांप निकलने से अफरा तफरी मच गई। लोग बैनामा कराने वाले कमरे से बाहर निकल आए। इस दौरान अधिवक्ता, प्रलेखक व बैनामा कराने वाले लोग भी काफी संख्या मौजूद थे उन्होंने इसे पकड़वाने के लिए अधिकारियों से कहा। बैनामा कराने आए मुंशी ने उसे पकड़ा और जंगल मे छोड़ दिया। तब लोगों ने राहत की सांस ली। उपनिबंधक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि नाली से सांप अंदर आ गया था। उसको पकडवा कर जंगल मे छुड़वा दिया।

## पूर्णागिरि भक्तों का जत्था रवाना

**बबराला।** गुन्नौर नगर पंचायत चेयरमैन पति धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने मौहल्ला सराय से मां पूर्णागिरि को जाते हुए भक्तों को फीता काटकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दो दर्जन से अधिक भक्तजन साइकिल से यात्रा पर जा रहे हैं। ऐसा प्रतिवर्ष कर रहे हैं। उन पर माता रानी का आशीर्वाद यूं ही बना रहे। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, विद्याराम पाल, जूलियस सीजर, महीपाल सिंह, मनोज, श्योराज आदि रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 22 मार्च को

**सम्भल।** रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय एवं इशरत ग्रुप आफ इंस्टीटयूशन तुर्तीपुर इल्हा के संयक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला इशरत ग्रुप आफ इंस्टीटयूशंस कालेज के प्रांगण में 22 मार्च का।

# खाद्य सुरक्षा को सवालों के विजयी बच्चे पुरस्कृत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पीएम श्री विद्यालय में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की मासिक समीक्षा बैठक में मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्य पुस्तिका ईट राइट् नवाचार की प्रगति पर चर्चा की गयी।

विकास खंड पंवासा के ग्राम अतरासी स्थित पीएमश्री विद्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विकास खंडवार पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा की गई। अतरासी में आर. ओ सिस्टम की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने आर.ओ सिस्टम लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कहा कि विद्यालयों में सोलर पैनल सिस्टम भी शीघ्र लगवाना सुनिश्चित किया जाए। पीएम श्री विद्यालय अतरासी एवं पीएम श्री विद्यालय धुरैटा में झूले 31 मार्च से पहले ही लगवाने के लिए निर्देशित किया। मिड डे मील शेड को लेकर निर्देशित किया की शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें। मल्टीपल यूनिट जाल से कवर्ड तथा विज्ञान एवं खगोलीय प्रयोगशाला के कार्य शीघ्र पूर्ण करने और विकासखंड सम्भल के पीएम श्री विद्यालय भरतल सिरसी एवं पीएम श्री विद्यालय जालब सराय को लेकर भी चर्चा की गयी। जालब सराय के कक्षों में टाइल्स लगवाने को निर्देशित किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पोषण वाटिका में पौधो लगाना सुनिश्चित करें। जालब सराय में रसोई घर एक सप्ताह में तैयार करने का निर्देश दिया। तथा मल्टीपल यूनिट कवर्ड करवाने तथा बरामदे में जाल लगवाने पर भी चर्चा की। मोल श्री तथा हरीशंकरी वृक्षारोपण के लिए भी निर्देशित किया। विकासखंड गुन्नौर के पीएम श्री विद्यालय फतेहपुर तथा पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर को लेकर भी समीक्षा की गयी तथा खिड़कियों पर जाली, झूले, मिड डे मील शेड, छतो को डैम फ्रू करना आदि पर चर्चा की।पीएम श्री विद्यालय बहलोलपुर में खगोलीय प्रयोगशाला को लेकर प्रधान को निर्देशित किया। पीएम श्री विद्यालय सेमरी, पीएम श्री विद्यालय गवां,पीएम श्री विद्यालय बबराला को लेकर की गई चर्चा में आर. ओ सिस्टम, झूले, एजुकेशन पार्क, मिड डे मील ,सोलर पैनल ,साइन बोर्ड विज्ञान एवं खगोलीय प्रयोगशाला के निर्देश दिए। विकासखंड बनियाखेडा के पीएम श्री विद्यालय आटा तथा पीएम श्री विद्यालय भुलावई, विकासखंड बहजोई के पीएम श्री विद्यालय मुल्हैटा तथा पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर को लेकर चर्चा की। जिला अभिहित अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि आगे अन्य पीएम श्री विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।जिला अभिहित अधिकारी तथा उनकी टीम द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया तथा कक्षा 6 एवं कक्षा 7 तथा कक्षा 8 के बच्चों से खाद्य सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा को लेकर उत्तर प्राप्त किए गए जिसमें कक्षा 6 में कंचन कुमारी तथा शिवानी यादव द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जबकि खुशबू यादव द्वारा द्वितीय तथा अफजाल, लक्ष्मी यादव तथा साक्षी एवं आकांक्षा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कक्षा 7 में असद अहमद तथा कुमारी ज्योति द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया तथा प्रियांशी द्वारा द्वितीय तथा आशीष तथा राजबाला द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कक्षा 8 में कोमल कुमारी द्वारा प्रथम स्थान तथा वेदांती वार्ष्णेय द्वारा द्वितीय तथा मंजू यादव द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**पीएमश्री विद्यालय की समीक्षा में नवाचार प्रगति पर चर्चा**

## गेहूं क्रेय को तीन सेंटर किए गए स्थापित

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।**मंडी समिति में गेहूं की खरीद को खाद्य विभाग द्वारा दो क्रय सेंटर व भारतीय खाद्य निगम का एक सेंटर स्थापित हुआ है। खाद्य विभाग के प्रथम क्रय केंद्र पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी हरिश्चंद्र हैं।उनके सहायक आशीष बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि मंडी समिति में गैंहू क्रय केंद्र का कांटा लगाया गया है लेकिन अभी गेहूँ की आमद को समय लगेगा। खाद विभाग के दूसरे क्रय केंद्र पर अनूप कुमार इंचार्ज हैं। जबकि भारतीय खाद्य निगम के इंचार्ज बिब्रिम विष्ट हैं।

# विकास खंडों में सर्वे को प्रचार वाहन किया रवाना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल सके इसे लेकर डीएम ने प्रचार वाहन को रवाना किया।

मंगलवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कलक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को रवाना करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम में कोई भी पात्र व्यक्ति जो आवास विहीन है तथा कच्चे मकान हैं उनके सर्वे के लिए प्रत्येक विकासखंड के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन लोगों को जागरूक करेंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे तथा कोई भी पात्र कच्चे मकान में न रहे सभी को आवास प्राप्त हो सकें, इसके लिए सर्वेयर लगाए गयें है। प्रत्येक सर्वेयर को तीन ग्राम सर्वे के लिए दिये गये हैं तथा यह सर्वे का कार्य उनको 31 मार्च तक पूर्ण करना होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पीएम आवास योजना को किया जाएगा जागरूक**

**सम्बंध-विच्छेद**

हमारा पुत्र मौ. दानिश नि. गुलजार कॉलोनी रायसत्ती थाना नखासा जिला सम्भल गलत संगत में पड़ गया है और वह परिवार वालों का कहना नहीं मानता है। उसने खुशबू पुत्री सलीम से निकाह कर लिया है। मौ. दानिश खुशबू के साथ अपनी ससुराल में रहता हैऔर हमारे व परिवार के साथ गाली-गलौंच एवं लड़ाई झगड़ा करता है। इसलिए हम परिवार वालों ने मौ. दानिश से अपने सभी सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति सो बेदखल कर दिया है। अब हमारा परिवार सहित मौ. दानिश से कोई सम्बंध नहीं है। वह अपने अच्छे व बुरे का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. यूसुफ पुत्र अब्दुल हमीद**
**शमीम पत्नी मौ. यूसुफ**
नि.गण 52 काला खेड़ा रायसत्ती तह. व जिला सम्भल।

# टीएमयू के फिजिकल और सीसीएसआईटी कॉलेजों में होगी क्रिकेट की खिताबी जंग

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से टीएमयू इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित टीएमयू इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप-2025 में क्रिकेट का खिताबी मुक.ाबला सीसीएसआईटी और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच होगा। सीसीएसआईटी-मैनेजमेंट कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन-लॉ कॉलेज की टीमों के बीच सेमीफाइनल्स में कांटे की टक्कर रही। सीसीएसआईटी कॉलेज ने मैनेजमेंट कॉलेज को 36 रनों, जबकि फिजिकल एजुकेशन ने लॉ कॉलेज को 38 रनों से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में मैनेजमेंट की टीम ने टॉस जीता और पहले बॉलिंग चुनी। सीसीएसआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 157 रन बनाए। सीसीएसआईटी के कप्तान प्रियांशु चौहान ने 29 गेंदों में 31 रनों की कप्तानी पारी खेली। सीसीएसआईटी के बल्लेबाजों- सुशांत सिंह ने 20 गेंद में 29 रन और रॉकी राजपूत ने 15 गेंद में 27 रनों बनाकर टीम के स्कोर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। सीसीएस आईटी के गेंदबाज आदर्श चौबे ने 2.3 ओवर में 25 रन देकर सर्वाधिक 03 विकेट चटकाए तो निखिल सक्सेना ने 04 ओवर में 20 रन देकर 02 विकेट लिए। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैनेजमेंट की टीम 19.3 ओवर में 121 रनों पर ही ढेर हो गई। मैनेजमेंट की ओर से बल्लेबाज वंश भाटिया ने 46 गेंदों में 55 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। कप्तान खेर शर्मा ने भी 20 गेंद में 16 रनों का योगदान दिया। मैनेजमेंट की ओर से विपुल कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। विपुल ने 04 ओवर में मात्र 15 रन देकर 02 विकेट चटकाए। फिजिकल एजुक.ेशन-लॉ कॉलेज के सेमीफाइनल में फिजिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। पहले बल्लेबाजी करते हुए फिजिकल कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवर में 179 रन बनाए। फिजिकल एजुकेशन की ओर से बल्लेबाज ईशान जैन ने 46 गेंदों में सर्वाधिक 55 रन बनाए, जबकि कप्तान अंकित कुमार ने 21 गेंदों में 29 रनों का योगदान दिया। फिजिकल एजुकेशन के गेंदबाज प्रत्युष वर्मा ने 04 ओवर में 22 रन देकर 03 विकेट चटकाए। लॉ कॉलेज की टीम निर्धारित 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। लॉ कॉलेज के बल्लेबाज नमन ने 19 गेंद में सर्वाधिक 22 रन बनाए। गेंदबाज मो. शुऐब ने 04 ओवर में 31 रन लुटाकर 05 विकेट भी झटके। प्रतियोगिता के दौरान फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, तौहीद अख्तर, शैलेन्द्र सिंह, योगेश गुप्ता, अनुज राघव आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। मैच में शिवम कुमार, विवेक शर्मा, शेखर राघव, जय राजपूत आदि ने अम्पायर की भूमिका निभाई।



# टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के छात्रों का शैक्षिक दौरा राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान की सैर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली के अमृत उद्यान 2025 का शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को भारत की ऐतिहासिक धरोहर, प्रशासनिक केंद्र और बागवानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना था।

टिमिट की प्रबंधन संकाय हमेशा छात्रों को व्यावहारिक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। इस यात्रा के दौरान छात्रों को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान की सुंदरता, इतिहास, वास्तुकला और हरियाली से अवगत होने का अवसर मिला। इसके साथ ही, उन्होंने भारत के सर्वोच्च प्रशासनिक केंद्र को नजदीक से देखने का अनुभव भी प्राप्त किया। राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित अमृत उद्यान अपने भव्य और दुर्लभ पुष्पों, हरे-भरे लॉन और ऐतिहा.सिक परिदृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। इस उद्यान में हर साल हजारों पर्यटक आते हैं, और इस बार टीएमयू के छात्रों को भी इस सुंदरता का अनुभव प्राप्त हुआ। इस शैक्षिक दौरे के दौरान छात्रों ने राष्ट्रपति भवन की प्रशासनिक गतिविधियों, बागवानी प्रबंधन और भारत की सांस्कृतिक धरोहर के बारे में सीखा। साथ ही, उन्होंने उद्यान में उगाए जाने वाले दुर्लभ फूलों और पौधों की जानकारी भी प्राप्त की। यात्रा में शामिल बी.कॉम. के छात्रों ने इसे अपने जीवन का एक अनमोल अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने न केवल उनके ऐतिहा.सिक और प्रशासनिक ज्ञान में वृद्धि की बल्कि पर्यावरण और हरियाली के प्रति उनकी जागरूकता भी बढ़ाई। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने उद्बोधन में कहा टिमिट हमेशा से छात्रों के शैक्षिक और व्यावसायिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। यह शैक्षिक यात्रा भी इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे छात्रों को अपने पाठ्यक्रम से इतर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सका। राष्ट्रपति भवन का यह शैक्षिक दौरा छात्रों के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक साबित होगा। इस यात्रा ने उन्हें न केवल भारत की प्रशासनिक व्यवस्था से रूबरू कराएगा बल्कि भारत की बागवानी परंपरा और प्राकृतिक धरोहर को भी समझने का अवसर भी छात्रों को प्राप्त होगा।



## एक नजर

### क्षय रोगियों की जांच को लगा डिजिटल एक्सरे कैंप

**बिलारी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्योड़ारा पर 100 दिवसीय टीवी कैंपेन के तहत मुरादाबाद से आई मोबाइल एक्स-रे टीम द्वारा क्षेत्र के वर्नबल पापुलेशन के संभावित टीवी रोगियों के 56 डिजिटल एक्स-रे किए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार ने बताया की वर्नबल पापुलेशन के संभावित रोगियों में क्षय रोग की संभावना अधिक होती है। उनकी जांच कर अधिक से अधिक क्षय रोगियों को खोज कर उनका उपचार किया जाए। इस अवसर पर एसटीएस महाराम, एसटीएलएस राजीव गौड़, डॉक्टर अजमल अली जिला समन्वय, मयंक यादव एक्स-रे टेक्निशियन, फार्मासिस्ट चंद्रभान शर्मा, स्टाफ नर्स सरला राजपूत, हर्षित सक्सैना कैंप में सहयोग दिया।

### बनवीर ने 16वीं यूथ एथलीट नेशनल चैंपियनशिप में पाया गोल्ड मेडल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** 16 वी यूथ नेशनल एथलीट चौंपियनशिप मध्य प्रदेश के पन्ना में 15 से 17 मार्च के बीच आयोजित हुई जिसमें तहसील कांठ के ग्राम शेखुपुरा इंतजाम अली खान के रहने वाले फौजी बनवीर सिंह पुत्र होंम पाल सिंह ने चक्का फेंक में स्वर्ण पदक अपने नाम कर गांव व क्षेत्र का नाम एक बार फिर रोशन किया है। 17 मैक रेजीमेंट के



बनवीर सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, हर्ष 70 इंजीनियर रेजीमेंट ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी रेजीमेंट का भी नाम रोशन किया हर्ष मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं। तृतीय स्थान नितिन ने प्राप्त कर कांस्य पदक जीता बनवीर सिंह ने अपनी जीत का श्रेय अपने पिताजी के साथ-साथ करनल सुधीर गुलिया एवं कोच सूबेदार राकेश रावत को दिया। उनकी इस कामयाबी से गांव में क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### सर्व समाज का होली मिलन समारोह कल

**कांठ( शाह टाइम्स )** सर्व समाज की बैठक में होली मिलन समारोह 20 मार्च को आयोजित करने का फैसला किया गयास संतोष फिजियोथैरेपी सेंटर पर आयोजित सर्व समाज की बैठक में सर्व समाज का होली मिलन समारोह नगर के वरदान बैंक्विट हॉल में आयोजित करने का लेकर निर्णय लिया गया स होली मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनपद में एवं तहसील के प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है स जिसमें सभी जाति धर्म के लोग अपनी भागीदारी देंगेस समारोह के संयोजक डॉक्टर अशोक चौहान ने बताया कि होली का पर्व सामाजिक एकता एवं भाईचारे का त्यौहार है इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर में सर्व समाज होली मिलन समारोह सुनिश्चित किया गया है।

### पुन: भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर चौधरी हरेन्द्र सिंह को दी बधाई

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय जाट महासभा की युवा विंग ने चौधरी हरेन्द्र सिंह को पुन: भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी व जाट समाज के मध्य गुड़ वितरित कर जश्न मनाया। जाट महासभा युवा के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनी आर्य ने कहा कि सम्भल जनपद में भाजपा ने हरेन्द्र सिंह को पुन: जिलाध्यक्ष बनाकर जाट समुदाय का भरोसा कायम रखा है, उन्होंने कहा कि जाट समुदाय जिस भी क्षेत्र में रहे अपना कार्य



ईमानदारीपूर्वक पूर्ण करता है और उसी का परिणाम है कि भाजपा ने दुबारा से हरेन्द्र सिंह को जिलाध्यक्ष बनाया है। यह समाज के लिए गौरव का विषय है। चौधरी हरेन्द्र सिंह वास्तव में एक ईमानदार व लगनशील नेता हैं जिन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का दिल जीत लिया है। इस दौरान जाट सभा युवा के प्रदेश प्रवक्ता चौधरी सनी आर्य, जिलाध्यक्ष पुनीत चौधरी सहित जाट सभा के आनन्द सिंह चाहल, रिफिल चौधरी, अंकुर चौधरी, जगजीत सिंह, जगवीर सिंह, जयंत गोयत, छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम बिसारू में राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया जुलूस का उद्घाटन

**चन्दौसी।** चन्दौसी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिसारू में काली माता के जुलूस का उद्घाटन राज्यमंत्री गुलाब देवी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। यहां बताते चलें कि विधानसभा क्षेत्र में प्रतिवर्ष इस जुलूस का आयोजन किया जाता है जिसके बाद मेले का भी आयोजन किया जाता है। उसी क्रम में ग्राम बिसारू में काली माता के मंदिर में विधि-विधान से पूजा के साथ मेले का उदघाटन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वेतन सहिता 2019 व सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को शीघ्र लागू करने की मांग

## भारतीय मजदूर संघ ने प्रधानमंत्री को डीएम के माध्यम से भेजा गया आपका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को ज्ञापन भेज कर संहिताओं में वेतन संहिता 2019 , सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को लागू करने की मांग की गई है। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन को अजय कुमार मिश्रा एससीएम सेकंड को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने 29 श्रम कानूनों को समा.हित करके चार श्रम संहिताएं बनायी है । भारतीय मजदूर संघ बार - बार कहता रहा है कि श्रम कानूनों में सुधार किया जाये । भारत सरकार वेतन संहिता 2019 , औद्योगिक संबंध संहिता 2020 सामाजिक सुरक्षा सहिता 2020 . व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्यदशायें 2020 को संसद में पारित करा दिया है , किन्तु नियमावली अभी तैयार न होने के कारण लागू नहीं हैं । सरकार चारों श्रम संहिताओं को शीघ्र लागू करना चाहती है । भारतीय मजदूर संघ चारों संहिताओं में वेतन संहिता 2019 , सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को लागू कराना चाहता है . किन्तु औद्योगिक संबंध संहिता 2020 . व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्यदशायें 2020 को कुछ संसोधनों के पश्चात लागू कराला चाहता है , क्योंकि इसमें कुछ प्रावधान श्रमिकों के हित में नहीं है प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि वेतन सहिता 2019 , सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 को शीघ्र लागू किया जाये किन्तु व्यवसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य एवं कार्यदशाये संहिता 2020 एवं औद्योगिक संबंध संहिता 2020 में संशोधन के पश्चात लागू किया जाये । आशा है कि श्रमिकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने की भांग की गई है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह विभाग प्रमुख अरुण गौड़ राजकुमार शर्मा साहब सिंह जुल्फिकार अहमद आदि उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'एनईपी-2020: सेन्सिटिजेशन एण्ड ओरिएंटेशन' विषय पर हुआ यूजीसी-एफडीपी का शुभारम्भ

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (यूजीसी-एमएमटीटीसी), जेएनवी यूनिवर्सिटी, जोधपुर, राजस्थान के सहयोग से ''एनईपी- 2020: सेन्सिटिजेशन एण्ड ओरिएंटेशन'' विषय पर ऑनलाइन माध्यम से आयोजित 'यूजीसी-फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी)' का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलस.चिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को शिक्षित और जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। वहीं जेएनवी यूनिवर्सिटी, जोधपुर, राजस्थान में (यूजीसी-एमएमटीटीसी) के निदेशक प्रो. राजेश कुमार दुबे ने कहा कि एनईपी- 2020 आने वाली युवा पीढ़ी के लिए करियर के नए द्वार खोलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण संस्थानों में एनईपी-2020 को भली-भांति लागू करने के लिए शिक्षकों को जागरूक और प्रशिक्षित किया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक व स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक प्रो. मोहन लाल 'आर्य' ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रोग्राम ऑनलाइन माध्यम से २५ मार्च तक चलेगा। इस प्रोग्राम में देश के कई राज्यों के विख्यात शिक्षण संस्थानों के २९० से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। एफडीपी के प्रथम दिन पंजाब यूनिवर्सिटी के आईक्यूएसी के निदेशक व रिसोर्स पर्सन प्रो. संजीव कुमार शर्मा तथा आईआईआईटी, प्रयागराज के निद.शक व रिसोर्स पर्सन प्रो. मुकुल सुटावने ने कहा कि सभी शिक्षक एनईपी- 2020 की नियमावली का गहराई से अध्ययन करें और इसे शिक्षण संस्थानों में लागू करते समय सावधानी बरतते हुए आपस में चर्चा भी करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरिता तथा श्री भावेश मिश्रा ने किया व पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



प्रो. मुकुल सुटावले, निदेशक, आईआईआईटी, प्रयागराज



प्रो. संजीव कुमार शर्मा, निदेशक आईक्यूएसी, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़

# आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन ने कराया रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की ओर से यौमे जंगे बदर के मौके पर आज जिगर कालोनी स्थित फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद आसिफ हसन के निवास पर एक रोजा इफ्तार का आयोजन कराया गया। जिसकी सरपरस्ती फेडरेशन के जिला अध्यक्ष मुजाहिद पठान ने की। मुफ्ती दानिशुल कादरी ने इस मौके पर रोजे की अहमियत पर रोशनी डालते हुए बताया कि रोजे का मकसद सिर्फ भूखे प्यासे रहना नहीं है महानगर अध्यक्ष साहिल शम्सी ने कहा कि इस माह में गुनाहों से बचना है और यह एहसास करना है प्रदेश महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि न जाने कितने लोग ऐसे है जो दुनिया मे भूखे सोते है महानगर महासचिव फिरोज खान ने कहा कि रोजे के जरिए भूख का एहसास व भूखों की मदद करने का जज्बा पैदा होता है। इफ्तार से पहले देश की तरक्की व विकास के लिए दुआ कराई गई। इफ्तार के बाद मीडिया से बात करते हुए हाजी सय्यद आसिफ हसन ने बताया की १७ रमजान मुबारक को बदर का वाकिया पेश आया था जिसमे इंसानियत व हक की जीत हुई थी और बातिल कि हार हुई थी। इस लिए हर साल इस मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन रोजे इफ्तार का आयोजन कर इस अजीम वाकिया की याद को ताजा करती है। इस मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद जुनेद पार्षद, पूर्व पार्षद असलम परवेज ,पूर्व महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी शान ए अली शानू , मोहम्मद इकमान अली , कुलदीप तुरैहा ,मोहम्मद आरिफ , रविचंद्र , अब्दुल समद चौधरी, चांद खान , ने अपने विचार रखें। जाबर खाँ, परवेज खां, अतीक उर रहमान, , आदि मौजूद रहे।




### बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र फैज को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फैज के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**हामिद हुसैन पुत्र सुक्खन व श्रीमती शगुफ्ता पत्नी हामिद हुसैन निवासीगण जयंतीपुर मीनानगर, जिला मुरादाबाद।**

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र निशांत कुमार रवि को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री मक्खन सिंह निवासी ए/11 आदर्श नगर नजीबाबाद जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश )।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा पुत्र सुल्तान तथा उसकी पत्नी फिरदौस गलत संगत में पड़ गए हैं। मेरा कहां सुना भी नहीं मानते हैं। इसलिए मैंने अपने पुत्र सुल्तान तथा उसकी पत्नी फिरदौस को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य मे मेरा तथा मेरे परिवार का इन दोनों से कोई वास्ता नहीं रहेगा। रफीकन पत्नी नन्हे निवासी ग्राम किवाड़, परगना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

# गंदा पानी बना मुसीबत, किसानों की जमीन बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर से गुजरने वाला पानी लाइन पास चांदपुर मंगोल के लोगों के लए बना मुसीबत लंबे समय से नगर का पनी कुंदरकी लाइनपार जैतपुर पट्टी चांदपुर मंगोल के निवा.सियों का सिर दर्द बना हुआ है । बेकाबू गंदा पानी क्षेत्र की कई एकड़ जमीन है बर्बाद कर दी है। हद तो यहां तक हो गई। है की चांदपुर मंगोल गांव में पानी प्रवेश कर रहा है। अभी हाल में कुंद.रकी भाजपा विधायक ठाकुर रमवीर सिंह ने लोगों को भरोस दिया था जैतपुर पट्टी पुल के पानी निकासी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को उम्मीद भी है। लंबे समय से इस गंदे पानी निकासी को लेकर किसी भी जन प्रतिनिधि ने निजात नहीं दिलाई।

**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**परिवाद संख्या :** 885 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 16.05.2025
**धारा-144 B.N.S.S.**
**श्रीमति महक बनाम नईम**
**बनाम**

नईम उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र सलीम उर्फ सल्लन निवासी चांदपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादी।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 16 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 18 को निकाली गयी है।

**वि० वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 08 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 03.04.2025
**प्रशांत कुमार बनाम काजल सैनी**

प्रशांत कुमार आयु करीब 23 वर्ष पुत्र श्री सतेन्द्र कुमार निवासी मण्डी रोड ढक्के की पुलिया सूर्यनगर लाइनपार मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

काजल सैनी आयु करीब 22 वर्ष पुत्री श्री राजू सैनी निवासी मौहल्ला सूर्यनगर लाइनपार मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम रसूलपुर सुनवाती तहसील व जिला मुरादाबाद। **प्रतिवादनी।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि निरस्तीकरण विवाह प्रमाण पत्र अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 04 के दिवस 03 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 17 को निकाली गयी है।

**आदेशानुसार-मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत करनावाला खालसा
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 18.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत करनावाला खालसा में पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 24.03.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोमल के घर से गंगा के घर की ओर सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईंट, बजरी, सीसी टाईल्स आदि। | 120681/- | 2414/- | 250/- | 1 माह |
| 2 | वीर सिंह के घर से अजीत के घर की ओर खड़ंजा निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईंट, आदि। | 216196.96 | 4324/- | 250/- | 1 माह |
| 3 | वाल्मीकि वाली गली से मैन रोड तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईंट, आदि। | 117866/- | 2358/- | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-करनावाला खालसा**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत समदा चतुर्भुज
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 18.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत समदा चतुर्भुज विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 27.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.03.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से किशनपाल के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 67 मी0 | 313241/- | 100 | 2% | 3 माह |
| 2 | राजकुमार के घर से मुनीशपाल सिंह वाली गली में नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 73 मी0 | 265663/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत समदा चतुर्भुज**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर खाद्य सुरक्षा पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**ठाकुंरद्वारा।** क्षेत्र की जनससमयाओं को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधि मंडल ने मंडलायुक्त से मिलकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर व्यापारियों का उत्पीड़न और उच्चाधिकारियों के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। भारतीय जनता पार्टी का प्रति. निधि मंडल विधानसभा प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि के नेतृत्व में जन समस्याओं को लेकर कमिश्नर मुरादाबाद से प्रतिनिधिमंडल मिला और कमिश्नर मुरादाबाद को मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल के ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि कमिश्नर मुरादाबाद को ठाकुरद्वारा में कार्यरत क्षेत्राधकारी पुलिस अमरेंद्र कुमार सिंह ने खाद्य विभाग की टीम को साथ लेकर ठीक होली के दिन नगर की दुकानों से खाद्य पदार्थ के नमूने एकत्र करने शुरू कर दिए। इससे नगर में व्यापारियों में हड़प्पा बच गया तथा सारा बाजार बंद हो गया। ग्रामीण क्षेत्र से नगर में से होली पर्व की खरीदारी करने आए ग्राहक वापस अपने घर चले गए। जिसकी सूचना पर व्यापार मंडल के पद पदाधिकारी तथा अन्य संगठन के के कार्यकर्ता एवं ठाकुरद्वारा विधानसभा के प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने अधिकारियों से होली के त्यौहार के दिन कार्यवाही को अनुचित बताया तथा विरोध किया। अजय प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्यवाही होली के कई दिन पूर्वी की जा सकती थी पुलिस क्षेत्र अधिकारी अमरिंदर सिंह एवं पुलिस टीम ने रंग गुलाल बेच रहे व्यापारियों को भी धमकाया। इस पर भारी संख्या में एकत्र व्यापारियों एवं भाजपा नेताओं ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी ठाकुरद्वारा क्षेत्र द्वारा होली के पूर्व भारी अवैध वसूली उच्च अधिकारियों के नाम पर एकत्र करने का आरोप लगाया। व्यापारियों ने भाजपा नेताओं एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी को बताया कि युक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी आए दिन व्यापारियों से अवैध वसूली करके उनका मान. सिक उत्पन्न करता है। भाजपा नेताओं एवं व्यापार मंडल के अधिकारियों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के विरुद्ध तत्काल भ्रष्टाचार के आरक्षण की जांच कर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की। इस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल नागेंद्र लंबा भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार पवन पुष्पद व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल मयंक कुमार चौहान उपस्थित रहे।

# ब्लॉक बनियाखेड़ा में ब्लॉक प्रमुख ने ली समीक्षा बैठक

## ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुंगधा सिंह ने दिए सचिवों को निर्देश



**चन्दौसी।** मंगलवार को ब्लॉक बनियाखेडा में ब्लॉक प्रमुख द्वारा सचिवों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। वहीं ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी सचिवों को बुलाकर बिंदुबार समीक्षा की गई। ब्लॉक प्रमुख डॉ० सुगंधा सिंह द्वारा सबसे पहले सभी सचिवों को होली पर्व की बधाई दी गयी। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सभी सचिव अपने क्षेत्र में हुए विकास के सबंध में पात्रों की सूची उपलब्ध करायें। ऐसे कौन से व्यक्ति हैं जो पात्र होने के बाद भी छूटे हुये चल रहे हैं। ऐसे लोगों का डाटा आपके पास होना चाहिए जिससे पता चले कि किसको इस योजना का लाभ मिला है और कौन व्यक्ति वंचित रह गया है। इसके साथ ही विधवा पेंशन, आवास आदि के संबंध में डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। प्रमुख ने कहा कि कुछ ग्रामीणों की शिकायतें आ रही हैं कि आवास के संबंध में कुछ विचौलिया काम करे है।। ऐसा कोई प्रकरण सामने नहीं आना चाहिए। सचिवों ने कहा कि वह लगाातार सर्वे कराया जा रहा है सर्वे के आधार पर पात्र और अपात्र का चयन चल रहा है जिससे योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि शिवेन्द्र ने कहा कि बुधवार को पेंशन के संबध में बैठक का आयोजन किया जाता है। ब्लॉक के विभिन्न गावों में लगे नलों के बारे में जानकारी ली गयी तो पता चला कि नलों के संबंध में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आयी शिकायतों के आधार पर उन्हें शीघ्र निस्तारित किया जाता है। 75 ग्राम पंचायतों की समीक्षा होनी चाहिए। वहीं ढकनगला में मनरेगा का भुगतान नहीं हुआ है बल्कि काम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल ब्लॉक प्रमुख ने शादी अनुदान को लेकर अनेक बिन्दुओं पर भी चर्चा की।

# नागपुर में अफवाह फैलाने व हिंसा करने वाले जिहादियों के विरुद्ध हो कठोर कार्यवाही

**मुरादाबाद।** विहिप के केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने मांग कि नाग. पुर में अफवाह फैलाकर, हिंसा व आगजनी करने वाले जिहादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हो तथा औरंगजेब की कब्र के स्थान पर पूज्य धनाजी जाधव, संताजी



घोरपडे, छत्रपति राजाराम महाराज जी का स्मारक बने। इस घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा है कि महाराष्ट्र के नागपुर में कल रात्रि को जो आगजनी और हमले की घटनाएं मुस्लिम समाज के एक वर्ग द्वारा जो की गईं वे पूर्णत: निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा विभाग बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के घरों पर हमले किए गए, उन्होंने हिंदू समाज के अनेक घरों को निशाना बनाया और महिलाओं को भी नहीं छोड़ा गया। विश्व हिंदू परिषद इस सब की घोर शब्दों में निंदा करता है। यह बेहद शर्मनाक है कि एक तो यह झूठ फैलाया गया कि हिंदू समाज ने आयतें जलाई हैं और दूसरी ओर हिंसा भड़काने का कुत्सित प्रयास हुआ। ऐसे सभी समाज कंटक जिहादी उत्पतियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। डॉ राजकमल गुप्ता ने यह भी कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज नगर में जो औरंगजेब की कब्र है उसका महिमा मंडन बंद कर उसमें कोई सुधार करने का विषय भी नहीं सोचना चाहिए। अपितु उसकी जगह पर वहां औरंगजेब को जिन्होंने पराजित किया, ऐसे श्री धनाजी जाधव और श्री संताजी घोरपडे तथा साथ में ही छत्रपति श्री राजारामजी महाराज का एक विजय स्मारक बनाना चाहिए। जहां मराठों के साम्राज्य में औरंगजेब को परा. जित करने का एक विजय स्तंभ बने, वही मांग विश्व हिंदू परिषद कर रही है और इसलिए ऐसे हिंसा में लगे हुए लोगों के विरुद्ध तुरंत कार्यवाही करके कठोर से कठोर रीति से इनका दमन करना चाहिए।

# खत्री सभा में हुआ बड़ा बदलाब श्याम खन्ना अध्यक्ष

■ कमल अरोरा महासचिव तथा दीपक कपूर बने कोषाध्यक्ष

**मुरादाबाद।** खत्री सभा रजि. की बैठक में नई सदस्यता पूर्ण होने के पश्चात मुख्य चुनाव अधिकारी पी के कपूर ने आज सभा के नये पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमे श्याम खन्ना को अध्यक्ष कमल अरोरा को महासचिव व दीपक कपूर को कोषाध्यक्ष बनाया गया साथ ही उन्होंने चार उपाध्यक्ष जिसमे दिनेश कुमार कपूर,रवि मेहरोत्रा,विजय टंडन,त्रिलोकी नाथ खन्ना को उपाध्यक्ष तथा चार सह सचिव जिसमे शैलेश खन्ना, संजय मेहरोत्रा,शरद कपूर,विवेक अरोरा व सयुंक्त सचिव विनोद नारायण मेहरोत्रा,पंकज टंडन, राजीव अरा. ेरा,राजीव सरीन(राजू) व राजीव अरोरा को संगठन मंत्री राज नारायण मेहरोत्रा को भंडारी बनाया गया। कार्यकारिणी की घोषणा उपरांत अध्यक्ष श्याम खन्ना ने चुनाव अधिकारी पी के कपूर का धन्यबाद देते हुए साथ ही उन्होंने पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नारायण खन्ना के सहयोग को सराहा और कहा कि भविष्य में उनके मार्ग दर्शन में खत्री सभा का कार्य किये जाने का संकल्प लिया। उन्होंने घोषणा की कि सभा द्वारा जो पूर्व में महिलाओं को मासिक पेंशन दी जा रही थी उसका नाम,खत्री महिला कल्याण मासिक योजना करके एक हजार रुपये के स्थान पर बढ़ाकर साढ़े बारह सौ रुपये प्रति माह तत्काल कर दिया गया है जिसके आवेदन पत्र शीघ्र भरबा कर उसका वितरण आगामी 8 अप्रेल को आयोजित होने बाले राज ऋषि पब्लिक स्कूल के रजत जयंती समारोह में किया जाएगा। अध्यक्ष श्याम खन्ना ने यह भी घोषित किया कि समाज की महिलाओं के स्वलम्बी एव सशक्ति करन हेतु खत्री महिला निधि योजना भी लागू की गई है जिसके अंतर्गत दस हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त आर्थिक सहायता की जाएगी जिसको की एक साल के भीतर संस्था को मासिक किस्त के रूप में वापस करना होगा इसके लिये इसी वित्तयी वर्ष में ५ लाख की धनराशि का प्रवधान रखे जाने की बात भी उन्होंने बताई। उन्हीने खत्री विवाह अनुदान योजना शरू करने का एलान करते हुए कहा कि एक वित्तीय वर्ष में दो लाख रुपये तक का अनुदान इस मद में दिया



जसएगा एक अन्य घोषणा करते हुए उन्हीने कहा कि स्मसज में अब कोई धन की तंगी के कारण इलाज कराने से वंचित नही रहेगा इस मद में भी ढाई लाख रुपए की निधि रखी गयी है इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल में खत्री महिलाओं द्वारा लघु उद्योग के रूप में किये जा रहे पापड़ कचरी आदि की यूनिट को बड़ा विस्तार दिए जाने की घोषणा की। नव नियुक्त अध्यक्ष श्याम खन्ना ने अपने आदर्श एवं मार्ग दर्शक रहे स्व विनोद खन्ना जी का भी स्मरण करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में स्थापित बस्त्र बैंक के वेनर तले खत्री सभा बस्त्र यज्ञ का आयोजन प्रयेक माह किया जाएग्स उन्होंने खत्री सभा द्वारा सनचसलित अंतिम यात्रा वाहन एवं एम्बुलेंस की समस्त कानूनी अड़चनों को प्रथमिक्ट्स के आधार पर निस्तारण कर दिया जाएगा उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह किया कि सभी अपने को अध्यक्ष माने। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज कुमार अरा. ेरा,प्रदीप टंडन गुड्डन,मनोज कपूर, कमल टंडन, संजीव खन्ना,राकेश मेहरोत्रा टिल्लू,सुनील खन्ना, सहित नव नियुक्त सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### यातायात के नियमों को लेकर किया जागरूक

**बिलारी।** ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक यूनुस खान के साथ पुलिस टीम ने महाराणा प्रताप चौक पर तीन सवारी, तेज स्पीड पर चलाने,डी एल, विना हेलमेट वाहन चालकों आदि को यातायात के नियमों को लेकर जागरूक किया। ट्रैफिक पुलिस उपनिरीक्षक यूनुस खान के साथ पुलिस टीम के विष्णु, हरिओम, अरविंद, प्रवेश आदि ने बस स्टैंड, गांधी मूर्ति पार्क चोराहा आदि में भी भ्रमणकर वाहन चालकों को जागरूक किया।

### एक दिवसीय रासलीला के दौरान भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की झांकियां की प्रस्तुति

**ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लौंगी कला के प्राचीन चामुंडा शिव मंदिर पर एक दिवसीय रासलीला का आयोजन किया गया। मंगलवार को चामुंडा शिव मंदिर पर चल रही एक दिवसीय रासलीला में वृंदावन से आए हरि बोल गौरांग कृष्ण रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा अति सुंदर रूप से भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला माखन चोर ,मटकी फोड़ आदि दर्शाया गया और साथ ही भगवान के 10 अवतार सुंदर कथा सुनाते हुए झांकियां रूप में नरसिंह अवतार भगवान परशुराम अवतार भगवान वामन अवतार बरसाने की लठमार होली एवं फूलों वर्ष फूलों की होली अति सुंदर रूप के दर्शन कराए गए। रासलीला के दौरान मंदिर परिसर में मंदिर के महंत रवि नाथ महाराज नरोरा स्थित श्री श्री 108 श्री चेतन देव आश्रम के गुरु अशोक कुमार भारद्वाज बाबू सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से तरुण राजपूत खंड संपर्क प्रमुख नेतराम ओमेंद्र चौहान जिला संपर्क प्रमुख मुरादाबाद उमेश चौहान देवेंद्र चौहान एवं समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

### शांति भंग में एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग गांव में मारपीट पर उतारू एक महिला सहित दो लोगों का पुलिस ने शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर मिलक के ग्राम प्रधान अशोक कुमार द्वारा गांव की निर्मला देवी पर गौशाला की चारा भूमि से चारा काटने पर शिकायत की तो महिला द्वारा ग्राम प्रधान से मारपीट पर उतारू होने पर पुलिस ने महिला को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं भायपुर निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने सुंदर पुत्र मुन्नेलाल को मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरा. ेप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने महिला सहित दोनों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां पर उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव ने आज निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय पीपली, बिलारी का निरीक्षण किया। अटल आवासीय विद्यालय के इसी शैक्षिक सत्र में शुरुआत होने के दृष्टिगत उन्होंने निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में हो रहे फिनिशिंग के कार्यों को बारीकी से चेक करते हुए शेष कार्य को जल्द ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने विद्युत सप्लाई संबंधी कार्य,कंप्यूटर और आईटी के सामान जो विद्यालय के लिए आए हैं को भी चेक किया। कक्षाएं ०१ अप्रैल से शुरू हो सके इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए हॉस्टल के रूम, मेस,टॉयलेट संबंधी, विद्युत सप्लाई संबंधी, एस टी पी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार को २५ अप्रैल तक शेष सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की खिड़कियों की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने गुणवतापूर्ण ससमय कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी द्वारा कम मजदूरों की मौजूदगी के चलते नाराजगी व्यक्त करते हुए ,ठेकेदार को पर्याप्त संख्या में मजदूरों को लगाने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव,उप श्रम आयुक्त दीप्तिमान भट्ट ,सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# विद्युत चोरी पकड़ने के लिए विद्युत टीम का छापा



**चन्दौसी।** मार्च माह में गर्मी बढते ही बिजली की खपत बढ गयी है। अचानक लोड भी बढ गया है। आखिर विद्युत अधिकारी होली का त्यौहार समाप्त होने के बाद विद्युत अधिकारी विद्युत चोरी कराने वालों के खिलाफ कार्यवाही को उतर पडे हैं। मंगलवार को संभल विजीलैंस टीम ने विद्युत अधिकारियों के साथ कनेक्शनों को चौक किया। चोरी से बिजली करने वाले लोगों पर खिलाफ विद्युत चोरी की रिपोर्ट दर्ज भी करायी जा रही है। वहीं जिन लोगों ने विद्युत बिल बकाया 5000 से अधिक है। उनके कनेक्शन विच्छेदित किये गये हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने आधार संसोधन की समस्या के लिए प्रबल अधीक्षक डाकघर से की मुलाकत

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने मंगलवार को नगर में पोस्ट ऑफिस पर आधार संशोधन की समस्या को लेकर मुरादाबाद में मुरादाबाद प्रबल अधीक्षक डाकघर मुरादाबाद से मिलकर अवगत कराया। ठाकुर अजय प्रताप सिंह भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल द्वारा ठाकुरद्वारा डाकघर में आधार संशोधन के साथ ही ठाकुरद्वारा पोस्ट ऑफिस में स्टाफ बढ़ाने की मांग की। इस इस पर प्रबल अधीक्षक डाकघर मुरादाबाद मैं ने अपने अधीनस्थ कार्य कर्मचारियों को बुलाकर विस्तार से मंत्रणा की। इसके बाद परिवार अधीक्षक ने एक-दो दिन में आधार संशोधन की समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस प्रति. निधि मंडल में विधानसभा मीडिया प्रभारिक कमलेश कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल नागेंद्र लंबा नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहेपवन पुष्पद अभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ढाबा संचालक के साथ मारपीट में तीन दिन बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**ठाकुरद्वारा।** तीन दिन पूर्व ढाबे में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की गई। पीडिघ्त लगातार कोतवाली के चक्कर काट कर न्याय की गुहार लगाई लगा रहा है। कोतवाली की चौकी सुरजन. नगर निवासी विशाल कुमार पुत्र महेंद्र सिंह ने बताया कि सुरजननगर स्योहार मार्ग पर उसका ढाबा है। वह 16 मार्च 25 को अपने ढाबे पर बैठा था। तभी कई बाईको पर सवार होकर आधा दर्जन से ज्यादा लोग उसके ढाबे में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर विशाल कुमार को बुरी तरह लाठी डंडो से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए आस पड़ोस के लोगों को आता देखकर फरार हो गए। पीडिघ्त ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन तीन बाद कोई कार्रवाई न होने पर मंगलवार को पीडिघ्त पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा का कहना है कि दो दिन पूर्व पीडिघ्त पक्ष ने चौकी पुलिस को तहरीर दी थी, । आज कोतवाली पहुंचे है। दोनो पक्षो के बीच बुधवार को आपसी समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा।

**प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर कद्दीम, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर कद्दीम विकास खण्ड छजलैट जनपद मुरादाबाद में स्थित (मूल भवन) जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण की नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./11595-11600/2024-25 दिनांक 01.02.2025 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2025 को विद्यालय भवन के परिसर में 10.00 बजे होगी। इच्छुक बोली दाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

अंशु शर्मा (सचिव) — सुरेन्द्र सिंह (अध्यक्ष) वि०प्रबंध समिति

प्रधानाध्यापक-प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर कद्दीम, वि.खं. छजलैट (मुरादाबाद)

**उच्च प्राथमिक विद्यालय मौहम्मदपुर भगवानदास, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

उच्च प्राथमिक विद्यालय मौहम्मद भगवानदास विकास खण्ड छजलैट जनपद मुरादाबाद में स्थित मूल भवन के ध्वस्तीकरण के लिए स्वीकृत भवन की नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./11595-11600/2024-25 दिनांक 01.02.2025 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2025 को विद्यालय भवन के परिसर में 10.00 बजे होगी। इच्छुक बोली दाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

नौतेन्द्र कुमार /(सचिव) — मुकन्दी (अध्यक्ष) वि०प्रबंध समिति

प्रधानाध्यापक-उच्च प्राथमिक विद्यालय मौहम्मदपुर भगवानदास, वि.खं. छजलैट (मुरादाबाद)

**कम्पोजिट विद्यालय विचपुरी, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

जू. हा. स्कूल बिचपुरी (कम्पोजिट) विकास खण्ड छजलैट जनपद मुरादाबाद में स्थित प्रा. वि. बिचपुरी में स्थित अतिरिक्त कक्ष सं.-04 व जू. हा. स्कूल बिचपुरी में स्थित मूलभवन के कक्ष संख्या 03, 04 के ध्वस्तीकरण के लिए नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./11595-11600/2024-25 दिनांक 01.02.2025 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2025 को विद्यालय भवन के परिसर में 10.00 बजे होगी। इच्छुक बोली दाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

फातमा खातून प्रधानाध्यापिका/ सचिव — कौसर (अध्यक्ष) वि०प्रबंध समिति

प्रधानाध्यापक- कम्पोजिट विद्यालय बिचपुरी, विकास खण्ड छजलैट (मुरादाबाद)

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र दीपक कुमार व पुत्रवधू श्रीमती रेनू दिवाकर को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। ओमप्रकाश पुत्र बुद्धा राम निवासी म.न. 223 मंगूपुरा थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद हाल निवासी 2/122 बुद्धि विहार, मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित करता हूं अनिल कुमार धवन के नाम की संपत्ति स्थित लकड़ी फाजलपुर माया नगर सहकारी आवास समिति मुरादाबाद की चौन से संबंधित मूल विक्रय पत्र संख्या-2833 दिनांक 23/03/2005 जो दीपिका अग्रवाल के नाम है तथा विक्रय पत्र संख्या 13464 दिनांक 30/10/07 जो पारुल जैन के नाम है जिस पर वर्तमान मैं फैक्ट्री बनी है ये दोनों विक्रय पत्र कहीं गुम हो गए है भविष्य में इन कागजात का दुरुपयोग ना हो यह संपत्ति यस बैंक मैं बंधक हो रही है इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है कि किसी व्यक्ति,बैंक, वित्तीय संस्था आदि को यदि आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन के अंदर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें।

आशुतोष त्यागी एडवोकेट
चेंबर नंबर-19 मुरादाबाद
मोबाइल नंबर-9456030419

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र रागिव व पुत्रवधू श्रीमती नाजिया जहां को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। शहजाद अली पुत्र मकबूल निवासी ग्राम बहेड़ी थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र फरहान को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फरहान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**मौ० अनीस पुत्र मौ० उमर निवासी ग्राम चमरौआ थाना मूढ़ापांडे, जिला मुरादाबाद।**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication — दिनांक : 18.03.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 366-DRM-MB-24-25 Date 18.03.2025 |
| कार्य का नाम | Miscellaneous Bridge works in the Section of ADEN/HRI/II under DEN/II/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 11.04.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 94,98,562.20 |
| धरोहर राशि | 1,90,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 28.03.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |

845/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 — दिनांक: 18.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़ विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 02.04.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 02.04.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रघुवीर के घर से आनन्द के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 344881.08 | 1000 | 2% | 1 माह |
| 2 | तकीम मियां के घर से शाकिर के घर तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 270982.09 | 1000 | 2% | 1 माह |

प्रतिबंध/शर्तें:-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़
विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद

# केकेआर-आरसीबी के बीच होगा IPL का आगाज

## शुरुआत 22 मार्च से होगी, 12 बार होंगे डबर हेडर, फाइनल मैच ईडन गार्डंस स्टेडियम में

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। ओपनिंग सेरेमनी भी कोलकाता में ही होगी। इस सीजन में 10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं।

बीसीसीआई ने 2022 में टीमों को 8 से बढ़ाकर 10 कर दिया था। तब से लीग में 10 टीमें ही खेल रही हैं। 10 टीमों को 5-5 के दो ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की 4 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी, जबकि दूसरे ग्रुप की 4 टीमों से एक-एक और पांचवीं टीम से 2 मैच खेलेगी। मान लीजिए ग्रुप-ए की टीम सीएसके अपने ग्रुप में केकेआर, त्त, आरसीबी और पीबीकेएस से 2-2 मैच खेलेगी। वहीं, दूसरे ग्रुप-बी की एक टीम मुंबई के खिलाफ चेन्नई के 2 मैच होंगे, वहीं हैदराबाद, गुजरात, दिल्ली और लखनऊ के खिलाफ 1-1 मैच होगा। 13 वेन्यू पर मैच खेले जाएंगे। 10 टीमों के होम वेन्यू के अलावा, 3 टीमों ने सब्स्टिटयूट वेन्यू भी रखे हैं। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम के 2 मैच होंगे। धर्मशाला पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का दूसरा होम ग्राउंड है।

यहां टीम के 3 मैच होंगे। विशाखापटनम दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी। सबसे ज्यादा 9-9 मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम और हैदराबाद के राजीव गांधी उप्पल इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यहां टीम के 7 होम मैचों के अलावा प्लेऑफ के 2-2 मुकाबले भी होंगे। आईपीएल में परंपरा रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच पिछली चैंपियन के होम ग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी उप्पल स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा। मेगा ऑक्शन के बाद कुछ टीमों ने अलग-अलग कारणों से अपने खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट जारी किए। हैरी ब्रुक निजी कारणों की वजह से नहीं खेल रहे हैं। वहीं अल्लाह गजनफर, लिजाड विलियम्स, ब्रायडन कार्स और उमरान मलिक इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं। लीग के दौरान शनिवार और रविवार को डबल हेडर मैच होते हैं। डबल हेडर यानी कि एक दिन में दो मुकाबले। इस बार 12 डबल हेडर होंगे। 22 मार्च से हर दिन मैच खेले जाएंगे। 18 मई को ग्रुप स्टेज खत्म होगा। प्लेऑफ के दौरान 19, 22 और 24 मई को मैच नहीं होंगे। 18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। दोपहर 3.30 बजे से एसआरएस और आरआर हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे। लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा, इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। फिर 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2 होगा। फिर 25 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन भी इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल रहेगा। बीसीसीआई ने 28 सितंबर 2024 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल को 2025 से 2027 तक जारी रखने का फैसला किया था। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के तहत टीमें बीच मैच में किसी एक प्लेयर को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती हैं। हालांकि, रिप्लेस किया गया खिलाड़ी उस मैच में वापस नहीं आ सकता है। इस तरह एक मुकाबले में एक टीम से 12 खिलाड़ी खेलते हैं। किसी टीम की प्लेइंग-11 में विदेश के 4 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं, बाकी 7 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देना होगा। टीमें चाहें तो 11 भारतीय प्लेयर के साथ भी उतर सकती हैं। दोनों टीमें अगर अपनी-अपनी पारियों में बराबर रन बनाती हैं तो मैच टाई होता है। इसके बाद फैसले के लिए सुपर ओवर खेला जाता है। इसमें दोनों टीमें 1-1 ओवर बैटिंग करती हैं, ज्यादा रन बनाने वाली टीम विजेता होती है। सुपर ओवर भी टाई रहा तो अगला सुपर ओवर होगा। यह तब तक होगा, जब तक नतीजा नहीं आ जाता।



# मयंक यादव ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू किया

- **मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे है**

**बंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए राहत की खबर आई है। टीम के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने बंगलुरू स्थिति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में गेंदबाजी अभ्यास शुरू कर दिया है।

मयंक को पिछले साल चोट लगी थी और तभी से वह रिहैब से गुजर रहे हैं। आईपीएल के आगामी सत्र की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है, लेकिन माना जा रहा है कि मयंक शुरुआती चरण का हिस्सा नहीं होंगे। मयंक 2023 सीजन में चोट के कारण बाहर रहे थे, लेकिन उन्होंने पिछले सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू मैच में ही तीन विकेट झटके थे। इसके बाद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मैच में भी उन्होंने तीन विकेट लिए जिससे लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। हालांकि, उनका अभियान सिर्फ चार मैचों तक ही सीमित रहा क्योंकि साइड स्ट्रेन के कारण वह आगे नहीं खेल सके। पिछले सीजन ज्यादातर समय बाहर रहने के बावजूद लखनऊ फेंचाइजी ने उन पर भरोसा जताया और मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया।

मयंक की स्थिति में हालांकि सुधार दिख रहा है और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है। मयंक ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह कोच की देखरेख में सीमित रनअप के साथ गेंदबाजी करते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से पता चला था कि मयंक नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनमें मैच की तैयारी दिख रही है। लखनऊ की टीम को अब सेंटर ऑफ एक्लीसेंस से हरी झंडी मिलने का इंतजार है जिससे मयंक टीम से जुड़ सकें। बताया जा रहा है कि मयंक अप्रैल के दूसरे सप्ताह में टीम के साथ जुड़ सकते हैं। लखनऊ फेंचाइजी को उम्मीद है कि मयंक 11 या 12 अप्रैल को टीम के साथ जुड़ेंगे।

# न्यूजीलैंड ने पाक को रौंदा

**डनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टिम साइफर्ट (45) और फिन ऐलन (38) की शानदार आतिशी पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-0 से बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 135 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टिम साइफर्ट और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़। पांचवें ओवर में मोहम्मद अली ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे टिम साइफर्ट को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। टिम साइफर्ट ने 22 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में जहानदाद खान ने फिन ऐलन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। फिन ऐलन ने 16 गेंदों में एक चौका और पांच छक्के लगाते हुए (38) रन बनाये। इसके बाद खुशदिल शाह ने मार्क चैपमैन (एक) को आउट किया। डैरिल मिचेल (14) और जिमी नीशम (पांच) को हारिस रउफ ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 13-1 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मिचेल हे 16 गेंदों में (21) और कप्तान माइकल ब्रेसवेल (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो और मोहम्मद अली, खुशदिल शाह और जहानदाद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां बारिश के कारण टॉस देर से हुआ। जिसके बाद ओवरों की संख्या घटाकर 15-15 ओवर कर दी गई। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। हसन नवाज (शून्य) और मोहम्मद हारिस (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान आगा सलमान और इरफान खान ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ईश सोढ़ी ने इरफान खान (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर सोढ़ी ने खुशदिल शाह (शून्य) को भी आउट कर पाकिस्तान को चौथा झटका दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। 10वें ओवर में बेन सीयर्स ने कप्तान आगा सलमान को आउट किया।



### खेल विशेष

# पाक मूल के क्रिकेटर जुनैदा की ऑस्ट्रेलिया में मौत

**ऑस्ट्रेलियाई क्लब मैच के समय मैदान पर गिरे, 41.7 डिग्री सेल्सियस पर 40 ओवर फील्डिंग की थी**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गई। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई। शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे। मुकाबले के समय तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था। बेहोश होकर मैदान पर गिरे रोजे पर रहे जुनैद ने गर्मी में करीब 40 ओवर फील्डिंग की। मैच के समय शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वे बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। जुनैद ने ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी की थी। इस दौरान वे 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे।

जुनैद 2013 में पाकिस्तान से एडिलेड आए थे। जुनैद रमजान के दौरान रोजे रख रहे थे, लेकिन उन्होंने पूरे दिन पानी पिया। क्योंकि इस्लामिक नियमों के अनुसार अगर कोई व्यक्ति बीमार या अस्वस्थ महसूस करता है तो उसे रोजे के दौरान पानी पीने की अनुमति होती है। क्लब जुनैद के क्रिकेट क्लब ने दुख जताते हुए कहा, शहम अपने एक स्टार सदस्य की मौत से बहुत दुखी हैं। मैच के दौरान अचानक उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। पैरामेडिक्स की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं।



# चोटिल फुटबॉलर लियोनेल मेसी विश्व कप क्वालीफायर से हुए बाहर

- **मेसी अंटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हो गए थे चोटिल**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आगामी फीफा विश्वकप क्वालीफायर मैचों से बाहर हो गए हैं। क्वालीफायर के लिए घोषित 25 सदस्यीय टीम में मेसी को शामिल नहीं किया गया है। 37 वर्षीय मेसी अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी द्वारा जीते गए मुकाबले में रविवार को चोटिल हो गए थे। इंटर मियामी ने मेसी की मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि की है। क्लब ने कहा है कि मेसी ने अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मैच में दर्द की शिकायत के बाद उनका एमआरआई स्कैन कराया। जांच में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई है। चिकित्सक दल ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी गई है। पिछले हफ्ते जमैका की टीम कैवेलियर के खिलाफ कॉनकाकफ चैंपियंस कप की जीत में बेंच से उतरने और स्कोर करने से पहले मेसी को मियामी के तीन मैचों के लिए आराम दिया गया था।

# न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच तीसरा महिला टी-20 मैच बारिश के कारण हुआ रद्द

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड), वार्ता।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच मंगलवार को तीसरा महिला टी-20 मैच भारी बारिश के कारण बेनतीजा रहा। इसी के साथ दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हो गई। यहां यूनिवर्सिटी ओवल में श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए आठ ओवर में 60 रन जोड़े। चामरी अटापट्टू ने सूजी बेट्स को आउटकर श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। बेट्स ने 28 गेंदों पर 31 रन बनाये। एम्मा मैकलियोड (चार) और ब्रुक हैलीडे (शून्य) पर आउट हुई। बारिश होने के कारण खेल को रोकने के समय जॉर्जिया प्लिमर 37 गेंदों में (नाबाद 46) और इजी शार्प (नाबाद 17) क्रीज पर मौजूद थी और न्यूजीलैंड ने 14-1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाये थे। श्रीलंका की ओर से इनोशी प्रियदर्शनी, कविशा दिलहारी और चामरी अटापट्टू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। इसके बाद मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

# मोदी ने विशेष ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों से की मुलाकात

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलीटों से संसद भवन में मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।



मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है जिन्होंने इटली के ट्यूरिन में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में 33 पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने संसद में भारतीय एथलीट दल से मुलाकात की और उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें बधाई दी। विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों के पदक विजेता एथलीटों से मुलाकात करने की फोटो साझा करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि इटली के ट्यूरिन हुए विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय दल ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते है।

# टीम बदलाव के दौर से निपटने में सक्षम : मेहदी हसन



**छह से सात खिलाड़ी ऐसे है जिन्हे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव है**

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के दाएं हाथ के बल्लेबाज मेहदी हसन मिराज का मानना है कि टीम में पर्याप्त अनुभवी खिलाड़ी है और वे प्रमुख वरिष्ठ खिलाड़ियों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चल रहे बदलाव के दौर से उबरने में सक्षम है। शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मेहदी ने कहा कि फिलहाल टीम में छह से सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो सात से 10 साल से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्हें अब नया नहीं कहा जा सकता। यह एक प्रक्रिया है। हमें अभी फैसला लेना चाहिए और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए।

विश्वकप में अभी दो से ढाई साल का समय है, इसलिए हमें तुरंत टीम तैयार करनी होगी। उन्होंने कहा कि चयन में निरंतरता महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट से दो या तीन महीने पहले ही तैयारी शुरू करना बहुत मुश्किल होगा। मुशफिकुर भाई (रहमान) और पिछली पीढ़ी के अन्य खिलाड़ियों ने सात से आठ वर्ष तक टीम की सेवा की है और बंगलादेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अब, हम भी लंबे समय से यहां हैं। हमारा लक्ष्य बंगलादेश क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली पीढ़ी ने एक अच्छी आधारशिला रखी है। अब हमारा काम टीम को और आगे ले जाना है।

# ओलंपिक 2028 में मुक्केबाजी को शामिल किया



- **दुनियाभर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलेंगे**

**कोस्टा नवारिनो (यूनान), वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में मुक्केबाजी को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। निवर्तमान आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कोस्टा नवारिनो के रोमानोस रिसॉर्ट में आईओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। बाक ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि फरवरी में विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता मिलने के बाद हम यह फैसला लेने की स्थिति में थे। सत्र में इसे मंजूरी के लिये रखा जायेगा और मुझे यकीन है कि इसे मंजूरी मिल जायेगी। इसके बाद दुनिया भर के मुक्केबाज लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेल सकेंगे अगर उनके राष्ट्रीय महासंघ को विश्व मुक्केबाजी से मान्यता मिली हुई है। उल्लेखनीय है कि मुक्केबाजी 1904 से ओलंपिक खेल रहा है, लेकिन शासन, संचालन और वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के कारण आईओसी ने वर्ष 2019 में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की मान्यता को निलंबित कर दिया था।

# टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया की पूर्ण

- **टोरेंट और इरेलिया ने समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी**

**अहमदाबाद, वार्ता।** टोरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटन्स में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

टोरेंट ग्रुप कि ओर से बताया गया है कि स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति वाले व्यावसायिक समूह टोरेंट ग्रुप ने बीसीसीआई सहित सभी आवश्यक संस्थानों से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, इरेलिया कंपनी पी-टी-इ- लिमिटेड से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फेंचाइजी गुजरात टाइटन्स (इरेलिया स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इससे पहले इस वर्ष 12 फरवरी को टोरेंट और इरेलिया ने इस प्रक्रिया के लिए विशिष्ट समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की थी, जिसमें कहा गया था कि अधिग्रहण प्रथागत संविदात्मक शर्तों और अनुमोदन के अधीन होगा। इन शर्तों की पूर्ति के साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। करार के मुताबिक सीवीसी द्वारा फंडित संस्था इरेलिया 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हिस्सेदारी के साथ इस फेंचाइजी में अपनी संबद्धता बनाए रखेगी। आईपीएल के इतिहास की सबसे युवा और सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक गुजरात टाइटन्स को अब टोरेंट जैसे बड़े पैमाने पर कारोबार के निर्माण और संचालन में कार्यरत समूह की व्यापक विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा।

# महिलाओं के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिलाओ से कुन्डल आदि की झपटमारी करने व वाहन चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को पुलिस मुठभेड के दौरान थाना सिविल लाईन्स पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से थाना मझोला क्षेत्र से महिला के कान से खींचा गया।

एक कुंडल तथा थाना सिविल लाईन्स क्षेत्र से चोरी की गयी एक मोटरसाइकिल व एक अवैध देशी तंमचा और 600 रुपये की नगदी बरामद की है।बता दें कि थाना सिविल लाईन्स पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर रेलवे हरथला कालोनी मे आर्य समाज मंदिर के पास रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चौकिंग कर रही थी, इसी दौरान दोनों शातिर आरोपी पुलिस को देखकर अपनी मोटर साईकिल से मुड़कर रेलवे फुटबाल ग्राउण्ड की तरफ भागने लगे पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का पीछा करने पर मोटर साईकिल पर पीछे बैठे आरोपी ने पकडे जाने के डर से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया, तब पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई जिसमें मोटर साईकिल पर पीछे बैठे एक बदमाश के दाहिने पैर पर गोली लगी तथा बदमाशों से हड़बड़ाहट में मोटर साईकिल फिसल कर नीचे गिर गई। दोनों बदमाशों को पुलिस द्वारा मौके पर ही पकड़ लिया गया,मोटर साईकिल चला रहे आरोपी ने पुलिस को अपना नाम नीशू पुत्र धर्मेन्द्र निवासी सोनकपुर हडडी मील के पास, काशीराम कालोनी थाना मझौला जनपद मुरादाबाद बताया, जिसके कब्जे से 230 रुपये नगद बरामद हुये तथा घायल आरोपी ने अपना नाम अविरल पुत्र राजकुमार निवासी देवबन्द जेल परिसर थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर बताया, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा तथा एक कान का कुण्डल व ३७० रूपये नकद बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि यह मोटर साईकिल हम दोनो ने मिलकर रेलवे अस्पताल के पास से करीब १० दिन पहले चोरी की थी तथा कुण्डल हमने थाना मझोला क्षेत्र की मानसरोवर कॉलोनी से एक महिला के कान से छीना था। हम दोनो लोग घूम-घूमकर रैकी करते है





तथा मौका पाकर अकेली घूम रही महिलाओं के पहने गहने छीनकर झपटकर भाग जाते है, हम में से एक व्यक्ति आस-पास के लोगो की निगरानी करता है तथा दूसरा मौका पाकर अकेली महिला के गहने झपट लेता है, फिर हम दोनो मोटर साईकिल से मौके से भाग जाते है। इसी तरह वाहन चोरी करते समय, हम में से एक व्यक्ति आस-पास के लोगो पर नजर रखता है तथा दूसरा मौका पाकर मोटर साईकिल आदि चोरी कर भाग जाते है। आज फिर हम दोनो लोग किसी घटना को अन्जाम देने की फिराक मे थे।

## महापुरुष स्मारक समिति ने मनाई कल्पना चावला की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री नासा की प्रसिद्ध वैज्ञानिक कल्पना चावला की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व की प्रसिद्ध वैज्ञानिक कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला थी। उनका पहला अंतरिक्ष मिशन ०६ यात्री दल के रूप में शुरू हुआ। इस दल ने अंतरिक्ष शटल कोलंबिया की उड़ान एसटीएस- 87 को उढ़ाया था। अपने पहले ही मिशन पर कल्पना चावला ने पृथ्वी की 252 कक्षाओं में 10.4 मिलियन मील से अधिक की यात्रा की। सोलह दिन के इस मिशन से कल्पना चावला 05 दिसंबर 1997



को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आई। जनवरी 2003 को कल्पना चावला ने कोलंबिया की उड़ान एसटीएस-107 से अपना दूसरा अंतरिक्ष मिशन शुरू किया। सभी तरह के अनुसंधान और विचार विमर्श के बाद वापिसी के समय कोलंबिया पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अंतरिक्ष पर पहुं. चने वाली पहली भारतीय महिला कल्पना चावला की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा ही उनकी अंतिम यात्रा बनी। उन्होंने पहली बार 19 नवंबर 1997 को अंतरिक्ष के लिए पहली उड़ान भरी। दूसरी बार 16 जनवरी 2003 को कल्पना चावला ने अंतरिक्ष के लिए कोलंबिया अंतरिक्ष यात्रा से उड़ान भरी थी, लेकिन वह दुबारा धरती पर लौट नही पायी। हरियाणा सरकार ने कल्पना चावला तारामंडल (प्लेनेटेरियम) ज्योतिसर में स्थापित किया है। इस दौरान आरिफ हुसैन, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, विकास यादव, हिमांशु यादव, शमरीन, दीपक, सरोज कुमारी, शमा, अर्चना कुमारी, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में आध्या विश्नोई ने किया प्रथम स्थान प्राप्त

**कांठ (शाह टाइम्स)** सरस्वती शिशु मन्दिर जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को आयोजित



समारोह में विद्या भारतीय अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता सत्र 2024-25 में कक्षा-चार की बहन आध्या विश्नोई पुत्री सौरभ कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयास आध्या बिश्नोई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कांठ का नाम रोशन किया है स विद्यालय की प्रबंध समिति के कृष्ण गोपाल सहगल (अध्यक्ष), डा० ओमराज सिंह विश्नोई (पूर्व अध्यक्ष), संजीव गुप्ता (उपाध्यक्ष), प्रेम कुमार भागर्व (व्यवस्थापक), अभय कुमार विश्नोई (सह व्यवस्थापक), विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यपाल सिंह ने बालिका को शील्ड व नगद रुपए देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र सिंह, राम कुंवर, समुन्द्र सैन, मुकेश, अनुराधा, दयावती, गीता, उपस्थित रहे। सभी ने बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एक नजर

## गोंडा में ग्राम समाज की जमीन पर ग्रामीणों ने लगाया अवैध कब्जे करने का आरोप

**मूढ़ापांडे।** जनपद मुरादाबाद के थाना मुंडा पांडे क्षेत्र में कई साल से ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा डाल रहे ग्रामीण ने बताया यह जगह 40 - 50 वर्ष से हम लोग यहां पर कूड़ा डालते चले आ रहे हैं मगर गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति इस जगह पर अपना कब्जा करना चाहते हैं इस की शिकायत हमने कई बार उच्च अधिकारियों से की और मुंडा पांडे थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया लेकिन अभी तक इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है, जब हमने दूसरे पक्ष से बात की तो उन्होंने बताया यह जमीन हमने विपिन अमरीश से खरीदी है इस जमीन को खरीदे हुए हमें ढाई तीन महीने हो चुके हैं और इस जमीन के हमारे पास बेनामे के कागज भी है, वही गांव वालों का यह कहना है यह जमीन ग्राम समाज की है हम लोग यह चाहते हैं इस जगह पर कोई धार्मिक स्थल बन जाए, चौकी प्रभारी राविन्द सिंह से बताया की इनका कुड़ी ढलने का विवाद चला आ रहा है जिसकी शिकायत मेरे पास आई है।

## शेरपुर टांडा में मासिक संकुल बैठक का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** न्याय पंचायत फूलपुर मिट्ठनपुर की मासिक संकुल बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय शेरपुर टांडा में किया गया बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया शिक्षक संकुल और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने विभिन्न क्लबो के




गठन के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि शिक्षकों के हित के लिए हमारा संघटन कार्य कर रहा है शिक्षकों का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। प्रभारी शिक्षक संकुल घनश्याम सिंह ने वार्षिक परीक्षा शुचिता पूर्वक आयोजित कराने की बात कही।बैठक में उपस्थित एआरपी पंकज कुमार ने इको क्लब के गठन और उसके कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। संचालन हर्षा गुप्ता ने किया अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक शिशुपाल सिंह ने की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य वैशाली चौधरी सूजा उल हक ,राजवीर सिंह ,अकरम अली ,शुभम ,मंजुल कुमार ,पूनम राणा ,सुभाष कुमार, दीक्षा चौधरी ,पिंकल , रामनाथ सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 'मेरी त्रुटियां-मेरी सीख' कार्य पुस्तिका की प्रगति पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड पवांसा के पीएमश्री विद्यालय अतरासी में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की मासिक समीक्षा बैठक तथा पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक तथा 'मेरी त्रुटियां मेरी सीख' कार्य पुस्तिका/इंट राइट् नवाचार की प्रगति पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का पीएमश्री विद्यालय अतरासी की छात्राओं द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया तथा इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शौचालय, शेड, पीएमश्री वॉल व रसोई घर का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के अन्तर्गत विकास खंडवार पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा की गई। विकासखंड पवांसा के पीएमश्री विद्यालय अतरासी में आर.ओ. सिस्टम को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त पीएमश्री विद्यालयों में आर.ओ. सिस्टम लगवाना सुनिश्चित किया जाए।

विद्यालयों में सोलर पैनल सिस्टम भी शीघ्र लगवाना सुनिश्चित किया जाए। पीएमश्री विद्यालय अतरासी एवं पीएमश्री विद्यालय धुरैटा में झूले ३१ मार्च से पहले ही लगवाने के लिए निर्देशित किया। मिड-डे मिल शेड को लेकर संबंधित को निर्देशित किया कि शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें। मल्टीपल यूनिट जाल से कवर्ड तथा विज्ञान एवं खगोलीय प्रयोगशाला के कार्य शीघ्रपूर्ण किये जाएं। विकासखंड सम्भल के पीएमश्री विद्यालय भरतल सिरसी एवं पीएमश्री विद्यालय जालब सराय को लेकर भी चर्चा की गयी। जालब सराय के कक्षों में टाइल्स लगवाने को निर्देशित किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पोषण वाटिका में पौधे लगाना सुनिश्चित करें। जालब सराय में रसोई घर एक सप्ताह में तैयार करने के लिए निर्देशित किया तथा मल्टीपल यूनिट कवर्ड करवाने तथा बरामदे में जाल लगवाने पर भी चर्चा की गयी। मोलश्री तथा हरीशंकरी वृक्षारोपण के लिए भी निर्देशित किया। विकासखंड गुन्नौर के पीएमश्री विद्यालय फतेहपुर तथा पीएमश्री विद्यालय बहलोलपुर को लेकर भी समीक्षा की गयी तथा खिड़कियों पर जाली, झूले, मिड-डे मिल शेड, छतों को डैम प्रूफ करना आदि पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएमश्री विद्यालय बहलोलपुर में खगोलीय प्रयोगशाला को लेकर संबंधित प्रधान को निर्देशित किया। पीएमश्री विद्यालय सेमरी, पीएमश्री विद्यालय गवां नवीन एवं पीएमश्री विद्यालय बबराला को लेकर भी चर्चा की गई आर.ओ. सिस्टम, झूले, एजुकेशन पार्क, मिड-डे मिल, सोलर पैनल, साइन बोर्ड विज्ञान एवं खगोलीय प्रयोगशाला को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकासखंड बनियाखेडा के पीएमश्री विद्यालय आटा तथा पीएमश्री विद्यालय भुलावई, विकासखंड बहजोई के पीएमश्री विद्यालय मुल्हैटा तथा पीएमश्री विद्यालय पाठकपुर को लेकर चर्चा की गयी तथा चहारद. ीवारी पर ग्रिल, शौचालय निर्माण एवं पाठकपुर में विद्यालय के चारों ओर नाली को कवर्ड करने के निर्देश दिए तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर बेबी फ्रेंडली शौचालय निर्माण को लेकर भी निर्देशित करते हुए कहा कि पीएमश्री विद्यालयों में जो भी कार्य अभी पूर्ण नहीं हैं उनको शीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री विद्यालय अतरासी में एफ.एस.एस.ए. आई के अन्तर्गत ईट राइट् को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसका उद्देश्य है कि विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को सुरक्षित खाना मिले तथा उनको क्या खाना चाहिए क्या नहीं, उसकी जानकारी इस अभियान के माध्यम से प्राप्त हो सके। जिला अभिहित अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि आगे अन्य पीएमश्री विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला अभिहित अधिकारी तथा उनकी टीम द्वारा बच्चों को जागरूक किया गया तथा कक्षा 06 एवं कक्षा 07 तथा कक्षा 08 के बच्चों से खाद्य सुरक्षा प्रश्ना. ेत्तरी के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा को लेकर उत्तर प्राप्त किए गए जिसमें कक्षा 06 में कंचन कुमारी तथा शिवानी यादव द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जबकि खुशबू यादव द्वारा द्वितीय तथा अफजाल, लक्ष्मी यादव तथा साक्षी एवं आकांक्षा द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना अधिकारी डीआरडीए ज्ञानसिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला पंचायती राज अधिकारी, उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा समस्त खंड शिक्षा अधिकारी ग्राम प्रधान अतरासी सुनीता देवी, ब्लॉक प्रमुख पवांसा प्रतिनिधि हर्देश यादव, समस्त पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## तिपहिया वाहन ने छात्र को मारी टक्कर इलाज कराने की सहमति पर निपटा मामला

**कांठ( शाह टाइम्स )** ओवर हाइट से सामान लेकर जा रहे बाहन ने सड़क किनारे चल रहे छात्र को टक्कर मार दी जिससे छात्र घायल हो गया बाद में घायल का इलाज कराने की सहमति पर मामला सुलट गया। बताया गया कि स्टेशन रोड की तरफ से एक तिपहिया वाहन फ्रीज स्कूलर आदि सामान लेकर कांठ की ओर जा रहा था सामान की ऊंचाई काफी थी जैसे ही वाहन कुमार



पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा सड़क किनारे जा रहे छात्र को उसने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और वाहन को वही रोक लिया। देखने वालों का कहना था की छात्र कच्चे में अपनी साइड से जा रहा था लेकिन वाहन के चालक ने लापरवाही से चलते हुए उसको चोट पहुंचाई बाद में घायल का इलाज कराने की सहमति पर मामला सुलट गया।

## 22 मार्च को होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**चन्दौसी।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, तुर्तीपुर इल्हा संभल के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज के प्रांगण में २२ मार्च २०२५ दिन शनिवार को लगाया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला प्रात: 10 बजकर 30 बजे से 3 बजे तक रहेगा। जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, एल०आई०सी०, शिवशक्ति एग्रीटेक नवभारत फर्टिलाइजर्स, श्री गणेशा कंसल्टेंसी, हायर एप्लायंसेज, पुखराज हेल्थ केयर, इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। उपरोक्त सभी कंपनियां डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, बीमा सलाहकार एवं अन्य कंपनी पदों के रूप में भर्ती करेंगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक आई०टी०आई० समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला नि:शुल्क है।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ वाचन

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली की मिलक मढ़ैया में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक शास्त्री माधव चेतन मुखारविंद से धुंधकारी की कथा से प्रारंभ होकर गोकर्ण मोक्ष तक सुनाया गया। बता दें कि दिन की कथा का समय 01 बजे से 05 बजे तक व रात्रि की कथा का समय 08 बजे से रात्रि 12 बजे तक रहा। कथावाचन के दौरान पप्पू सिंह, कालीचरण, मदनलाल, पलाराम, रामावतार, संतोष राजपूत, तरुण कुमार गुर्जर आदि मौजूद रहे।




## आईएफटीएम में स्टाफ वर्ग की वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'शौर्य' के लीग मैचों में महिलाओं ने दिखाया दमखम

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजित स्टाफ वर्ग की वार्षिक खेल प्रतियोगिता ''शौर्य- 2025'' के दूसरे दिन हुए क्रिकेट बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मैचों में महिलाओं ने खूब दमखम दिखाया। विभिन्न स्कूलों की महिला टीमों ने बैडमिंटन और टेबल टेनिस में अपना जलवा दिखाया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री अभिनव कोठीवाल ने टॉस उछालकर दूसरे दिन के क्रिकेट मैचों का शुभारंभ किया। लीग मैचों में शंकर भवन ने स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ साइंसेज को लगातार दो मैचों में जीत हासिल कर बढ़त बना ली है। इसी तरह यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस की संयुक्त टीम को हराकर एक मैच में जीत दर्ज की है। जबकि ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस की संयुक्त टीम स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम को पहले ही मैच में हरा चुकी है। फार्मेसी संकाय की टीम दो मैचों में जीत दर्ज कर शंकर भवन के बराबर चल रही है। बैडमिंटन में पुरुष के सिंगल्स में एसईटी ने शंकर भवन को, एसबीएम और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस की संयुक्त टीम ने स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम को, स्कूल ऑफ साइंसेज ने स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग की संयुक्त टीम को तथा यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने फार्मेसी




संकाय हराया। इसी तरह महिला सिंगल्स में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग ने स्कूल ऑफ साइंसेज को, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक ने फार्मेसी संकाय को तथा स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ लॉ ने एसबीएम और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस को हरा दिया। पुरुष वर्ग के डबल्स में शंकर भवन, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, स्कूल ऑफ साइंसेज, एसबीएम और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस की संयुक्त टीम ने लीग मैचों में बढ़त हासिल की। महिला वर्ग के डबल्स में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजी. नियरिंग की संयुक्त टीम और स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ लॉ की टीमों ने बाजी मारी। प्रतिकुलाधिपति श्री कोठीवाल ने मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों की सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल और खेल निद. ेशक प्रो. वैभव त्रिवेदी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल निदेशक प्रो. त्रिवेदी ने बताया कि लीग मैचों के बाद क्वार्टर और सेमी फाइनल के मैच खेले जाएंगे। स्टाफ वर्ग में क्रिकेट, बैडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं चल रही हैं। दूसरे दिन आयोजित हुए मैचों में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के श्री कपिल गिल फार्मेसी संकाय के डॉ. अलंकार श्रीवास्तव, शंकर भवन की टीम के श्री जे.पी. सिंह, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के श्री अभिषेक श्रीवास्तव को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रो. त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि खेल के प्रति शिक्षकों समेत समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. देश दीपक, श्री कपिल गिल, श्री शशांक कुमार, श्री अभिषेक श्रीवास्तव सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक व भारी संख्या में शोधार्थी उपस्थित रहे।

## सड़कों पर खड़ी करके बस, चालक उतार रहे सवारी आगे पीछे लग रहा जाम

कांठ(शाह टाइम्स) रोडवेज बस चालकों की मनमानी के चलते सड़क पर जाम लग रहा है लेकिन इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई न होने से लोगों को थोड़ी दूर जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है आज




भी इसी तरह का नजारा हमारे सहयोगी ने कमरे में कैद किया तो क्या प्रशासन या अधिकारी ऐसे लापरवाह बस चालकों के खिलाफ कोई कार्यवाही करेंगे यह एक सवाल बन गया है?

# रोगों के मुहाने पर दिल्ली

लोकल सर्किल्स द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि बुखार, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द, पेट की परेशानी, जोड़ों में दर्द और सांस की समस्याएं स्वाइन फ्लू (एच5एन1) के लक्षणों में से हैं, जो दिल्ली के 54 प्रतिशत घरों में मौजूद हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों (50 से अधिक उम्र के) को इन लक्षणों के होने का सबसे अधिक खतरा है। दिल्ली-एनसीआर इलाके में मौसमी इन्फ्लुएंजा में वृद्धि की हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर, एक बार फिर यह समय एहतियाती सूचना जारी करने और देश में व्यस्क टीकाकरण पर जोर बढ़ाने के लिए नए प्रयास करने का है। इलाज कर रहे कई फिजीशियनों और श्वास-रोग विशेषज्ञों ने बताया है कि इस मौसम से संबंधित प्रमुख स्ट्रेन इन्फ्लुएंजा ए और इन्फ्लुएंजा बी हैं। इन्फ्लुएंजा, जिसे फ्लू भी कहा जाता है, वायरस से होने वाला एक संक्रामक श्वास रोग है। इसे अक्सर आम सर्दी में शामिल कर लिया जाता है, क्योंकि मौजूद लक्षण एक जैसे होते हैं, अचानक खांसी और गले में खराश, साथ में तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, थकान और भरी हुई नाक, लेकिन, दोनों कतई एक नहीं हैं। दोनों अलग-अलग वायरस की वजह से होते हैं और लक्षणों व गंभीरता में भिन्नता हो सकती है। फ्लू के कारण हल्की से लेकर गंभीर अस्वस्थता होती है जिसमें कभी-कभी अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और कुछ मामलों में, ज्यादातर भर्ती में देर होने पर, मौत भी हो सकती है। भारत में मौसमी इन्फ्लुएंजा दो बार चरम पर होता है, एक बार जनवरी से मार्च के दौरान और दूसरी बार दक्षिण- पश्चिम मानसून के उत्तरार्ध में अगस्त से अक्टूबर के दौरान। भारत ने स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सामने आने वाले इन्फ्लुएंजा जैसी अस्वस्थता (आईएलआई) और सिवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन्स (एसएआरआई) के मामलों की लगभग वास्तविक समय (रियल टाइम) में निगरानी की व्यवस्था विकसित कर ली है। कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद इस कार्यक्रम को ज्यादा मजबूत बनाया गया। नैदानिक प्रयोगशालाओं (डायग्नोस्टिक लैब्स) के देशव्यापी नेटवर्क के जरिए भी रियल टाइम निगरानी की जाती है। महामारी विशेषज्ञों का कहना है कि फैल रहे स्ट्रेनों पर नजर रखने और मौसमीपन (सीजनेलिटी) को परिभाषित करने के लिए इन्फ्लुएंजा की निगरानी सबसे महत्वपूर्ण औजार है। इसके अलावा, यह फैल रहे प्रासंगिक स्ट्रेनों के साथ टीकाकरण के समन्वय में अहम भूमिका निभाता है। इन सारी सूचनाओं की मौजूदगी को देखते हुए, मामलों में कोई भी मौसमी वृद्धि स्वास्थ्य प्रबंधकों की नजर से चूकने की संभावना बहुत कम है। हालांकि, सरकारों के लिए जो काम हाथ में है वह थोड़ा ज्यादा जटिल है। यह है, पूर्वानुमान लगाकर बीमारी के प्रकोप को संभालने के लिए तैयार होना और बचाव की भावना जगाना, खासकर उच्च जोखिम वाले समूहों में, जिसमें बहुत कम और बहुत ज्यादा उम्र के लोग आते हैं। बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सांस की पुरानी तकलीफ वाले लोगों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अनुशंसित हस्तक्षेपों में सबसे महत्वपूर्ण है इन्फ्लुएंजा के लिए टीकाकरण पर जागरूकता बढ़ाना। वास्तव में, फ्लू का उन्नत (अपडेटेड) टीका समय-समय पर लगवाने से सभी उम्र के लोग लाभान्वित होंगे।

## सहारनपुर स्टेशन मां शाकंभरी देवी और देवबंद स्टेशन मदनी साहब के नाम पर हो



सहारनपुर रेलवे स्टेशन का नामकरण मां शाकंभरी देवी और देवबंद रेलवे स्टेशन का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब के नाम पर किया जाए, मां शाकंभरी देवी का इस क्षेत्र से गहरा धार्मिक संबंध है। वहीं, देवबंद की पहचान विश्वविख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद के कारण होती है, जहां मौलाना हुसैन अहमद मदनी साहब ने समाज और राष्ट्रहित में अतुलनीय योगदान दिया, इन नामकरणों से क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान मिलेगा, सहारनपुर से प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन, अलीगढ़ होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत ट्रेन की और मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल का विस्तार सहारनपुर तक किया जाना चाहिए।

**इमरान मसूद**
**सांसद कांग्रेस**

# चिंताजनक है सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग

**2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है, जो गलत कामों की रिपोर्ट करते हैं, नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है**



**प्रियंका सौरभ**

सरकारी अधिकारियों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनता जा रहा है, क्योंकि वे अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष और बिना किसी पक्षपात के निभाने का प्रयास करते हैं। कई सिविल सेवकों को अक्सर अपने विकल्पों से असंतुष्ट व्यक्तियों या समूहों से धमकियों, उत्पीड़न और अनुचित दबाव का सामना करना पड़ता है। यह परेशान करने वाली प्रवृत्ति शासन की अखंडता को नष्ट कर सकती है, नैतिक व्यवहार को बाधित कर सकती है और सार्वजनिक संस्थानों को कमजोर कर सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए, नैतिक मानकों को बनाए रखना, कानूनी सुरक्षा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत समर्थन प्रदान करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी भूमिका निभा सकें। सरकारों को पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून के शासन के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए, साथ ही जनता को लोकतंत्र और न्याय को बनाए रखने में सिविल सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना चाहिए।

कानून प्रवर्तन, उद्योग विनियमन और चुनाव निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार सरकारी अधिकारियों को लगातार धमकियों, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के दुरुपयोग का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है क्योंकि यह लोक सेवकों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने से रोक सकती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर कर सकती है। अधिकारियों, विशेष रूप से चुनाव, न्यायपालिका और नियामक निकायों में शामिल लोगों को अक्सर अपने निर्णयों को प्रभावित करने के उद्देश्य से धमकी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, झूठे आरोप और बदनामी अभियान उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते हैं और उनके अधिकार को कम कर सकते हैं। हालांकि कुछ देशों में लोक सेवकों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, लेकिन इन कानूनों का प्रवर्तन असंगत या कमजोर हो सकता है। इस तरह के दुरुपयोग से उत्पन्न तनाव और भय के परिणामस्वरूप बर्नआउट, इस्तीफे और योग्य उम्मीदवारों को आकर्षित करने में चुनौतियां हो सकती हैं। सरकारी अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार एक बढ़ती चिंता है, क्योंकि वे निष्पक्ष रूप से अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इन अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार और शत्रुता की बढ़ती घटनाएं प्रशासनिक नैतिकता और कानून के शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण चुनौती बन गई हैं। ऐसी घटनाएं न केवल लोक सेवकों का मनोबल गिराती हैं, बल्कि शासन में जनता का विश्वास भी कम करती हैं, जिससे अधिकारियों को इन कठिनाइयों से निपटने में मदद करने के लिए एक मज़बूत नैतिक ढांचे की आवश्यकता है। सरकारी अधिकारी-जिसमें चुनाव कार्यकर्ता, न्यायाधीश, नियामक और कानून प्रवर्तन कर्मियों को बढ़ती हुई धमकी, उत्पीड़न और यहां तक कि शारीरिक धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सब राजनीतिक विभाजन, ग़लत सूचना और सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जो आक्रामक बयानबाजी को बढ़ाता है। कुछ मामलों में, अधिकारियों को डोक्स किया गया है, उनकी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन जारी की गई है और उन्हें संगठित उत्पीड़न अभियानों या शारीरिक हमलों का लक्ष्य बनाया गया है।

शिकायतों के लिए स्पष्ट और खुले चैनल बनाने से शत्रुता को कम करने में मदद मिल सकती है। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली पोर्टल ऑनलाइन नागरिक शिकायतों के प्रबंधन के लिए एक प्रभावी उपकरण है। संघर्ष समाधान और सार्वजनिक संपर्क में अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने से शत्रुता से निपटने की उनकी क्षमता में सुधार होता है। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी प्रशिक्षण ढांचे में संकट प्रबंधन पर केंद्रित घटक शामिल हैं। भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले अधिकारियों की सुरक्षा अनैतिक प्रथाओं को हतोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण है। 2014 का व्हिसल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट उन लोक सेवकों के लिए सुरक्षा प्रदान करता है जो ग़लत कामों की रिपोर्ट करते हैं। नागरिकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने से विश्वास बढ़ता है और शत्रुता कम होती है। राजस्थान में जन सुनवाई (सार्वजनिक सुनवाई) पहल ने जवाबदेही को बढ़ावा दिया है और समुदाय के भीतर विश्वास का निर्माण किया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठ सहयोगियों को प्रेरित करने के लिए नैतिक व्यवहार का मॉडल अपनाना चाहिए। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी. एन. शेषन ने सख्त चुनावी मानकों को लागू करके एक मज़बूत उदाहरण पेश किया। ईमानदारी, लचीलापन और पारदर्शिता को अपनाकर, सिविल सेवक प्रभावी रूप से शत्रुता से निपट सकते हैं और साथ ही जनता का विश्वास भी बढ़ा सकते हैं।

कठिन परिस्थितियों में नैतिक शासन बनाए रखने के लिए संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखना और सक्रिय उपायों को लागू करना आवश्यक है। जब सरकारी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने के लिए दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है, तो इससे संस्थाओं और न्याय प्रणाली में जनता का विश्वास ख़त्म हो सकता है। यह प्रवृत्ति प्रभावी शासन में बाधा डाल सकती है, क्योंकि अधिकारी प्रतिशोध के डर से न्यायपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कार्य करने में संकोच कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भ्रष्टाचार और अन्याय हो सकता है। ऐसे शत्रुतापूर्ण व्यवहार का सामना करते समय सिविल सेवकों का मार्गदर्शन करने वाले नैतिक मानकों का विश्लेषण करना और जवाबदेही और सार्वजनिक विश्वास बनाए रखने के तरीकों की जांच करना महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकारी अधिकारी अपने कार्यों के लिए जवाबदेह हैं और जो लोग अपने अधिकार का दुरुपयोग करते हैं, उन्हें उचित परिणाम भुगतने होंगे, मज़बूत जवाबदेही प्रणाली महत्त्वपूर्ण है। सरकारी गतिविधियों की पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ावा देने से कदाचार को रोकने और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। सरकारी संस्थानों की अखंडता में जनता का विश्वास बनाना महत्त्वपूर्ण है, जिसे नैतिक मानकों का पालन करके और अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह सुनिश्चित करके हासिल किया जा सकता है। अपने कर्तव्यों को निष्पक्ष रूप से निभाने का प्रयास करने वाले सरकारी अधिकारियों का उत्पीड़न लोकतंत्र और प्रभावी शासन के लिए एक महत्त्वपूर्ण ख़तरा है। मज़बूत सुरक्षा, कानूनी जवाबदेही और उत्पीड़न के प्रति सामाजिक प्रतिरोध के बिना, सार्वजनिक संस्थानों की अखंडता खतरे में पड़ जाती है। सरकारों, कानून प्रवर्तन, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और नागरिकों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना आवश्यक है कि अधिकारी प्रतिशोध के डर के बिना अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें।



# अशांति का बिजनेस...

**हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति सौहार्द, प्रेम, समानता सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं, वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे और डकार तक न लेंगे, 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं, अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है, जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है**

**1933 से 1945 के बीच नाजी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया, इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई**
**यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ, स्टॉर्म ट्रूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे**



**पवन सिंह**

पूरे विश्व में तमाम ऐसे राजनैतिक संगठन और उनके अलंबरदार हुए हैं जिनका समूचा राजनैतिक भविष्य केवल अहिंसा, अशांति, नफरत, वैमनस्य, घृणा, गुरबत और अशिक्षा को प्रश्रय देने पर ही टिका रहा है! जब-जब ऐसी 'ब्लैक स्पाट' ताकतें जहां-जहां भी हुकूमत में रही है, वहां-वहां कभी शांति और सद्भाव नहीं रहा है। हिटलर के मानस पुत्रों और अंग्रेजी हुकूमत के अप्रत्क्ष/अप्रत्यक्ष निकटतम सहयोगी रहे लोगों से यदि आप शांति, सौहार्द, प्रेम, समानता, सहिष्णुता की कामना/आशा/उम्मीद करते तो आप ग़लत सोचते हैं। वह आपकी लाशों को भी पचा जाएंगे, और डकार तक न लेंगे। 'कोविड' से लेकर 'स्नान' तक के घटनाक्रम इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।

अशांति भी एक बहुत बड़ा बिजनेस है। जिसके भीतर तथाकथित रूप से छद्म राष्ट्रवाद, तथाकथित रूप से धर्म और पुरातनपंथी परंपरागत सड़ी हुई अव्यावहारिक व्यवस्थाओं और अतीत में ले जाकर तथाकथित रूप से गौरवान्वित होने की हवा भरी जाती है। वर्तमान में भारत में अशांति का सफलतम बिजनेस चल रहा है और दुखद यह है कि जो समाज स्वयं असमानता, अत्याचार और गरीबी व अशिक्षा का शिकार है, वही सबसे ज्यादा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। अशांति के बिजनेस को जितना मैं समझ पाया हूं। इसे संचालित करने में लंबा वक्त लगता है लेकिन जब यह बिजनेस चल निकलता है तो बहुत ही कम समय में तमाम मानवीय मूल्यों का विध्वंस कर देता है। अशांति के बिजनेस के पूरे विश्व में आपको सैकड़ों उदाहरण और उनके भग्नावशेष मिलेंगे और कुछ ताजातरीन भी जैसे श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान आदि। श्रीलंका में सिंहली गौरव को इतनी हवा दी गई कि अंततः श्रीलंका तबाह हो गया। पाकिस्तान में शियाओं व अहमदियों से नफरतों और पंजाबी मुसलमानों के भीतर सर्वश्रेष्ठता का गुमान अंततः पाक को तबाह कर गया! अफगानिस्तान के तालिबानियों को लगा कि शरिया कानून ही अल्लाह के सबसे नजदीक है। फिर अंतर्राष्ट्रीय ताकतें भी इस नफरत में हाथ साफ करने निकलीं और एक खूबसूरत देश अफगानिस्तान तबाह हो गया।

अब एके-47 हाथों में उठाए तालिबानियों की समझ में आया कि विकास और शांति राइफल की नाल में नहीं 'कलम की निब' में होती है। इतनी सी बात समझने में न जाने कितनी इंसानी जिदंगियां खाक हो गईं। भारत को भी उसी ठर्रे पर लाया जा चुका है। एक धर्म विशेष के प्रति नफरतों का उफान, उनके धर्म स्थलों पर हमले, उनके धर्म स्थलों पर जाकर कमर मटकाने के अलावा तथाकथित हिंदुओं जिन्हें आप दलित/ओबीसी कह सकते हैं के प्रति असम्मान, असहिष्णुता, अत्याचार और असमान व्यवहार उसी का हिस्सा है। इधर अनेक लोगों ने मुझसे विभिन्न नौकरियों को लेकर जारी नियुक्तियों की सूचियां साझा कीं। उन्हें देखकर साफ लगता है कि किस तरह से तथाकथित रूप से इन तथाकथित हिन्दुओं के साथ अन्याय हुआ है! लेकिन इन तथाकथित हिन्दू जातियों का भी हिन्दुत्व के लिए लहराते रहना आश्चर्यजनक ही नहीं हास्यास्पद भी है। इन जातियों को मोक्ष, पुण्य, पुनर्जन्म, स्नान, यात्रा और भवसागरों की लहरों में ऐसा फेंका गया है कि ये सब उसी में तैर रही हैं। ये जातियां अपने ही शोषण का आनंद लें रही हैं। दरअसल यही अशांति के बिजनेस की ताकत है जो आपसे आपका विवेक छीन लेती है और अपमान के भाव को गौरवपूर्ण बना देती है। हिन्दुत्व ने भारतीयता को पराजित कर दिया है और यही अशांति के बिजनेस की सफलता है।

थोड़ा सा होलोकॉस्ट यानी यहूदियों के अंत पर चर्चा कर ली जाए। जर्मनी में होलोकॉस्ट नाजियों ने 60 लाख से ज्यादा यूरोपीय यहूदियों का राज्य-प्रायोजित उत्पीड़न और हत्या की थी। होलोकॉस्ट एक उभरती हुई प्रक्रिया थी जो 1933 और 1945 के बीच पूरे यूरोप में हुई। इसके मूल में यहूदी-विरोधवाद था जैसे भारत में इस वक्त मुस्लिम विरोध को हवा दी जा रही है। यहूदियों के प्रति घृणा या पूर्वाग्रह, नाज़ी विचारधारा का मूल सिद्धांत था। वर्ष, 1933 से 1945 के बीच नाज़ी जर्मनी का यहूदियों पर अत्याचार लगातार कट्टरपंथी होता गया। इस कट्टरता में 60 लाख यहूदियों की सामूहिक हत्या हुई।

यहूदी-स्वामित्व वाले व्यवसायों का बहिष्कार करने का आह्वान हुआ। स्टॉर्म ट्रूपर्स के सदस्य, बहिष्कार के संकेतों के साथ, यहूदी-स्वामित्व वाली दुकान के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया करते थे। प्रसार होता था कि-जर्मन! अपना बचाव करें! यहूदियों से सामान मत खरीदो! जैसा कि आज आप भारत में देख रहे हैं। मुसलमानों से सामान न खरीदें। मुसलमानों से दूरी बनाएं आदि। हिटलर से सबसे ज्यादा प्रभावित भारत का एक तथाकथित राष्ट्रवादी संगठन और उसका आका रहा और उसका संगठन निरंतर 70 सालों तक अपने प्रोपेगैंडा में लगा रहा और अंततः सफल रहा।

# बर्लिन से ज्यादा ऊंची नफरत की दीवारों पर खामोश हैं मोदी जी

**1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन व जमीनी साम्राज्यवाद के जमाने अब खत्म होते जाएंगे**



**श्रवण गर्ग**

यह एक अलग तरह का युद्ध है जिसकी तैयारी शायद अलग-अलग प्रयोगशालाओं में सालों से की जाती होगी! ऐसा युद्ध जिसमें हथियारों का इस्तेमाल कम से कम दिखता है पर लड़ाई निरंतर चलती रहती है। उस समय भी जारी रहती है जब लगने लगता है कि अब सबकुछ सामान्य हो गया या हो रहा है। इस तरह के युद्ध में प्रतिद्वंद्वी का शरीर नहीं बल्कि उसका अपने होने या बने रहने की ज़रूरत में यक़ीन ख़त्म कर दिया जाता है। युद्ध की खूबी यह होती है कि इसे 'प्रेम और सौहार्द' की थीम पर लड़ा जाता हैं पर अंतिम नतीजे के रूप में नफ़रत को हासिल किया जाता है।

नवम्बर 1989 में बर्लिन की दीवार के ध्वस्त होने के साथ मान लिया गया था कि भौगोलिक विभाजन और ज़मीनी साम्राज्यवाद के ज़माने अब ख़त्म होते जाएंगे। मोदी जी ने इस संदर्भ में एक टिप्पणी सिख धर्मावलम्बियों के पाकिस्तान में करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में जाने के लिए पंजाब सीमा पर कॉरिडोर के निर्माण के सिलसिले में की थी। गुरु पर्व के अवसर पर उन्होंने कहा था: किसने सोचा था कि बर्लिन की दीवार गिर सकती है! शायद गुरु नानक देवजी के आशीर्वाद से करतारपुर काकॉरिडोर (भारत-पाक के) जन-जन को जोड़ने का बड़ा कारण बन सकता है।

यूक्रेन युद्ध और हाल की अन्य घटनाएं बताती हैं कि न सिर्फ़ भौगोलिक विभाजन फिर से ज़िंदा हो गया है नए युद्ध शुरू हो गए हैं। ये युद्ध समाजों को धर्म के आधार पर विभाजित करने के हैं। मोदी जी पोलैंड की राजधानी वारसा से दस घंटों की ट्रेन यात्रा करके सिर्फ़ सात घंटों के लिए यूक्रेन की राजधानी कीव इसलिए जाते हैं क्यूंकि महाशक्ति रूस के साथ उस छोटे से देश की लड़ाई ख़त्म करवा सकें पर अपने ही देश के भीतर एक बड़े धर्म और छोटे संप्रदाय के बीच उनकी ही पार्टी के तत्वों द्वारा चलाए जा रहे युद्ध के प्रति प्रधानमंत्री बहुत ही सहजता से आँखें मूंद लेते हैं। आपसी गिले-शिकवे दूर करने के त्योहार होली के अवसर पर 'सांप्रदायिक प्रेम और सोहार्द' क़ायम रखने के नाम पर उत्तर प्रदेश में जो कुछ हुआ वह दहशत पैदा करने वाला है। आबादी के मान से यूपी को एक राष्ट्र मान लिया जाए तो उसे दुनिया के कुल 234 मुल्कों में इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बीच पांचवे क्रम पर रखना पड़ेगा। ये दोनों ही इस्लामी हुकूमतें हैं। होली को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय में जिस तरह की दहशत पैदा हुई वह राष्ट्रीय स्तर पर दिल दहलाने वाली है।

आज़ादी के बाद (या शायद पहले भी) कभी ऐसा नहीं हुआ होगा कि मस्जिदों को तिरपालों से ढाका गया हो या नमाज़ों का वक्त बदला गया हो। मुस्लिमों से कहा गया कि वे घरों के भीतर रहते हुए चल रहे रमज़ान के महीने के दौरान अपनी शुक्रवार की नमाज़ पढ़ें। मुल्क की ज़िंदगी में इस तरह के हालत किसी विदेशी ताक़त से सामरिक युद्ध या असाधारण कर्फ्यू के दौरान ही पैदा होते रहे हैं। जो हो रहा है वह इसलिए ख़तरनाक है कि एक भौगोलिक पाकिस्तान के निर्माण के लिए तो गांधी को गुनहगार ठहराकर उन्हें सज़ा भी दे दी गई पर मुल्क की एक बड़ी आबादी के दिलों और गांव-शहरों की बस्तियों में जिन हज़ारों-लाखों छोटे-छोटे पाकिस्तानों का निर्माण जाने-अनजाने हो रहा है उसके लिए आगे आने वाला भविष्य किस 'गांधी' को दोषी ठहराएगा? यूपी की घटनाओं के बाद सोशल मीडिया पर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं कि मुल्क को आखिर किस दिशा में ले जाया जा रहा है? क्या कुछ ऐसा हो रहा है कि एक राज्य अलग दिशा में जा रहा है और दूसरा अलग दिशा में और राष्ट्र किसी तीसरी दिशा में जाने की तैयारी में जुटा है? राष्ट्र के भविष्य को लेकर नरेंद्र मोदी का स्वप्न क्या यूपी पर योगी के स्वप्न से भिन्न हो सकता है जबकि दोनों नेता एक ही पार्टी के घोषणापत्र और संवैधानिक निष्ठाओं से बंधे हुए हैं। अब मामला यूपी का नहीं बचा! भय यह है कि होली के अवसर पर यूपी में जो कुछ हुआ वह 'एक्सीडेंटल' था या उसे किसी 'प्रयोग' के तौर आज़माया गया था? अगर 'प्रयोग' था तो उसकी सफलता-असफलता का प्रभाव आने वाले त्योहारों और अन्य राज्यों के अमन-चैन पर कितना पड़ने वाला है।



# शादी और त्योहारों के बीच डाइट फॉलो करना नहीं होगा मुश्किल

इन दिनों शादियों और त्योहारों का सीजन चल रहा है। ऐसे में खाने-पीने का ख्याल रख पाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब आप खुद को फिट और हेल्दी रखने के लिए डायट फॉलो कर रहे हों। तो वहीं कुछ लोगों की यह भी शिकायत होती है कि अगर एक बार बाहर का खाना खा लिया जाए, तो फिर डाइट को फॉलो करना मुश्किल हो जाता है।

अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो कर आप अपनी डाइटिंग को ज्यों का त्यों बरकरार रख सकते हैं।

### शुगर या फिजी ड्रिंक से बनाएं दूरी

मीठे ड्रिंक्स का सेवन करे से आप ढेर सारी कैलोरी को शरीर में शामिल कर सकते हैं। फिर चाहे वह फलों का रस हो, चीनी वाली चाय हो या कॉफी और फिजी ड्रिंक्स आदि में चीनी शामिल हो सकती है। ऐसे में अगर आप किसी शादी या फिर त्योहार के आयोजन में शामिल हो रहे हैं, तो आप शुगर या फिर शुगर वाली चीजों से बचकर रहना चाहिए।



### अल्कोहल से बनाएं दूरी

इसके साथ ही अल्कोहल में हाई कैलोरी होती है क्योंकि अगर आप अल्कोहोलिक ड्रिंक पीते हैं, तो आपका हेल्दी फूड और एक्टिविटी प्लानिंग पर टिके रहना मुश्किल हो सकता है। इसलिए अल्कोहल से दूरी जरूर बनाएं।

### भूख लगने पर ही खाएं

जब भी हम किसी पार्टी में शामिल होते हैं, तो तरह-तरह के फूड्स को देखकर क्रेविंग होना लाजमी है। इस बात का खास ख्याल रखें कि आप तभी खाएं, जब आपको भूख लगी हो। आप ऐसा भी तय कर सकते हैं कि आप दिन में सिर्फ तीन बार खाना खाएं। वहीं दो समय हेल्दी स्नैकिंग कर सकते हैं।

### हेल्दी खाना

शादी या फिर किसी पार्टी में शामिल होने के दौरान आप हेल्दी खाने को अपनी प्रियॉरिटी बनाएं। आप फ्रूट्स या सब्जियों का सलाद खा लें। वहीं ज्यादा भूख लगने पर आप दाल-चावल खा सकते हैं।

# सुनीता विलियम्स की 9 महीने बाद अंतरिक्ष से होगी वापसी



**फ्लोरिडा।** अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 13 दिन बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। उनके साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट निक हेग और अलेक्सांद्र गोरबुना. वे भी आज, 18 मार्च को स्पेस स्टेशन से रवाना हुए। चारों एस्ट्रोनॉट के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार होने के बाद सुबह 8:35 बजे इस स्पेसक्राफ्ट का हैच यानी, दरवाजा बंद हुआ और 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ। यह 19 मार्च को सुबह लगभग 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर लैंड होगा। इस सफर में करीब 17 घंटे लगेंगे। नासा की ओर से इस इवेंट का एक अनुमानित शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें मौसम के कारण बदलाव भी हो सकता है। नासा के अनुसार 19 मार्च को सुबह 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू होगा। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया जाएगा। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री होगी और सुबह फ्लोरिडा के तट पर पानी में लैंडिंग होगी। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे धरती पर लौटेंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का यह सफर 17 घंटे का होने वाला है। वे फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। मिशन प्रबंधक इस बीच, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने उनके स्थान पर पहुंचे चारों नए अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन से संबंधित जानकारियां साझा कीं और कई प्रमुख बातें सिखाईं।

## मोदी ने लिखा सुनीता विलियम्स को लेटर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। 1 मार्च को लिखे गए इस लेटर को नासा के पूर्व अंतरिक्ष यात्री माइक मैसिमिनो ने भेजा था। इसे केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने X पर शेयर किया है। लेटर में पीएम मोदी ने लिखा है-आपके लौटने के बाद हम आपको भारत में देखने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए अपनी सबसे शानदार बेटियों में से एक की मेजबानी करना खुशी की बात होगी। सुनीता विलियम्स 5 जून 2024 को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ISS पहुंची थीं। वे 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहने के बाद 19 मार्च को धरती पर वापस आने वाली हैं।

## भारत-फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसेनिक अभ्यास वरुण कल से

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच स्थाई समुद्री साझेदारी का प्रतीक 23वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण का 23वां अभ्यास कल से शुरू होगा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 2001 में शुरुआत के बाद से, वरुण सहयोग की आधारशिला के रूप में विकसित हुआ है और नौसेना की अंतर-संचालन क्षमता तथा परिचालन तालमेल को बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस वर्ष के संस्करण में समुद्री अभ्यासों, उप-सतह, सतह और वायु क्षेत्रों में जटिल युद्धाभ्यासों की एक रोमांचक श्रृंखला शामिल की गई है। अभ्यास में विमानवाहक पोत विक्रांत और चार्ल्स डी गॉल की संयुक्त भागीदारी, उनके लड़ाकू विमानों, विध्वंसक, फ्रिगेट और एक भारतीय स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी के साथ, दोनों नौसेनाओं की सहयोगी ताकत देखने को मिलेगी। वरुण-2025 में उन्नत वायु रक्षा अभ्यास और लड़ाकू अभ्यास किए जाएंगे, जिसमें फ्रांसीसी राफेल-एम और भारतीय मिग-29के बीच कृत्रिम मुकाबला शामिल है। इसे सामरिक और परिचालन क्षमताओं को परिष्कृत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास पानी के नीचे के क्षेत्र में जागरूकता में कठोर प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जबकि सतह पर युद्ध संचालन भारतीय और फ्रांसीसी बेड़े द्वारा समन्वित युद्धाभ्यास और जुड़ाव का प्रदर्शन करेगा। समुद्री गश्ती विमान परिस्थितिजन्य जागरूकता को बढ़ाएंगे, और समुद्र में पुनः पूर्ति अभ्यास रसद सहयोग को मजबूत करेंगे। यह सहयोग एक स्वतंत्र, खुले और सुरक्षित समुद्री वातावरण की सुरक्षा के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। सर्वोत्तम प्रथाओं और आपसी समझ के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर, यह अभ्यास इन दोनों देशों की सबसे जटिल समुद्री परिदृश्यों में भी निर्बाध रूप से संचालन करने की क्षमता की पुष्टि करता है।

# आखिरी बार 2013 में भारत आईं थीं सुनीता




## सुनीता और बुच विल्मोर ने ट्रम्प और एलन मस्क का जताया आभार

**फ्लोरिडा।** नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया है। मस्क द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में सुनीता ने कहा, हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना वे योजनाएं न बनाएं। हम जल्द ही वापस आ जाएंगे। बुच विलमोर ने कहा, हम सभी मस्क के प्रति अत्यंत सम्मान रखते हैं और जाहिर तौर पर हमारे राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति भी सम्मान और प्रशंसा रखते हुए हम उनकी सराहना करते हैं।

**नई दिल्ली।** सुनीता विलियम्स का भारत से खास नाता रहा है। सुनीता अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन उनकी जड़ें भारत में हैं। सुनीता विलियम्स के पिता डॉ दीपक पंड्या गुजराती मूल के भारतीय-अमे. रिकी डॉक्टर थे। उनकी मां बोनी पंड्या यूरोप के स्लोवाकिया से थीं। सुनीता दो बार भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। वह आखिरी बार 2013 में भारत आईं थीं। सुनीता दौरे पर कोलकाता गई थीं। उनसे ईश्वर या किसी अज्ञात शक्ति के अस्तित्व के बारे में उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अंतरिक्ष में कुछ अज्ञात है। वह नई दिल्ली भी गई थीं। उन्होंने नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से मुलाकात की थी और अपने अनुभव साझा करने को कहा था। साथ ही सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया था। सुनीता गुजरात में मेहसाणा के झूलासन स्थित अपने पैतृक गांव भी गई थीं। उनके पिता डॉ. दीपक पंड्या इसी गांव से थे और अमेरिका जाने से पहले 1950 के दशक के अंत में अहमदाबाद के वाडीलाल साराभाई अस्पताल में डॉक्टर थे। सुनीता लोगों के साथ नोट्स का आदान-प्रदान करते हुए बहुत खुश थीं। गांव के बच्चों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसे सुनीता ने गौर से देखा।

# नीदरलैंड पाक को हथियार सप्लाई न करे: राजनाथ

## नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद रक्षा मंत्री ने कहा: दक्षिण एशिया की शांति को खतरा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ रक्षा साझेदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए तत्पर है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद यह बात कही। इस दौरान उन्होंने अपील की कि नीदरलैंड्स पाकिस्तान को डिफेंस इक्विपमेंट या तकनीकी सहायता न दे। राजनाथ सिंह का कहना था कि पाकिस्तान को हथियार और टेक्निकल सहायता देना दक्षिण एशिया में शांति सुरक्षा को कमजोर करता है।

नीदरलैंड्स ने पाकिस्तान कुछ समय पहले माइन-हंटर्स दिए थे। इसके अलावा नीदरलैंड्स के डेमन शिपयार्ड से पाकिस्तान 1,900 टन के मल्टीरोल वाले पाकिस्तान को अक्फ़शोर पेट्रोल वेसेल की सप्लाई भी कर रहा है। कई डच कंपनियां मिलिट्री के क्षेत्र में, खासकर नौसेना के क्षेत्र में पाकिस्तान के साथ बातचीत कर रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा , नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और भी गहरा और उन्नत करने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक और एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ शामिल थी।

इस बीच रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिन्द प्रशांत और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी और मानकों को एक दूसरे का पूरक बनाया जा सके। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।


जॉब अलर्ट
NOW HIRING : YOUR FUTURE AWAITS...

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर www.shahtimesnews.com

**आवश्यकता है।**
पद : एकाउन्टेंट
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी एकाउन्टेंट की आवश्यकता है जिसे जी0एस0टी0 का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कॉमर्स क्षेत्र में स्नातक की डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : कम्प्यूटर ऑपरेटर/सब-एडिटर
स्थान : मुजफ्फरनगर
नौकरी का प्रकार : पूर्ण कालिक
नौकरी का विवरण: एक कुशल एवं अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर/ सब-एडिटर की आवश्यकता है जिसे कम्प्यूटर का पूर्ण ज्ञान हो, तथा कम से कम दो वर्षो का अनुभव हो।
योग्यता : कम्प्यूटर में डिप्लोमा / डिग्री
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
मौ0 आसिफ : 9837515048
Email:- shahtimes0105@gmail.com

**आवश्यकता है।**
पद : महिला रसोइया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: हम एक कुशल और स्वच्छ महिला रसोइया की तलाश कर रहे हैं, जो विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे मुगलाई, कॉन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन डिशेज तैयार कर सके। आदर्श उम्मीदवार को खाना बनाने का जुनून होना चाहिए और एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित रसोईघर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- मुगलाई, कश्नन्टिनेंटल, और अन्य मल्टी-कुजीन व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न डिशेज तैयार करना।
- स्वच्छता मानकों के अनुसार खाद्य पदार्थों की तैयारी।
- रसोई को साफ और अच्छी तरह से बनाए रखना।
- दैनिक खाना पकाने के लिए मेनू की योजना बनाना।
- खाना पकाने के समय का प्रबंधन करना।
योग्यताएँ:
- रसोइया के रूप में सिद्ध अनुभव, विशेष रूप से मुगलाई और कॉन्टिनेंटल व्यंजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए।
- खाद्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का मजबूत ज्ञान।
- स्वतंत्र रूप से और कुशलता से काम करने की क्षमता।
कार्य समय:
- समय: सुबह 9:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक

सहायक प्रबंधक : प्रिंट मीडिया
स्थान : मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण: सहायक प्रबंधक के रूप में, आप प्रबंधन टीम का समर्थन करेंगे और क्षेत्रीय संचालन की देखरेख करेंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ:
- क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ दैनिक गतिविधियों में सहायता करना।
- स्टाफ की देखरेख और मार्गदर्शन करना, सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना।
- टीम के प्रदर्शन की निगरानी करना और सुधार के लिए रणनीतियाँ लागू करना।
योग्यताएँ:
- व्यवसाय प्रबंधन या संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
- प्रबंधन भूमिका में न्यूनतम 2 साल का अनुभव।

पद : मार्केटिंग एजेंट
स्थान : दिल्ली
नौकरी का प्रकार : पूर्णकालिक
नौकरी का विवरण:
मार्केटिंग एजेंट के रूप में, आप हमारे उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करेंगे, ग्राहक संबंध बनाएंगे, और बिक्री वृद्धि को बढ़ावा देंगे।
प्रमुख जिम्मेदारियाँ :
- बाजार अनुसंधान करना और संभावित ग्राहकों की पहचान करना।
- ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित और बनाए रखना।
- मार्केटिंग अभियानों के विकास और निष्पादन में सहायता करना।
योग्यताएँ:
- मार्केटिंग या व्यवसाय में स्नातक की डिग्री।
- बिक्री या मार्केटिंग में पूर्व अनुभव वांछनीय है।
कैसे आवेदन करें:
इच्छुक उम्मीदवार अपने रिज़्यूमे और कवर पत्र भेजें:
शाह आलम : 80772 43100
Email:- shahtimes0105@gmail.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499